सूर्योदय : 6:42
सूर्यास्त : 6:00
अधिकतम तापमान : 30
न्यूनतम : 16

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-239 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 18 फरवरी 2026
29 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# भारत और फ्रांस के संबंध बहुत ही विशेष

■ इमैनुएल मैक्रों के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले प्रधानमंत्री मोदी



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस को भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक बताते हुए मंगलवार को कहा कि इस विश्वास को आगे बढाने के लिए दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी में बदलने का निर्णय लिया है जिसके तहत दोनों देशों की साझेदारी में भारत में हेलिकॉप्टर इकाई का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस ने लोगों और कंपनियों को दोहरे कराधान से बचाने के लिए भी समझौता किया है।

इसके साथ ही भारत-फ्रांस स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई सेंटर और डिजिटल विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी केन्द्र की शुरूआत करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत-फ्रांस एरोनॉटिक्स क्षेत्र में कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र भी शुरू करेंगे। उन्होंने दुनिया में अनिश्चिता के दौर में भारत-फ्रांस साझेदारी को वैश्विक स्थिरता के लिए एक ताकत बताया। मोदी ने यहां फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ शिष्टमंडल स्तर और द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में ये घोषणाएं कीं। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फ्रांस के संबंध बहुत ही विशेष हैं।

फ्रांस भारत के सबसे पुराने साझेदारों में से एक है और राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा दी है। उन्होंने कहा कि इसी विश्वास और साझा विजन के आधार पर दोनों देश अपने संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

दोनों देशों की साझेदारी में भारत में हेलिकॉप्टर इकाई के उद्घाटन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा , हमें गर्व है कि, भारत और फ्रांस मिलकर, माउंट एवरेस्ट की ऊँचाइयों तक उड़ान भरने वाला, विश्व का एकमात्र हेलिकॉप्टर भारत में बनाएंगे और पूरे विश्व को निर्यात करेंगे यानि भारत और फ्रांस के बीच साझेदारी की कोई सीमा नहीं है यह महासागर की गहराई से लेकर उंची चोटी तक पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष भारत और यूरोप के संबंधों में एक निर्णायक मोड़ है और इस वर्ष हमने यूरोपीय संघ के साथ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और मुक्त व्यापार समझौता किया। उन्होंने कहा कि आपसी निवेश को बढावा देने के लिए आज हम समझौता कर रहे हैं जिससे हमारे लोगों और कंपनियों को दोहरा कर न देना पड़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सभी पहलों से निवेश, व्यापार तथा आवागमन को नयी ऊर्जा मिलेगी।

## मैक्रों को पसंद आई मुंबई, फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने सुबह मरीन ड्राइव पर जॉगिंग भी की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय वार्ता से पहले हुई मुलाकात को शानदार बताते हुए कहा कि मैक्रों को फिल्म नगरी पसंद आई है और उन्होंने सुबह-सुबह जॉगिंग का भी मजा लिया। पीएम मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि फ्रांस के राष्ट्रपति और मित्र मैक्रों से मिलकर काफी खुशी हुई और उन्हें मुंबई वास्तव में ही बेहद पसंद आई। उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें शहर पसंद आया और उन्होंने सुबह दौड़ का भी मजा लिया। उल्लेखनीय है कि सोमवार देर रात मुंबई पहुंचे मैक्रों ने मंगलवार सुबह यहां अपनी व्यस्त दिनचर्या की शुरुआत मुंबई की बेहद मशहूर 'मरीन ड्राइव' पर सुबह की सैर के साथ की। फ्रांसीसी नेता, 17 से 19 फरवरी तक की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर यहां आए हुए हैं। मरीन ड्राइव पर सुबह-सुबह टहलने वालों ने पहले तो फ्रांसीसी राष्ट्रपति को नहीं पहचाना। लेकिन जब यह खबर फैली तो कई दर्शक इस क्षण को अपने मोबाइल में कैद करने लगे।

# जल्द ही लांच करेंगे एआई मिशन 2.0

■ एआई इंपैक्ट समिट में बोले अश्विनी वैष्णव
■ दुनियाभर के लिए एआई मॉडल का बुके बनेगा भारत



**नई दिल्ली।** देश के साथ पूरी दुनिया को मुफ्त में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े विभिन्न सोल्यूशन भारत मुहैया कराने जा रहा है। नई दिल्ली में आयोजित दुनिया के सबसे बड़े एआई इंपैक्ट समिट 2026 में मंगलवार को इलेक्ट्रानिक्स व आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि हम जल्द ही एआई मिशन 2.0 लांच करने जा रहे हैं जिनमें कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्किलिंग, एमएसएमई जैसे कई सेक्टर के मॉडल होंगे और भारत की विभिन्न भाषाओं में होंगे। यह बुके यूपीआई प्लेटफार्म की तरह होगा जिन पर सारे सोल्यूशन उपलब्ध होंगे और जरूरत के हिसाब से उसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

हमारा उद्देश्य है कि छोटे उद्यमियों के साथ, किसान, छात्र, महिला, युवा सभी को उनकी जरूरत के मुताबिक एआई की सुविधा मुफ्त में मिल सके। भारत का यह माडल भरोसेमंद होगा। वैष्णव ने बताया कि एआई के सेक्टर अगले कुछ वर्षों में 200 अरब डालर का निवेश भी होने जा रहा है। एआई इंपैक्ट समिट में भारत यह भी प्रयास कर रहा है कि दुनिया के सभी देशों के बीच एआई के सकारात्मक इस्तेमाल को लेकर सहमति बनाई जाए।

नेटफ्लिक्स व अन्य ओटीटी को भारतीय संस्कृति का अनुसरण करना ही होगा नेटफ्लिक्स व अन्य ओटीटी प्लेटफार्म को कंटेंट बनाने के दौरान भारत की संस्कृति का भी ख्याल रखना होगा। वैष्णव ने कहा कि कई ऐसी चीजें हैं जो एक देश में स्वीकार्य है लेकिन वहीं चीज दूसरे में वर्जित है। ओटीटी प्लेटफार्म को किसी भी विदेशी सोशल मीडिया प्लेटफार्म को भारत के वैधानिक फ्रेमवर्क से जुड़े नियमों का अनुसरण करना ही पड़ेगा। डीपफेक वीडियो पर और सख्ती की जरूरत है। इस बारे में हम इंडस्ट्री के साथ संवाद कर रहे हैं।

## 2.5 लाख से अधिक बच्चों से बात

भारत इस दिशा में अपना प्रयास शुरू कर चुका है और पिछले दो दिनों में 2.5 लाख से अधिक बच्चों ने इस बात की शपथ ली है कि वे एआई का गलत इस्तेमाल नहीं करेंगे। स्कूल के पाठ्यक्रम में एआई को शामिल किया जा रहा है ताकि बच्चे एआई की अच्छाई और बुराई दोनों को जान सके। एआई सेक्टर में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए भारत इससे जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर भी पूरा फोकस कर रहा है। इनमें मुख्य रूप से क्लीन एनर्जी की उपलब्धता है। एआई इंपैक्ट समिट में भारत दुनिया के सभी देशों के लिए एआई की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर एक सहमति पत्र तैयार कर रहा है।

## माघ मेले में रेलवे ने बनाया रिकॉर्ड, 1000 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलीं

**प्रयागराज।** प्रदेश के प्रयागराज में संपन्न हुए माघ मेले के दौरान भारतीय रेलवे ने संचालन का नया रिकॉर्ड स्थापित किया। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मेला अवधि में 22 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

इस विशाल भीड़ के सुगम आवागमन के लिए रेलवे ने पहली बार 1000 से अधिक स्पेशल ट्रेनें संचालित कीं। दो जनवरी से 15 फरवरी तक कुल 1067 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। इससे पहले स्पेशल ट्रेनों की संख्या 400 के पार नहीं पहुंची थी। स्पेशल और नियमित ट्रेनों को मिलाकर कुल 9135 ट्रेनों का संचालन हुआ, जिनमें 8068 नियमित और 1067 स्पेशल ट्रेनें शामिल रहीं।

# देश राहुल गांधी और अखिलेश यादव को गंभीरता से नहीं लेता : सीएम योगी

■ अखिलेश संघ की शाखाओं में जाएंगे तो जल्दी जागना सीख जाएंगे



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिसकी जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि। इन लोगों को कोई नहीं समझा सकता, इनकी दृष्टि देश व प्रदेश के लिए हमेशा नकारात्मक रही है। राहुल गांधी को देश और अखिलेश यादव को यूपी गंभीरता से नहीं लेता। कांग्रेस किसी को भी नेता प्रतिपक्ष बना सकती थी। सोनिया जी का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इसलिए परिवारवादी पार्टी ने राहुल जी को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी। जब जहाज डूबता है तो कैप्टन भी वही व्यक्ति बनता है, जो उसे आसानी से डुबो सके, इसलिए राहुल को कैप्टन बनाया गया।

मुख्यमंत्री मंगलवार को एक निजी चैनल के कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव को संघ की शाखाओं में जाकर सामान्य आचार व नियमों की जानकारी लेनी चाहिए। अखिलेश यादव 12 बजे सोकर उठते हैं, वे संघ की शाखा में जाएंगे तो जल्दी जगने की आदत हो जाएगी। समय पर जागेंगे तो यह उनके हित में होगा और जिस पारिवारिक पार्टी को लेकर चल रहे हैं, उसका भी नाम बना रहेगा। सीएम योगी ने वंदे मातरम के जिक्र पर कहा कि यह राष्ट्रगीत है, यह आजादी का मंत्र रहा है। इस गीत को गाते-गाते क्रांतिकारियों ने फांसी के फंदे को चूमने में संकोच नहीं किया। राष्ट्र प्रतीकों का अपमान संविधान निर्माताओं, बाबा साहेब व क्रांतिकारियों का अपमान है। राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान व तिरंगा का अपमान राष्ट्रद्रोह है, जिसे भारत स्वीकार नहीं करेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए आगे आने की सलाह दी है। इटावा में निर्माणाधीन केदारेश्वर मंदिर के संभावित निमंत्रण पर उन्होंने कहा कि यदि अखिलेश यादव शुद्ध नीयत से यह मंदिर बनवाते तो मैं अवश्य जाता, लेकिन नीयत साफ नहीं है। फिर भी मैं उनको बधाई दूंगा कि देर आए-दुरुस्त आए, आखिर मंदिर बनवा रहे हैं। अब वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि के लिए भी आगे आएं, लोग प्रशंसा करेंगे। इस मौके पर सीएम योगी ने साफ शब्दों में ऐलान किया कि 2022 से अधिक सीटें पाकर 2027 में डबल इंजन की भाजपा सरकार फिर सत्ता में आएगी।

एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी को उसकी पहचान वापस दिलाना सबसे बड़ा अचीवमेंट है। यूपी का नौजवान अब पहचान का मोहताज नहीं। किसान खुशहाल है और श्रमिक स्वावलंबन के साथ अपने जनपद-क्षेत्र में रोजगार प्राप्त कर रहा है। महिलाएं सुरक्षित हैं और यूपी आर्थिक उन्नति के नित नए सोपान प्राप्त कर रहा है।

सीएम ने कहा कि सोमनाथ मंदिर को अपवित्र करने वाले और अयोध्या में श्रीराम मंदिर पर पहला आतंकी हमला करने वाले गाजी को उसके पापों की सजा महाराज सुहेलदेव ने दी थी। लेकिन सपा के लोग महाराज सुहेलदेव का गुणगान करने के बजाय गाजी का नाम लेते हैं, उसका मेला लगाते हैं। ये लोग महाराज सुहेलदेव के स्मारक का विरोध करते हैं।

## 2027 में फिर बनेगी भाजपा नेतृत्व की सरकार

सीएम योगी ने कहा कि 2027 को लेकर कोई शक नहीं है। 2022 से अधिक सीट मिलेंगी और 2027 में फिर भाजपा नेतृत्व की डबल इंजन सरकार बनेगी। डबल इंजन सरकार ने यूपी को ट्रिपल-टी (टेक्नोलॉजी, ट्रस्ट व ट्रांसफॉर्मेशन) से जोड़ा है और वह 2027 में धूम-धड़ाके के साथ फिर से आएगी। कांग्रेस व राजद की जो दुर्गति बिहार में हुई है, 2027 में वही दुर्गति कांग्रेस व सपा की उत्तर प्रदेश में तय है। सीएम ने मीडियाकर्मियों से कहा कि आप सभी 75 जनपदों, 403 विधानसभा क्षेत्रों में जाइए, आम जनता वर्तमान सरकार की वकालत करती नजर आएगी। यही रामराज्य है। बिना भेदभाव हर तबके को उसका हक प्राप्त हो रहा है।

## एआई इम्पैक्ट समिट में डिवाइस चोरी, सीईओ ने दर्ज कराई एफआईआर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में चोरी का मामला सामने आया है। नियो सेपियंस के सीईओ धनंजय यादव ने तिलक मार्ग स्थित थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर सीसीटीवी के जरिए चोरी करने वाले संदिग्ध की तलाश कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द संदिग्ध पकड़ लिया जाएगा।

धनंजय ने कहा कि वीवीआईपी मूवमेंट से जुड़े सिक्योरिटी लॉकडाउन के दौरान भारत मंडपम के अंदर उनकी कंपनी के एआई डिवाइस चोरी हो गए। धनंजय ने एक्स पर लिखा, एआई इम्पैक्ट समिट का पहला दिन हमारे लिए बहुत मुश्किल रहा। उन्होंने आगे कहा कि वह बड़े उत्साह के साथ आए थे क्योंकि यह समिट पहली बार इंडिया में आयोजित किया जा रहा था।

# अभिनेता राजपाल यादव रिहा

■ समर्थन के लिए देशवासियों का जताया आभार



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा चेक बाउंस मामलों में अस्थायी रिहाई की अनुमति दिए जाने के बाद अभिनेता राजपाल यादव मंगलवार शाम तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। सूत्रों के मुताबिक, सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद राजपाल यादव शाम करीब 4:50 बजे तिहाड़ जेल से बाहर निकले। शिकायतकर्ता को डेढ़ करोड़ रुपये दिए जाने के बाद उन्हें राहत दी गई।

राजपाल यादव ने कहा, 2027 में, मैं बॉलीवुड में काम करते हुए 30 साल पूरे कर लूंगा। सभी लोग मेरे साथ रहे हैं। इसीलिए मैं 200-250 फिल्म कर सका। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने हमेशा उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन किया है और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जब भी आवश्यकता होगी वह उपलब्ध रहेंगे। राजपाल ने कहा, उन्हें पूरे देश के लोगों का प्यार एवं समर्थन प्राप्त है, और अगर कोई आरोप लगते हैं, तो वह पूरी तरह से और पारदर्शी तरीके से जवाब देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, अगर किसी को कानूनी जानकारी चाहिए तो वे मेरे वकील से बात कर सकते हैं।

# थानेदार हमारा फोन नहीं उठाते : नेता प्रतिपक्ष

■ यूपी विधानसभा में माता प्रसाद पांडेय का छलका दर्द



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र 2026 के दौरान नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने थाना स्तर के पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता ने सदन में अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एक बार तो जिले के एसपी फोन उठा लेते हैं, लेकिन थानेदार को फोन करने पर वह नहीं उठाता है। मामले में उन्होंने सरकार से इस संबंध में आदेश जारी किए जाने की बात कही। पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली पर पिछले दिनों भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों की ओर से भी सवाल उठाए गए थे। अब माता प्रसाद पांडेय की ओर से मामला उठाए जाने के बाद मसले पर चर्चा शुरू हो गई है।

यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली को सवालों को घेरे में खड़ा किया। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से सदन में लिए गए निर्णय को निचले स्तर पर पहुंचाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सदन में जब अधिकारियों के फोन उठाए जाने की बात कही जाती है तो इस तरह के निर्णय को निचले स्तर पर आप पहुंचा दें। वे कम से कम टेलीफोन तो उठा लिया करें। माता प्रसाद पांडेय ने अपनी पीड़ा जताते हुए कहा कि हम लोग उधर टेलीफोन करते हैं तो थानेदार तो कभी उठाता ही नहीं है। एसपी अगर कभी सुन भी लेते हैं, थानेदार को फुर्सत ही नहीं है टेलीफोन उठाने की। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग थानों में बैठ कर दलाली करेंगे, लेकिन टेलीफोन नहीं उठाएंगे।

## संसदीय कार्य मंत्री से अनुरोध

नेता प्रतिपक्ष ने निचले स्तर के अधिकारयों को जन प्रतिनिधियों का फोन उठाने संबंधी निर्देश की जानकारी दिए जाने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि मैंने इसीलिए यह मामला उठाया है, ताकि व्यवस्था का मामला बना रहे। सदन की ओर से अगर व्यवस्था दी गई है और कोई अधिकारी इसे तोड़ रहा है तो वह सदन की अवमानना होगी। कार्यपालिका को भी इस बात को मानना चाहिए कि वह व्यवस्था का अंग हैं।

# कांग्रेस का हल्ला बोल, पुलिस से भिड़े



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान जब यूपी कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शिव पांडेय बैरिकेडिंग पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, तभी उन्हें ऊपर चढ़ाने के लिए पार्टी के एक कार्यकर्ता ने अपने चेहरे पर जूते के सोल को भी सह लिया है। दरअसल, मनरेगा के हक के लिए कांग्रेस पार्टी ने लखनऊ में जोरदार प्रदर्शन किया है। कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ लखनऊ की सड़कों पर कांग्रेस का सैलाब उमड़ा था।

**बदलाव** राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने अपराह्न 4.15 बजे शपथ दिलाई

# तारिक रहमान बने बांग्लादेश के 11वें प्रधानमंत्री

■ मंत्रिमंडल में 25 पूर्ण कैबिनेट मंत्री और 24 राज्य मंत्री होंगे



**ढाका।** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष और 17 साल के निर्वासन के बाद स्वदेश लौटे तारिक रहमान ने मंगलवार को बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने उन्हें अपराह्न 4.15 बजे शपथ दिलाई। तारिक रहमान बांग्लादेश के 11वें प्रधानमंत्री हैं। जुलाई 2025 में प्रधानमंत्री शेख हसीना सरकार के गिरने के बाद मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश सरकार के सलाहकार के तौर पर देश संभाल रहे थे। मोहम्मद यूनुस की देखरेख में करीब आठ महीने चले शासन के बाद 12 फरवरी 2026 को बांग्लादेश के आम चुनाव हुए। बीएनपी ने इन चुनावों में 299 में से 209 सीटें जीतकर कर इतिहास बना दिया।

इससे पहले तारिक रहमान को मंगलवार को पार्टी संसदीय दल का नेता चुना गया। पार्टी अधिकारियों ने बताया कि उनके कैबिनेट में 49 सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। तारिक रहमान को चुनने का निर्णय पूर्वाह्न 11:30 बजे के बाद नवनिर्वाचित बीएनपी सांसदों की बैठक में लिया गया। यह बैठक उनके सांसद के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद संसदीय दल के कक्ष में हुई।

सूत्रों ने कहा कि तारिक रहमान के नेतृत्व में मंत्रिमंडल का आकार बड़ा होगा, जिसमें 25 पूर्ण कैबिनेट मंत्री और 24 राज्य मंत्री होंगे। पूर्ण कैबिनेट रैंक पाने वालों में मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, अमीर खुसरू महमूद चौधरी, सलाहुद्दीन अहमद, इकबाल हसन महमूद, मेजर (सेवानिवृत्त) हाफिज उद्दीन अहमद बीर बिक्रम, अबू जफर मोहम्मद जाहिद हुसैन, डॉ. खलीलुर रहमान, अफरोजा खानम रीता और निताई रॉय चौधरी शामिल होंगे। इससे पहले सुबह, बीएनपी सांसदों को मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिरउद्दीन ने बंगलादेश राष्ट्रीय संसद के साउथ प्लाजा में शपथ दिलाई। यह उन संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप है जो अध्यक्ष या उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में चुनाव प्रमुख को यह जिम्मेदारी सौंपते हैं। तारिक रहमान (60) पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के पुत्र हैं। सत्रह साल के स्वनिर्वासन के बाद तारिक रहमान के बांग्लादेश लौटने के कुछ समय बाद ही उनकी मां का दिसंबर 2025 में निधन हो गया था। गौरतलब है कि 1981 में एक सैन्य तख्तापलट के दौरान जियाउर रहमान की हत्या कर दी गई थी।

## ओम बिरला ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

**ढाका।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला मंगलवार को ढाका में नई चुनी हुई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए बांग्लादेश पहुंचे। शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए मुख्य सलाहकार यूनुस के न्योते पर दुनिया के अन्य देशों के नेता भी बांग्लादेश पहुंचे हैं। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से एक बयान में कहा गया, इस जरूरी इवेंट में स्पीकर का शामिल होना भारत और बांग्लादेश के लोगों के बीच दोस्ती को दिखाता है, जो हमारे दोनों देशों को जोड़ने वाले लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति भारत के कमिटमेंट को पक्का करता है। एक जैसे इतिहास, संस्कृति और आपसी सम्मान से जुड़े पड़ोसियों के तौर पर, भारत रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश में चुनी हुई सरकार के आने का स्वागत करता है।

# कानून सभी को मानना चाहिए, यदि गलत है तो बदलने का उपाय भी है

■ यूजीसी के नए नियम पर संघ प्रमुख मोहन भागवत का बड़ा बयान



**लखनऊ।** यूजीसी के समता संवर्धन कानून को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि कानून सभी को मानना चाहिए। यदि कानून गलत है तो बदलने का उपाय भी है। जातियां झगड़े का कारण नहीं बनना चाहिए। समाज में अपनेपन का भाव होगा तो इस तरह की समस्या नहीं होगी।

मंगलवार को लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सामाजिक सद्भाव बैठक में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि जो नीचे गिरे हैं, उन्हें झुक कर ऊपर उठाना पड़ेगा। सभी अपने हैं, यह भाव मन में होना चाहिए। संघर्ष से नहीं, समन्वय से दुनिया आगे बढ़ती है। एक को दबाकर दूसरे को खड़ा करने का भाव नहीं होना चाहिए। डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हिंदू समाज को संगठित और सशक्त होने की आवश्यकता है। हमको किसी से खतरा नहीं है, लेकिन सावधान रहना है। हिंदुओं की घटती जनसंख्या पर चिंता जताते हुए उन्होंने लालच और जबरदस्ती हो रहे मतांतरण पर रोक लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जो लोग हिंदू धर्म में लौटें, उनका ध्यान भी हमें रखना होगा। सर संघचालक ने कहा कि विवाह का उद्देश्य सृष्टि आगे चले, यह होना चाहिए, वासना पूर्ति नहीं।

## कम बच्चे वाला समाज भविष्य में समाप्त हो जाता है

बढ़ती घुसपैठ पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करना होगा। उन्हें रोजगार नहीं देना है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए। वैज्ञानिकों के हवाले से उन्होंने कहा कि जिस समाज में औसतन तीन से कम बच्चे होते हैं, वह समाज भविष्य में समाप्त हो जाता है। यह बात हमारे परिवारों में नव दंपतियों को बताई जानी चाहिए।

# डीएम ने कम उपस्थिति पर फटकार, बेहतर प्रदर्शन पर प्रशंसा पत्र के निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के परिषदीय स्कूलों में मंगलवार को उस वक्त हलचल मच गई, जब डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल अचानक विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के विद्यालयों में पहुंच गईं। प्राथमिक विद्यालय कुंवरापुर से लेकर संविलियन विद्यालय सांडा, प्राथमिक विद्यालय सकरन, सैदापुर और आंगनबाड़ी केंद्र अंजनापुर व हजरतपुर तक डीएम ने पठन-पाठन, साफ-सफाई, उपस्थिति और व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की।

कुंवरापुर में डीएम ने उपस्थिति पंजिका खुद चेक कर बच्चों की गिनती करवाई। हैंडवॉश यूनिट, शौचालय की स्थिति और दूध-फल वितरण की हकीकत जानी। बच्चों से सवाल पूछकर उनका अधिगम स्तर परखा और स्पष्ट कहा कि रीडिंग स्किल मजबूत होगी तो नींव मजबूत होगी संविलियन विद्यालय सांडा में स्मार्ट क्लास की हकीकत देखी, मिड-डे मील की गुणवत्ता जांची और कक्षा चार की छात्रा सौम्या से गणित के सवाल हल करवाए। बेहतर शिक्षण व्यवस्था पर प्रधानाध्यापिका सुषमा देवी को प्रशंसा पत्र देने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र अंजनापुर में पोषण ट्रैकर एप की प्रविष्टियां क्रॉस चेक कीं प्राथमिक विद्यालय सकरन में 154 के सापेक्ष महज 64 बच्चे उपस्थित मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताई। ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि सर्वाधिक उपस्थिति वाले 10 बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित करें और कम उपस्थिति वाले बच्चों के घर-घर जाकर संपर्क करें। बीएसए को पूरे जनपद में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित करने के निर्देश दिए डीएम ने प्राथमिक विद्यालय सैदापुर में कक्षा दो और तीन के बच्चों के अधिगम स्तर का जायजा लिया। बच्चों का प्रदर्शन अपेक्षित स्तर पर न होने पर डीएम ने तत्काल कदम उठाते हुए हेडमास्टर आयशा और शिक्षिका मंजू से स्पष्टीकरण तलब किया। डीएम ने स्पष्ट किया कि बच्चों की पढ़ाई और अधिगम स्तर में कोई भी कमी प्रशासन के लिए गंभीर है।

उन्होंने हेडमास्टर और शिक्षिका को निर्देश दिए कि बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार के लिए त्वरित और ठोस उपाय किए जाएँ। साथ ही, नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने और शिक्षण विधियों में सुधार के लिए जरूरी कदम उठाने का भी आदेश दिया।

## लघु शिविर में 58 लोगों के आयुष्मान कार्ड एवं 115 लोगों के आभा आईडी 62 ब्लड जांच कराकर किया गया लाभान्वित



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष शिवकुमार सिंह के आदेशानुसार दिनांक 22-02 -2026 को आयोजित होने होने वाले मेगा/ बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के आयोजन के पूर्व लघु विधिक साक्षरता शिविर लगाएं जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं इसके संबंध में 17-2 -2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद् फरधान खीरी में लघु शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार कुशवाहा अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/ सचिव के द्वारा बताया गया कि आज लघु शिविर में उपस्थित आम जनमानस के 58 लोगों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी 115 लोगों के 62 ब्लड जांच कराकर लाभान्वित किया गया है इसके साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा यह भी बताया गया कि जनपद के समस्त सरकारी विभागों द्वारा दिनांक 22- 2 -2026 को राजकीय प्रशिक्षण संस्थान राजापुर खीरी के ऑडिटोरियम परिसर के माध्यम से स्टॉल लगाकर लोगों को लाभान्वित एवं जागरूक किया जाएगा उक्त मेगा शिविर का उद्देश्य है कि जनपद के निर्धन वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चों, किसानों महिलाओं, श्रमिकों अनुसूचित जाति एवं आमजन मानस को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूक करना तथा उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है।

## 22 फरवरी को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में शिवोत्सव का किया जाएगा आयोजन

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** छोटी काशी कॉरिडोर की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 22 फरवरी रविवार को शिव मंदिर में छोटी काशी शिवोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आस्था, परंपरा, संकल्प और विकास का प्रतीक होगा, जो नगर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक चेतना को नई गति प्रदान करेगा। विधायक अमन गिरि ने नगर के प्रत्येक नागरिक से भावपूर्ण आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। उनका कहना है कि छोटी काशी कॉरिडोर का एक वर्ष पूर्ण होना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यह परियोजना आने वाले समय में गोला गोकर्णनाथ को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी कार्यक्रम के तहत 22 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे नीलकंठ मैदान से पालकी यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सभी पुरुष भक्त धोती व अंगवस्त्र तथा महिलाएं पारंपरिक साड़ी में सहभागिता करेंगी। सायं 7 बजे तीर्थ परिसर में भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें इंडियन आइडल के सहभागी गायक हेमंत बृजवासी अपनी प्रस्तुति देंगे।

## बाघ ने गाय को बनाया अपना शिकार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** गन्ने के खेत से निकले बाघ ने एक गाय को अपना शिकार बना लिया। हालांकि खेत सड़क के किनारे होने के चलते देखने वाले लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। संपूर्णानगर वन रेंज के अंतर्गत हजारा क्षेत्र के रामनगर रोड पर भरतपुर के निकट सड़क के किनारे ही गन्ने के खेत से निकले बाघ ने एक गाय को निवाला बना लिया। उसे गन्ने के खेत के बाहर लेकर बैठा रहा। जिसे लोगों में डर का माहौल बना हुआ हैं। सड़के कनारे खेत में बैठे बाघ को देखने वालों की भीड़ जुट गई बताते चलें कि पिछले कई माह से बाघ की चहलकदमी खेतों में बनी हुई है। कई बार बाघ को पिंजरा लगाकर पकड़ने का प्रयास भी किया गया। लेकिन वन विभाग को बाघ पकड़ने में सफलता नहीं मिली। बाघ की चहल कदमी के चलते आसपास के ग्रामीणों में डर का माहौल है।

## मिट्टी भरी ट्राली के नीचे आने से एक अधेड़ महिला की मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** फरधान थाना क्षेत्र में सैदापुर के मजरा जगदीशपुर में मिटटी भरी ट्राली के नीचे एक अधेड़ महिला के आ जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई । 45 वर्षीय उर्मिला देवी की मौत उस समय हो गई, जब वह अपने घर के बाहर बैठी हुई थी। इसी दौरान मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर उनके ऊपर चढ़ गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना को देखते हुए ट्रैक्टर ड्राइवर ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसके बाद घटना की सूचना से परिवार और आसपास के लोगों में कोहराम मच गया।

## पोक्सो एक्ट मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** थाना उझानी पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट के मामले में एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार थाना उझानी पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 50/26 में विवेचना के दौरान प्रकाश में आए अभियुक्त विजय पुत्र महिपाल को मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया है।पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल बरामद हुहै है। गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

## विकास भवन में आज होगा किसान दिवस का आयोजन

**बदायूं।** (अवधनामा संवाददाता) विकास भवन सभागार में आज किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि आज माह के तृतीय बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषक अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु किसान दिवस में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं।

## डीईओ ने किया राजनीतिक दलों के साथ किया निरीक्षण



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में स्थापित ईवीएम तथा वीवीपीएटी वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया गया। मंगलवार को जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में ईवीएम (इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) व वीवीपीएटी (वोटर वैरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) वेयरहाउस का मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मासिक व त्रैमासिक निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में कक्षों पर लगाई गई सीलो को चेक किया तथा आगंतुक पंजिका पर हस्ताक्षर भी किये।उन्होंने उपस्थित पुलिस कार्मिकों को सजगता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने प्रकाश, साफ सफाई आदि की गई व्यवस्थाओं को भी जांचा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारी व मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि मौजूद रहे।

# अंडरपास को लेकर आज की जाएगी बड़ी पंचायतः राजेश सक्सेना



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** सिक्स लेन रोड पर बहेड़ी के निकट अंडरपास को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप द्वारा बड़ी पंचायत करने का ऐलान किया गया है।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि आज यानि बुधवार को बहेड़ी के निकट सिक्स लेन मार्ग पर अंडरपास को लेकर संगठन द्वारा बड़ी पंचायत की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिक्स लेन मार्ग का निर्माण होना अच्छी बात है,परंतु कई गांव के लोगों को मौत के मुंह में देना गलत बात है। उन्होंने बताया कि इस मांग को लेकर जिला प्रशासन को संगठन द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दे दिया गया है।मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने मांग करते हुए कहा कि फूलपुर

बटुला,जिरौली,गुनौरा बाजिदपुर बहेड़ी कुरूउ मार्ग के पास अंडर पास जरूर बनना चाहिए क्योंकि इन जगहों से दर्जनों गांव के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने कहा कि यहां से ग्रामीण अपने खेतों पर भी जाते हैं। उन्होंने कहा कि सिक्स लेन मार्ग बनने से ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूरी तय करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारे संगठन द्वारा इस समस्या के निदान हेतु कल बुधवार को बहेड़ी पर बड़ी पंचायत की जाएगी इस पंचायत में मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी सौदान सिंह आएंगे। इस पंचायत को सफल बनाने के लिए श्री सक्सेना द्वारा मंगलवार को कई गांवों में पहुंचकर पंचायत में आने का आवाह्न किया गया है।

## जिला जज ने किया विधिक सेवा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना

(अवधनामा संवाददाता)

**बदायूं।** जनपद के सुदूर इलाकों में न्याय की अलख जगाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष,जनपद न्यायाधीश द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद विधिक सेवा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर दिया गया। प्राधिकरण की सचिव (पूर्णकालिक) कोमल श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विवेक संगल द्वारा बुधवार को सभी न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना एवं पुष्प अर्पित करने के बाद जनपद न्यायालय परिसर से बहु उपयोगी विधिक सेवा वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि इस गतिशील वाहन के माध्यम से अब लोग घर बैठे यह जान सकेंगे कि संकट के समय कानून किस तरह उनके ढाल बन सकता है और वह प्राधिकरण की सेवाओं का लाभ कैसे प्राप्त कर सकते हैं।

# एबेकस व वैदिक गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** ब्रेन बूस्टेबल के तत्वाधान में आयोजित एबेकस एवं वैदिक गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उनकी हौंसला अफजाही की गई।

गागलहेड़ी स्थित मोन्ट फोर्ट स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में तीन वर्गों में प्राइमरी, सीनियर प्राइमरी तथा जूनियर ने भाग लिया। प्रत्येक वर्ग में पाँच-पाँच टीमों का गठन कर उनके नाम महान गणितज्ञों, आर्यभट्ट, रामानुजन, भास्कराचार्य, श्रीधराचार्य व ब्रह्मगुप्त के नाम पर रखे गए। प्राइमरी वर्ग में प्रथम स्थान आर्यभट्ट टीम ने, द्वितीय स्थान भास्कराचार्य टीम ने तथा तृतीय स्थान ब्रह्मगुप्त टीम ने प्राप्त किया। जबकि सीनियर प्राइमरी वर्ग में प्रथम स्थान आर्यभट्ट टीम, द्वितीय स्थान ब्रह्मगुप्त टीम एवं तृतीय स्थान भास्कराचार्य टीम को प्राप्त हुआ। इसके अलावा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान आर्यभट्ट टीम, द्वितीय स्थान भास्कराचार्य टीम तथा तृतीय स्थान ब्रह्मगुप्त टीम ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के उपरांत विजेता टीमों को प्रमाण पत्र एवं मेंडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी टीमों को भी प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मुख्य अतिथि चौकी प्रभारी मोनिका यादव ने बच्चों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि एबेकस एवं वैदिक गणित जैसी प्रतियोगिताएँ बच्चों के मानसिक विकास, एकाग्रता तथा तार्किक क्षमता को बढ़ाने में अत्यंत सहायक होती हैं। मोन्ट फोर्ट स्कूल के निदेशक पंकज गर्ग ने भी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। ब्रेन बूस्टेबल के निदेशक अरिहंत जैन व प्रशिक्षिका मीनाक्षी कम्बोज ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ है।

# जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का सघन निरीक्षण

- पंजिकाओं एवं पत्रावलियों को बारीकी से देखा ई-ऑफिस के माध्यम से शत-प्रतिशत किया
- जाए पत्राचार एवं कार्यालय कार्य सभी पटलों में की जाए कनिष्ठ प्रभारियों की नियुक्ति

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आज कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि निरीक्षण पुस्तिका में संबंधित कर्मचारियों का नाम भी उल्लेखित किया जाए।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने निरीक्षण के दौरान संयुक्त कार्यालय में राजस्व सहायक प्रथम, न्यायिक सहायक द्वितीय, नगर पालिका परिषद, आयुद्ध, राजस्व सहायक द्वितीय, बिल सहायक पटल को देखा। उन्होने निर्देश दिए कि निरीक्षण पुस्तिका में संबंधित कर्मचारियों का नाम भी उल्लेखित किया जाए। सभी पटलों के कार्य विभाजन को देखा। सभी से कहा कि मानव संपदा के विवरणों को भौतिक रूप से भी रखा जाए। सभी कर्मचारी ई-ऑफिस के आधार पर शत-प्रतिशत कार्य करना सुनिश्चित करें। रिटायर्ड होने वाले कार्मिकों की पंजिका को देखा तथा इनको अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होने सख्त निर्देश दिए कि उच्च स्तर पर दिए गये निर्देशों के आधार पर की गयी कार्यवाही को सर्विस बुक में भी उल्लेखित किया जाए।

कार्यालय में उल्लेखित रजिस्टरों में मास्टर रजिस्टर भी बनाया जाए। उन्होने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी पटलों के कनिष्ठ प्रभारियों की भी नियुक्ति की जाए। रजिस्टरों को नियमानुसार बनाया जाए। कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। डिस्पैच रजिस्टर के साथ-साथ विषय को भी उल्लेखित किया जाए। सभी कर्मचारी अपने आईकार्ड का डिसप्ले करें।

आंग्ल अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होने रिकार्ड को कर्मिक रूप से वैज्ञानिक ढंग से लगाने के निर्देश दिए ताकि डिजिटल दस्तावेजों की भांति भौतिक दस्तावेजों की भी एक क्लिक पर यथाशीघ्र जानकारी मिल सके। नजारत का निरीक्षण कर उन्होने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को निर्देश दिए कि नजारत के संबंध में एक एसओपी तैयार की जाए। समस्त कार्यों का रजिस्टर में अंकन किया जाए। वस्तुओं की खरीदारी नियमानुसार जैम पोर्टल से की जाए। राजस्व एवं न्यायिक अभिलेखागार के रिकार्डों का गहन निरीक्षण किया। उन्होने निर्देश दिए कि अभिलेखागार का रख-रखाव हमेशा बेहतर तरीके से किया जाए। जिला भूमि व्यवस्था अधिकारी के कार्यालय का निरीक्षण कर पत्रावलियों को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिए। भूलेख अनुभाग में कृषक दुर्घटना सहित अन्य पत्रावलियों का निरीक्षण किया।



अपर जिलाधिकारी प्रशासन, वित्त एवं राजस्व, न्यायिक के न्यायालयों का निरीक्षण कर उन्होने निर्देश दिए कि पुराने वादों को दिन-प्रतिदिन की तिथि देकर यथाशीघ्र निस्तारित किया जाए। 05 वर्ष से अधिक पुराना कोई भी वाद लम्बित न रहे।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राम आसरे वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, ओएसडी अनिप कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गीता के उपदेशो को जीवन में उतारेः ज्ञानानंद



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** सिद्धपीठ बालाजी धाम के 18वें वार्षिक महोत्सव में श्रीमद् भागवत गीता के उपदेशों को जीवन में उताकर अपने जीवन को सफल बनाने का सूत्र प्रदान किया गया। बेहट रोड स्थित धाम में आयोजित दिव्य गीता सत्संग में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने भक्तों को श्रीमद् भागवत गीता द्वारा जीवन जीने का सूत्र प्रदान किया। बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज के सानिध्य में स्टार पेपर मिल के मुख्य महाप्रबंधक इंद्रजीत सिंह, गंगा सभा हरिद्वार से पधारे उज्ज्वल पंडित, यजमान सजल भरतरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके उपरांत अतुल जोशी महाराज, अरुण जोशी एवं मयंक जोशी ने मिलकर व्यास पीठ का पूजन किया। जिसमें गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज को माल्यार्पण कर व शॉल ओढ़ाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने अपने वचनों द्वारा गीता के सूत्र को जीवन में उतरकर अपने जीवन को सफल बनाने का सूत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा गीता भगवान श्री कृष्ण के मुख से निकली है। उन्होंने कहा कि केवल विश्व में एक मात्र गीता ही ऐसा ग्रंथ है, जिसे भगवान ने अपने मुख से उच्चारण कर जनकल्याण के लिए विश्व को प्रदान किया है। कलयुग में गंगा, गाय, माता और गीता साक्षात् ईश्वर स्वरूप ही है।

# पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं को किया हाउस अरेस्ट

## भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र को कर देना चाहती है नेस्तनाबूदः संदीप



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने सहारनपुर में कांग्रेस पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओं के घरों पर पहुंचकर उनको हाउस अरेस्ट किया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव करने की घोषणा की थी, जिसमें सहारनपुर से भी कांग्रेस जनों के शामिल होने की भनक लगते ही पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा समेत कॉग्रेस के कई पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट कर लिया।

लखनऊ जाने से रोकने के लिए आज तड़के से ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, पूर्व प्रदेश सचिवगण प्रवीण चौधरी व अशोक सैनी, जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष मनीष सहगल आदि नेताओं के निवास पर पुलिस ने डेरा डाल दिया और सबको हाउस अरेस्ट कर उनका बाहर निकलना निषेध कर दिया ।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने पुलिस की इस कार्रवाई को भाजपा शासन की हिटलरशाही करार देते हुए भाजपा पर जनता की आवाज दबाने का आरोप लगाया। संदीप राणा ने कहा कि हम केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त करने के विरुद्ध अपना शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए विधानसभा का घेराव करने लखनऊ जा रहे थे, लेकिन हमें ऐसे रोककर प्रदेश की भाजपा सरकार मजदूरों के हक की मांग हेतु उठने वाली कांग्रेस की आवाज को दबाने का काम कर रही है। संदीप राणा ने कहा कि यह हमारे विरोध करने के संवैधानिक अधिकार का हनन है, सरकार विपक्ष की आवाज को दबाकर अपनी जन विरोधी नीतियों पर पर्दा डालने और लोकतंत्र में संविधान की हत्या करने का काम कर रही है। हम इसके विरुद्ध संघर्ष के लिए तैयार है। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी व एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली ने सरकार की इस दमनात्मक नीति को देश की संवैधानिक व लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध बताया।

## देहात विधायक मलिक ने विधानसभा सत्र में उठाया आंगनबड़ी केन्द्रो का मुद्दा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** देहात सीट से विधायक आशु मलिक ने विधानसभा सत्र में आंगनबाड़ी केंद्र तथा जनपद सहारनपुर का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश सरकार से स्पष्टीकरण देने की मांग करते कहा कि वह इस मुद्दे पर राजनीति नहीं, बल्कि जनहित की मांग कर रहे हैं।

लखनऊ में विधानसभा सत्र के दौरान देहात विधायक आशु मलिक ने आज विधानसभा में प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्रों, विशेषकर सहारनपुर की जमीनी हकीकत का मुद्दा मजबूती से उठाया। विधायक आशु मलिक ने सरकार से सीधा सवाल किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर आंगनवाड़ी भवन कब सुधरेंगे, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएँ कब उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि पोषण की गुणवत्ता की जवाबदेही कौन तय करेगा और जो योजनाएँ कागज पर चल रही हैं, उनका परिणाम जमीन पर कब दिखेगा। सहारनपुर में 3410 आंगनवाड़ी केंद्रों में से 102 पूरी तरह जर्जर हैं। 407 केंद्र आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। एक वर्ष से पुनर्निर्माण की स्वीकृति लंबित है। सरकार के उत्तर में योजनाएँ थीं, पोर्टल थे, आवंटन था, आदेश थे। विधायक आशु मलिक ने विधानसभा अध्यक्ष के सम्मुख कहा कि जवाब में स्पष्ट समय सीमा नहीं थी, जवाबदेही नहीं थी, परिणाम नहीं था। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा सहारनपुर की समस्या को अलग से दिखाने का आश्वासन दिया गया, जो स्वागत योग्य है। विधायक आशु मलिक ने कहा कि उनके प्रश्न केवल प्रस्तुतीकरण का नहीं था, बल्कि समाधान का था। यदि सब कुछ संतोषजनक होता, तो गुणवत्ता पर अलग से निर्देश जारी करने की आवश्यकता क्यों पड़ती। यदि व्यवस्था मजबूत होती, तो इतने केंद्र जर्जर स्थिति में क्यों होते, उनका उद्देश्य राजनीति नहीं है।

# पीडी विपिन कुमार ने सचिवों के साथ की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक

**योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश, विकास खंड परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण**



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** पनवाड़ी विकास खंड कार्यालय में पीडी विपिन कुमार ने मंगलवार को विकास योजनाओं की समीक्षा के लिए सचिवों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इसके उपरांत उन्होंने विकास खंड परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का भी औचक निरीक्षण किया। इस दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन में ढिलाई और निर्माण गुणवत्ता पर सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्यमंत्री आवास योजना को लेकर कड़ा रुख अपनाया गया। पीडी कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को समय पर आवास उपलब्ध कराने और निर्गत आवासों की प्रगति तेज कर अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराने पर जोर दिया।

मनरेगा में ई-केवाईसी की धीमी प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त की गई। पीडी विपिन कुमार ने ई-केवाईसी की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि मजदूरों के भुगतान में कोई बाधा न आए। उन्होंने सचिवों को लक्ष्य आधारित कार्यशैली अपनाने और जमीनी स्तर पर निगरानी मजबूत करने के निर्देश भी दिए।

इस बैठक में एपीओ सुशील गुप्ता सहित सचिव रामआसरे यादव, निर्देश पटेल, धर्मवीर, पुष्पेंद्र, अभिषेक चौरसिया, दीपू पाल, निजाम अली, सैफ, अरविंद्र तिवारी, गणेश गुप्ता, अंकिता, अमृता और नीतीश उपस्थित रहे। बैठक के बाद परियोजना अधिकारी विपिन कुमार ने विकास खंड कार्यालय परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सचिव कक्ष, कर्मचारी आवास सहित विभिन्न भवनों में जारी निर्माण की गुणवत्ता, गति और मानकों की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान पीडी ने कार्यदायी संस्था और संबंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने शासकीय धन के सदुपयोग और तय समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

पीडी विपिन कुमार ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि नए कक्ष व आवासीय भवन कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगे, जिससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी व पारदर्शिता आएगी। उन्होंने मौके पर मौजूद जिम्मेदारों को नियमित निगरानी और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण से निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों में भी सक्रियता देखी गई।

## दो नाबालिग बहनें दबंग की गुंडई से परेशान

**महोबा।** तहसील चरखारी क्षेत्र एक गांव में दो नाबालिग किशोरियों के साथ दबंग युवक से परेशान होकर किशोरियों की मां ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि युवक उसकी पुत्रियों के साथ आएदिन गाली गलौज करता है साथ ही बुजुर्ग दादा के साथ मारपीट की गई, जिससे उसकी बेटियां डरी सहमी हैं। पीड़िता ने बताया कि इससे पूर्व थाना पुलिस से इस संबन्ध में शिकायत की गई, लेकिन कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई, जिससे दबंग युवक के हौसले बुलंद हैं।

एसपी को दिए शिकायती पत्र में पीड़ित परिवार ने बताया कि गांव का एक युवक उनकी बेटियों को देखते ही अशोभनीय टिप्पणियां करता है और भद्दी गालियां देता है। परिवार के अनुसार, जब माता-पिता मजदूरी के लिए बाहर चले जाते हैं, तो आरोपी घर में अकेली मौजूद बच्चियों को निशाना बनाता है। महिला का आरोप है कि युवक अपनी छत पर खड़े होकर किशोरियों की छीटाकसी करता है, जिससे उनकी पढ़ाई और मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। गमाया कि मामला तब और गंभीर हो गया जब बच्चियों के बुजुर्ग दादा आरोपी को समझाने के गए तो युवक ने बुजुर्ग के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी।

# संस्कृत सनातन धर्म और संस्कृति की पूंजी है : प्रो. शरदिन्दु कुमार तिवारी

**बौद्धायन सोसाइटी संस्था द्वारा 15 दिवसीय पंडित वासुदेव द्विवेदी स्मृति गानमाला प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ**

**(उत्पल मुखर्जी) अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** महमूरगंज स्थित पाणिनि कन्या महाविद्यालय मे बौद्धायन सोसाइटी संस्था द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ÷पंडित वासुदेव द्विवेदी स्मृति गानमाला÷ प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ आज मंगलवार को विधिवत् पूजन एवं मंगलाचरण के साथ शुभारंभ हुआ। उद्घाटन के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि संस्कृत के प्रोफेसर,भारत अध्ययन केन्द्र का.हि.वि.वि.के समन्वयक प्रो.शरदिन्दु कुमार तिवारी ने संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पं.वासुदेव द्विवेदी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए संस्कृत के सीखने जानने पर विशेष बल दिया । विशिष्ट अतिथि के रूप मे केन्द्रीय तिब्बती उच्च शिक्षा संस्थान सारनाथ के शब्दविद्यासंकाय के प्रोफेसर धर्मदत्त चतुर्वेदी ने संपूर्ण जीवन को संस्कृत से जोड़कर सारगर्भित वक्तव्य दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन मे आचार्य नन्दिता शास्त्री ने संस्कृत के व्यावहारिक पक्ष पर बहुत ही महत्वपूर्ण,निज अनुभवों यर आधारित वक्तव्य से अभिभूत किया।

प्रारम्भ में संस्था के अध्यक्ष प्रो0 श्रद्धानंद, (पूर्व संकायाध्यक्ष काशी विद्यापीठ) ने अंगवस्त्र,स्मृतिचिन्ह देकर और स्वागत भाषण से सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. मञ्जरी पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम के उद्देश्य,पहल और उपयोगिता पर विचार रखते हुए कार्यशाला का स्वरूप सबके समक्ष रखते हुएकहा कि संस्कृत हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की धरोहर है। संगीत के माध्यम से संस्कृत के प्रसार का यह सांगीतिक प्रयास भाषा के प्रति नवीन पीढ़ी में जागरूकता उत्पन्न करेगा। आगामी 15 दिनों तक प्रतिभागियों को गुरुवर के संस्कृत गीतों का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के कोषाध्यक्ष नवल किशोर गुप्त ने किया। दूसरे सत्र में कार्यशाला के प्रशिक्षण प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ ।कुशल संचालन डॉ सरोज पाण्डेय जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के प्रबंधकारिणी सदस्य कुमार सौरव ने दिया। इस अवसर पर योगेन्द्र सिन्हा ,सुषमा मिश्र,अविनाश पाण्डेय,अजय पाठक, भानुप्रताप,गौतम अरोड़ा,अरुण द्विवेदी आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बॉलीवुड कलाकार हर्षित सक्सेना और माधुरी डे ने बॉलीवुड गीत से युवाओं को झूमने के लिए कर दिया मजबूर

**सूर्य महोत्सव के छठवें दिन बॉलीवुड नाइट एवं क्रेजी होपर्स इंडिया गाट टैलेंट डांस ग्रुप कार्यक्रम हुआ आयोजित**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** सूर्य महोत्सव के छठवें दिन बालीवुड नाइट एवं क्रेजी होपर्स इंडिया गाट टैलेंट डांस ग्रुप कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें कलाकार हर्षित सक्सेना और माधुरी डे ने बालीवुड गीत से युवाओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। क्रेजी होपर्स ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों का जमकर मनोरंजन कराया। देर रात तक चले गीत संगीत के कार्यक्रम देखने के लिए लोग डटे रहे, जिससे पंडाल खचाखच दर्शकों से भरा रहा।

सोमवार की रात को बॉलीवुड कलाकारों के कार्यक्रम की जानकारी होने के कारण शाम से ही लोगों की भीड़ पहुंचना शुरू हो गई। भीड़ को बढ़ता देख पुलिस ने चौकस व्यवस्थाएं की। इसके बाद शुरू हुए गीत संगीत और नृत्य की प्रस्तुति ने समा बांध दी। दूर दराज से आए कलाकारो ने गीत की प्रस्तुति देखकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कुछ युवाओं की फरमाईश पर भी गायकों ने गाने सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। इस कार्यक्रम को आयोजित कराने में क्रशर कारोबारी सुलभ सक्सेना ने भी विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व भजन गायक आनंद कुमार ने भजन की प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बना दिया। भजन सुनने के लिए लोग शांतिपूर्ण तरीके से बैठे रहे। इससे बाद आल्हा गायक अमर सिंह ने आल्हा सुनाकर युवाओं में जोश भर दिया। बीच बीच में आल्हा की चौपाईयां सुनकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। झांसी से आए रवींद्र कुशवाहा ने बुंदेली बधाई नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें संगीता तिवारी ने अपनी गीतों के जरिए दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

# एएमयू में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 विज्ञान की भावना के साथ मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 उत्साह, बौद्धिक जिज्ञासा और वैज्ञानिक ऊर्जा के साथ मनाया गया। यह आयोजन महान भारतीय भौतिक विज्ञानी सी.वी. रमन द्वारा रमन प्रभाव की ऐतिहासिक खोज की स्मृति में आयोजित किया गया, जिसके लिए उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में भारत का पहला नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था।एएमयू ने 20 नवंबर 1931 को सर रमन को मानद डी.एससी. उपाधि प्रदान की थी, जो विश्वविद्यालय और वैज्ञानिक उत्कृष्टता के बीच लंबे संबंध का प्रमाण है।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर नइमा खातून ने अपने संबोधन में सर सी.वी. रमन की वैज्ञानिक यात्रा में निहित समर्पण, दृष्टि और दृढ़ता को रेखांकित किया। उन्होंने भौतिकी विभाग की गौरवशाली परंपरा और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए युवा विद्यार्थियों में जिज्ञासा और विश्लेषणात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय शैक्षणिक उन्नति, शोध कार्यों और नवाचार-आधारित शिक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। विशिष्ट अतिथि हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एस. के. सिंह ने रमन के जीवन और उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर रोचक तथ्य साझा किए। उन्होंने कहा कि रमन की खोज इतनी क्रांतिकारी थी कि घोषणा के मात्र दो वर्षों के भीतर उन्हें नोबेल पुरस्कार प्राप्त हो गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों से सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया तथा सहयोग और शैक्षणिक संवाद को वैज्ञानिक प्रगति का आधार बताया।

# सड़क पर बह रहा नालियों का गंदा पानी, नाली से बदबू, बढ़ा संक्रामक बीमारियों का खतरा

**मोहल्लेवासियों ने उच्चाधिकारियों से जलभराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की उठाई मांग**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** शहर के मोहल्ला भटीपुरा के बाशिंदे पिछले एक माह से जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। हैरान की बात यह है कि नगर पालिका ने मोहल्ले वासियों की इस संबन्ध में दर्ज कराई गई शिकायत का आनलाइन निस्तारण दिखाया है, लेकिन मौके पर स्थिति विपरीत नजर आ रही है। जलभराव के चलते जहां एक ओर लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही वहीं दूसरी ओर नालियो सीवर का गंदा पानी मार्ग में एकत्र होने से मोहल्ले वासियों को संक्रामक बीमारियों का खतरा सता रहा है। लोगों ने उच्चाधिकारियों ने जलभराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

महोबा के भटीपुरा मोहल्ले में पठा तिराहे के पास पिछले एक महीने से गंभीर जलभराव की समस्या बनी हुई है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि मुख्य रास्ते पर पूरे मोहल्ले की नालियों और सीवर का ओवरफ्लो पानी जमा होकर बदबू मार रहा है साथ ही रास्ता पूरी तरह कीचड़युक्त हो चुका है, जिससे आवाजाही बुरी तरह से प्रभावित हो गई है। बताया कि जलभराव से मच्छरों उत्पन्न हो रहे और गंभीर बीमारियों का डर भी सताने लगा है। निवासी मुबीन और तनिष्क ने बताया कि वह कई बार नगर पालिका के चक्कर लगा चुके हैं। बताया कि नगर पालिका के कर्मचारी आते हैं, मुआयना करते हैं और आश्वासन देकर चले जाते हैं, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मोहल्ले की बुजुर्ग महिला महमूदा ने बताया कि वह पैरों से मजबूर है और घर के दरवाजे पर पानी होने के कारण उसे पार नहीं कर पाती है। बताया कि बीमार हो जाने पर उसे अस्पताल जाने में परिनजों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब परमात्मा लेते हैं अवतार : आचार्य आनंद जी महाराज

**भागवत कथा के चौथे दिन धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव**

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर ।** क्षेत्र के मिश्रौली गांव में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। जैसे ही कथा में कृष्ण जन्म का प्रसंग आरंभ हुआ, पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु नंद के घर आनंद भया, जय कन्हैया लाल की भजनों पर झूम उठे। पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने मक्खन-मिश्री का भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया।

कथा शुभारंभ से पूर्व आयोजक पंडित राम जी तिवारी एवं उनकी पत्नी संतोषा देवी ने विधि-विधान से व्यास पीठ की आरती उतारी। कथा व्यास आचार्य आनंद जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की दिव्य लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब परमात्मा अवतार धारण कर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण की माखन चोरी की लीला का आध्यात्मिक रहस्य समझाते हुए कहा कि दूध का सार तत्व माखन होता है। भगवान ने गोपियों के घरों से केवल माखन ही चुराया, अर्थात उन्होंने जीवन के सार तत्व को ग्रहण करने और असार को त्यागने का संदेश दिया। प्रभु हमें यही सिखाना चाहते हैं कि सृष्टि का वास्तविक सार परमात्मा ही है। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि जीवन में जब भी भगवत नाम सुनने का अवसर मिले, उससे विमुख नहीं होना चाहिए। भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि द्वापर युग में जब कंस के अत्याचार बढ़े, तब श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर धर्म की रक्षा की।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर करेन्तर की समीक्षा बैठक संपन्न

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई , स्टाम्प एवं निवन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई ,आबकारी विभाग की बसूली कम पाई गई,मंडी फर्रूखाबाद, मोहम्दाबाद व कायमगंज की मासिक बसूली कम पाई गई,खनन विभाग की बसूली कम पाई गई, विद्युत विभाग व परिवहन की बसूली ठीक पाई गई।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, स्टाम्प व निबंध,मंडी विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सी0एम0 डैशबोर्ड व आई0जी0आर0एस0 के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमे सुधार लायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक,सभी उपजिलाधिकारी व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पौराणिक सांस्कृतिक एवं परंपराओं के साथ छेड़छाड़ नहीं होना चाहिए : लोकपति तिवारी (पूर्व महंत)



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत लोकपति तिवारी ने गोदौलिया,बड़ादेव स्थित अपने आवास पर मंगलवार को एक पत्रकार वार्ता के दरमियान बताया कि, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में रंगभरी एकादशी महोत्सव पर्व 27 फरवरी दिन शुक्रवार को मनाया जाना है। उन्होंने बताया कि, इस परम्परा को लेकर संजीव रतन मिश्रा (भानु) नामक व्यक्ति द्वारा टेढ़ीनीम स्थित वाचस्पति तिवारी के आवास पर जाकर तरह-तरह की परम्पराओं को लेकर काशी की जनता में अफवाह फैलाया जाता है, और नकली प्रतिमा को इस वर्ष भी मंदिर के गर्भगृह में भेजने हेतु तरह-तरह की भ्रांतियां फैलाकर लोगों को एकत्रित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि,सरकार इसको गंभीरता से लेते हुए नकली प्रतिमा को मंदिर में प्रवेश करने पर रोक लगाना चाहिए,और रंगभरी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ जी की प्राचीन रजत चल प्रतिमा को मंदिर में स्थापित करने हेतु एक जगह निर्धारितकर आदेशित करें, जिसके लिए मैं प्रतिमा लेकर आने के लिए तैयार हूं जहां से इस परम्परा को सम्पन्न करवाया जा सके। उन्होंने बताया कि,यह परंपरा ढाई सौ वर्ष के ऊपर से लगातार चलता आ रहा है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन अगर चाहे तो इस विवाद को समाप्त कर सकता हैं हम किसी परंपराओं को बंद करने के लिए आग्रह नहीं कर रहे हैं बल्कि महंत परिवार सैकड़ो वर्ष से श्री बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में बाबा की असली रजत चल प्रतिमा भव्य जुलूस के साथ श्रृंगार आरती भोग इत्यादि के साथ गर्भ गृह में स्थापित कर पूजा-पाठ करते आ रहे हैं। अब इस परंपराओं को कुछ तथाकथित लोगों द्वारा उलझा दिया गया है। जिससे काशी के करोड़ों श्रद्धालु श्री बाबा काशी विश्वनाथ एवं मां पार्वती की असली रजत चल प्रतिमा के दर्शन से वंचित हो रहे हैं। मैं प्रधानमंत्री एवं यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से विनम्र आग्रह करता हूं कि,प्राचीनतम परंपराओं को तथाकथित लोगों द्वारा नष्ट न करके उनको सम्मान जनक विधि विधान से पूजा पाठ करवाने की अनुमति दी जाए ।

## एसपी ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर सुनी जनता की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा, प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। जनसुनवाई के दौरान एसपी ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

## फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया



**फर्रुखाबाद।** आवास विकास स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान की जिला कार्यशाला का आयोजन जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यशाला को तीन सत्रों के माध्यम से संपन्न किया गया। जिला कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शास्त्री ने प्रथम सत्र को संबोधित किया। द्वितीय सत्र में जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने विषय को रखा इसके उपरांत अंतिम सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने संगठन के बारे में विस्तार से चर्चा की।

जिला कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रीता शास्त्री ने कहा भाजपा देश का एकमात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करता है। संगठन में नए दायित्व का निर्वहन करने के लिए नवीन कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति को प्रशिक्षण के माध्यम से समझते हैं। भाजपा कार्यकर्ता अनुशासित होकर संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करते हैं भाजपा व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि असंख्य कार्यकर्ताओं का एक ऐसा राजनीतिक दल है जो सिर्फ कार्यकर्ताओं की नींव पर आधारित है जब नींव मजबूत होगी तभी संगठन मजबूत होगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा,नीति,सिद्धांत और कार्यशाली से भली भांति परिचित हो सके इसके लिए सभी मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित होंगे एक मजबूत संगठन का आधार प्रशिक्षित और जागरूक कार्यकर्ता होते हैं।

# दैनिक अवधनामा ने सजाया हिंदी उर्दू का साझा मंच

**शायरों ने अपने कलाम से तो कवियों ने अपनी रचनाओं जीता श्रोताओं के दिल**

**सहायक सूचना निदेशक के हाथों हुआ जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की नवनिर्वाचित कार्यकारणी का सम्मान**






**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर।** शहर के प्रख्यात एम एस आई इंटर कॉलेज बक्शीपुर में दैनिक अवधनामा अख़बार ने हिंदी उर्दू का साझा मंच सजाया जिस पर एक भव्य कवि सम्मेलन और मुशायरा आयोजित किया गया।

इस आयोजन में आचार्य मुकेश श्रीवास्तव, नौशाद हल्लौरी, बशारत ÷आलम हल्लौरी÷, डॉ0 सरिता सिंह, डॉ0 प्रतिभा गुप्ता, वसीम मज़हर, फरुख जमाल, अब्दुल्लाह ÷जामी÷, फ़ैज़ी हल्लौरी सहित जाने माने शायर और कवियों ने अपने कलाम और रचनाओं से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रहने वाले विभूतियों को सम्मानित किया गया जिसमें प्रवीण श्रीवास्तव (समाजसेवा), राजेन्द्र तिवारी (समाजसेवा), राजल गुप्ता (लेखन), डॉ0 आर0डी0 चौहान (चिकित्सा), रुद्रांश श्रीवास्तव (रंगमंच), वंदना दास (नृत्य), अब्दुल बाकी (पत्रकारीता), डॉ0 असलम खान (शिक्षा), आदित्या यादव (बैडमिन्टन) शामिल रहे।

इसी मंच पर गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब की नई कार्यकारणी के अध्यक्ष ओंकार द्विवेदी, महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष धनेश कुमार, कोषाध्यक्ष दुर्गेश कुमार, संयुक्त मंत्री महेंद्र गौड़, पुस्तकालय मंत्री संजय कुमार, कार्यकारणी सदस्य मनोज मिश्रा, रजनीश त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर डुमरियागंज से आये हसन ताक़ीब मंजू गोरखपुर के सहायक सूचना निदेशक प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, आज तक के ब्यूरो प्रमुख और भोजपुरी अभिनेता गजेंद्र तिवारी, पार्षद हाजी जियाउल इस्लाम, पार्षद समद गुफरान, सैयद शहाब, इकरार अहमद सहित शहर के प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर अवधनामा के गोरखपुर ब्यूरो प्रभारी मनव्वर रिज़वी ने सभी अतिथियों, शायरों और कवियों को धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा किया।





## जिलाधिकारी द्वारा विकास खंड कार्यालय कमालगंज का निरीक्षण किया गया

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा विकासखंड कार्यालय, कमालगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, जनसुनवाई व्यवस्था, साफ-सफाई तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, अभिलेखों के रख-रखाव तथा नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉक परिसर में खड़ी गाड़ियों को हटबाने के निर्देश दिये, विकास खंड को प्राप्त केंद्रीय वित्त योजना/राज्य वित्त योजना की ग्रांट का शतप्रतिशत उपभोग करने,सभी कर्मियों की सेवा पुस्तिका, कैशबुक अपडेट रखने, फार्मर रजिस्ट्री , स्पेशल क्लोज व असंतुष्ट आईजीआरएस प्रकरणों का रिव्यू करने के लिये निर्देशित किया।

# 42 करोड़ के टेंडर पर उठे सवाल, आरएमसी प्लांट की शर्त और तिथि बढ़ाने से बढ़ा विवाद




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम एक बार फिर बड़े टेंडर विवाद में घिरता नजर आ रहा है। करीब 42 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित 94 सड़क और नाली निर्माण कार्यों के टेंडर को लेकर पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। टेंडर प्रक्रिया में तिथियों के बदलाव, पात्रता की शर्तों और आरएमसी प्लांट से जुड़ी अनिवार्यता को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। मामला शासन स्तर तक पहुंचने की बात कही जा रही है। टेंडर तिथि बढ़ाने और स्वयं के आरएमसी प्लांट की शर्त बनी विवाद की वजह

आरोप है कि कुछ खास ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से टेंडर प्रक्रिया में बदलाव किया गया, ताकि मनचाही फर्मों को कार्य आवंटित किया जा सके। विवाद का मुख्य कारण ठेकेदार के पास स्वयं का मान्य आरएमसी (रेडी मिक्स कंक्रीट) प्लांट होना अनिवार्य करना और टेंडर की तिथि बढ़ाना बताया जा रहा है।

टेंडर शर्तों में स्पष्ट किया गया था कि संबंधित कार्यों के लिए ठेकेदार के पास स्वयं का आरएमसी प्लांट होना चाहिए। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन टेंडर प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर नगर निगम की कार्यशैली सवालों के घेरे में है।स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि खुली और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जाए तो नगर निगम को बेहतर दरों पर कार्य मिल सकता है, जिससे सार्वजनिक धन की बचत संभव है।कुछ ठेकेदारों ने पूरे प्रकरण की शिकायत शासन स्तर पर की है। यदि शासन इस मामले में संज्ञान लेता है और जांच होती है, तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

सपा पार्षद प्रिया शुक्ला ने लगाया 45 करोड़ का टेंडर मैनेज करने का आरोप नगर निगम की सपा पार्षद प्रिया शुक्ला ने नगर निगम प्रशासन पर टेंडर में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने आरएमसी प्लांट को लेकर एग्रीमेंट धारकों को भी टेंडर में शामिल करने की मांग की थी, ताकि अधिक से अधिक ठेकेदार भाग ले सकें और नगर निगम को आर्थिक लाभ हो।

# सुरवारा में बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया



**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय सुरवारा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।एक माह के इस प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को पंच मारना, किक मारना, स्टांस लेना और ब्लॉक करना जैसे आत्मरक्षा के बुनियादी गुर सिखाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, उन्हें सेफ्टी टूल्स के उपयोग और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में हेल्पलाइन नंबर 1090, 181, 1076, 112, 108 और 102 के उपयोग से आत्मरक्षा के बारे में भी बताया गया। जिला समन्वयक भास्कर सिंह ने बताया कि जिले के सभी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, इसका उद्देश्य बालिकाओं को विषम परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने में सक्षम बनाना है।प्रशिक्षक वकार अहमद ने बताया कि एक माह के प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर पांच बच्चियों का चयन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर राधिका पुत्र दीपचंद रही, द्वितीय स्थान पर प्रिया पुत्री मंसाराम, तृतीय स्थान पर दिव्यांशी पुत्री फूलचंद, चतुर्थ स्थान पर तरन्नुम पुत्री इमरान और पांचवें स्थान पर सोनिया पुत्री हरिराम चयनित हुई हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक कृपा शंकर मिश्र, शिक्षिका कुमुद मिश्रा और यासमीन बानो सहित विद्यालय में अध्यनरत बालिकाएं मौजूद रहीं।

# सिद्धेश्वर नाथ मंदिर भंडारा: सैकड़ों लोग पहुंचे, प्रसाद वितरित किया गया

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** अयोध्या जनपद के मुकीमपुर शाहगंज स्थित विश्व का पहला 365 पुजारी सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के अगले दिन एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन पिछले 20 वर्षों से लगातार जारी है और अब क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण परंपरा बन चुका है। इस भंडारे के आयोजन में पूरी ग्राम सभा और क्षेत्रीय जनता सक्रिय रूप से सहयोग करती है। ग्रामीण अपने खेतों से गेहूं, आटा, आलू और सब्जियां दान करते हैं, जबकि व्यापार मंडल तथा अन्य क्षेत्रवासी आर्थिक सहायता के साथ-साथ रिफाइंड एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराते हैं। सिद्धेश्वर नाथ मंदिर अपनी अनोखी परंपराओं के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां प्रतिदिन एक नया पुजारी भगवान शिव की पूजा-अर्चना करता है। मंदिर के प्रमुख कर्ताधर्ता आनंद सोनी ने बताया कि यह विश्व का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां जाति-बंधन का कोई स्थान नहीं है, जो सामाजिक समरसता का प्रतीक है।भंडारे के लिए तैयारियां सुबह 6 बजे से ही शुरू हो गई थीं, जिसमें पूड़ियां बनाने का कार्य प्रमुख था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस आयोजन को सफल बनाने में आनंद सोनी, लल्लन दुबे, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता, अनुज, दीपक कसौधन, संतोष गुप्ता, शुभम, अमन यादव, महेश उपाध्याय, संदीप गुप्ता, सोनू, राम नयन, कन्हैया, राधे श्याम, राम प्रताप, अनिल, केशव, जगदीश, आनंद गुप्ता, तुषार यादव, रामगोपाल और रामविलास तिवारी जैसे प्रमुख कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया। पंजाब प्रांत के आरएसएस प्रमुख रामगोपाल, ग्राम प्रधान लल्लन प्रसाद दुबे, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय कसौधन और विघ्नेश्वर धाम मंदिर के कर्ताधर्ता अमित जोगी सहित व्यापार मंडल के अन्य सम्मानित सदस्यों ने सहयोग किया।

# तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर युवक की हालत नाजुक



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** रामनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। चौकाघाट रेलवे स्टेशन के पास बांदा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुड़ रहे एक बाइक सवार युवक को सामने से आ रही परिवहन निगम की कैसरबाग डिपो बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक बस के नीचे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल गया। घायल युवक की पहचान ग्राम पंचायत हरीनारायणपुर निवासी विजयपाल उर्फ लड्डुर उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र दुखहरण धीमान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह किसी कार्य से गणेशपुर गए थे और वापस लौटते समय चौकाघाट मोड़ पर हादसे का शिकार हो गए । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लखनऊ से बहराइच की ओर जा रही कैसरबाग डिपो की बस संख्या यूपी 32 टीएन 2618 तेज रफ्तार में थी और सामने से बाइक में टक्कर मार दी।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

# पीस कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान-कला प्रदर्शनी, छोटे वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

**रूदौली (अयोध्या)। (अवधनामा सवाददाता)** शिक्षा क्षेत्र मवई स्थित पीस कॉन्वेंट स्कूल में विज्ञान, कला एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद राशिद खां एवं प्रधानाचार्य मंडल द्वारा फीता काटकर किया गया।

कक्षा 1 से 9 तक के विद्यार्थियों ने वॉटर प्यूरिफाइंग सिस्टम, ज्वालामुखी, सोलर सिस्टम, चंद्रयान, एटॉमिक स्ट्रक्चर, ब्लाइंड स्टिक, किडनी, हार्ट और डाइजेस्टिव सिस्टम जैसे मॉडल प्रस्तुत किएअभिभावकों ने बच्चों की रचनात्मकता और आत्मविश्वास की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# लोकतंत्र सेनानी समागम: विभिन्न जनपदों से जुटे सैकड़ों लोकतंत्र सेनानी

## देश की दिशा और दशा पर 18 और 19 फरवरी को गांधी भवन में होगा चिन्तन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के तत्वावधान में 17 फरवरी से 19 फरवरी तक देवा रोड स्थित गांधी भवन में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी चिन्तन शिविर शुरू हुआ। मंगलवार से शुरू हुए इस शिविर का उद्घाटन सुप्रसिद्ध समाजवादी नेता एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी राजनाथ शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनकवि, लेखक एवं लोकतंत्र सेनानी धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक यादव ने बताया कि यह चिन्तन शिविर देश की दशा और दिशा पर केन्द्रित होगा। यह शिविर तीन दिनों तक चलेगा। इस शिविर में प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों से लोकतंत्र रक्षक सेनानी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके अर्न्तगत कई चरणों में बैठक आयोजित होगी। प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक यादव ने बताया कि पहले दिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व युद्ध की स्थिति और अमेरिका एवं चीन की वज़ह से उपज रहा दादागिरी का माहौल में लोकतंत्र सेनानियों की भूमिका पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक यादव ने बताया कि बुधवार को सुबह 11 बजे से भारत में भूख और रोजगार के मुद्दे को दरकिनार कर परस्पर प्रतिद्वंदता की बढ़ रही राजनीति में लोकतंत्र सेनानियों की भूमिका पर विचार विनिमय होगा। अपराह्न 1 बजे सहभोज के बाद अगला चरण शुरू होगा।

# उपवन रेस्टोरेंट में भोजन करने से पहले हो जाए सावधान, फूड प्वाइजनिंग की शिकायत

## मिलावट खोरों से परेशान आम जनता, विभाग कब करेगा करवाई

**बाराबंकी (अवधनामा सवाददाता)** मिलावट खोर आज कल सभी जगह सक्रिय है, लेकिन विभाग के कान में जू नहीं रेंगती है, जब शिकायत होती है तब जाकर विभाग सक्रिय होता है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत संख्या 40017626009942 के माध्यम से जय प्रकाश सिंह निवासी लखपेड़ा बाग बाराबंकी ने बताया कि उपवन रेस्टोरेंट में भोजन करने के उपरांत फूड प्वाइजनिंग होने पर जिला अस्पताल में इलाज करना पड़ा। दिनांक 13 फरवरी को मेरी पुत्री का जन्मदिन था मैं अपने परिवार के साथ छाया पर स्थित उपवन रेस्टोरेंट में रात्रि लगभग 8 से 10 के मध्य भोजन करने गया था। भोजन करने के पश्चात उसी रात हम सभी की तबीयत अचानक खराब हो गई तथा उल्टी एवं दस्त की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। तत्काल हम सभी को जिला अस्पताल, बाराबंकी की इमरजेंसी में उपचार हेतु ले जाया गया। अगले दिन पुनः चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया जहाँ डॉक्टर द्वारा फूड प्वाइजनिंग की शिकायत बताई गई। इसलिए हम इस रेस्टोरेंट के विरुद्ध करवाई किया जाए। ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो। आवश्यक होने पर में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर बयान देने हेतु तैयार हूँ। चिकित्सा पर्चा जिला अस्पताल रेस्टोरेंट का बिल कृपया मेरी शिकायत पर शीघ्र संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे।

# प्रतिशोध में मारी गोली, घायल

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित ईंट गांव में 16 वर्ष बाद एक बार फिर प्रतिशोध की ज्वाला धधक उठी है। अपने पिता की हत्या का बदला चुकाने की नीयत से पिता के हत्यारोपी को गोली मारे जाने का मामला प्रकाश में आया है। जहां ईंट गांव निवासी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी संजय सिंह को सरेराह अवैध असलहे से गोली मारी गई। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। इनायत नगर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर गहन छानबीन शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईंट गांव निवासी संजय सिंह बीते सोमवार की रात्रि करीब 9:30 बजे मिल्कीपुर बाजार कस्बा निवासी उमाशंकर जायसवाल के यहां आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जहां से वह अपने घर वापस लौटने के लिए अपने वाहन चालक एवं युवक शुभम के साथ अपने स्कॉर्पियो वाहन के पास पहुंचे ही थे कि उन्हें अचानक दाहिने कंधे में गोली लग गई। जिससे वह घायल होकर सड़क पर ही गिर गए। इतने में ताबड़तोड़ दो फायर और की ई हालांकि हमलावरों द्वारा किए गए दोनों फायर उन्हें नहीं लग सके। घटना के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां गंभीर हालत देख डॉक्टरों द्वारा लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। मामले में मुकदमा कायम किए जाने हेतु घायल संजय सिंह ने मिल्कीपुर निवासी विपिन दुबे उर्फ विक्की एवं कुशल दुबे उर्फ अभय दुबे तथा गिरजा शंकर दुबे के खिलाफ मुकदमा कायम किए जाने हेतु तहरीर दी, जिसके आधार पर थानाध्यक्ष इनायत नगर रतन कुमार शर्मा ने उपरोक्त तीनों लोगों के खिलाफ जानलेवा हमले की गंभीर आपराधिक धारा 109(1) बीएनएस में मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना में से दो आरोपियों विपिन दुबे उर्फ विक्की एवं कुशल दुबे उर्फ अभय दुबे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हमले में प्रयुक्त 32 बोर की एक स्टील व एक लोहे की अवैध पिस्टल भी बरामद कर ली गई है।

# रोजागांव में विकास और पारदर्शिता का वादा, एहरार अहमद ने जारी किया घोषणा पत्र

**रूदौली (अयोध्या)। (अवधनामा सवाददाता)** रुदौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत रोजागांव से प्रधान पद प्रत्याशी एहरार अहमद ने अपना विस्तृत घोषणा पत्र जारी करते हुए गांव के समग्र विकास का संकल्प लिया है।घोषणा पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया है कि गांव की सभी सड़कों का निर्माण कराया जाएगा और निर्माण कार्य में एक भी प्रतिशत भ्रष्टाचार नहीं होने दिया जाएगा। नियमित साफ-सफाई, जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान तथा सभी प्रमुख रास्तों पर स्ट्रीट लाइट लगाने का आश्वासन भी दिया गया है।उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति के लिए तहसील स्तर पर शिविर आयोजित कराया जाएगा, जिससे छात्राएं एवं पात्र छात्र आसानी से आवेदन कर सकें। गांव से जुड़े किसी भी निर्णय को गोपनीय न रखकर ग्राम सभा में पारदर्शिता के साथ लिया जाएगा।

# नशे से दूर रहने के लिए छात्रों को दिलाई गई शपथ



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की मंशानुरूप समाज कल्याण विभाग द्वारा पीएल मेमोरियल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, सागर इंस्टीट्यूट ऑफ कॉलेजेज में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्रों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। गौरतलब है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा स्कूल/कालेजों में जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित जा रहे हैं, इसी श्रृंखला में पीएल मेमोरियल कालेज में बड़ी संख्या में छात्रों को बाराबंकी को नशामुक्त करने तथा स्वयं को नशा से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ नीलम सिंह के मुख्यातिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पीएल मेमोरियल कालेजज के प्रबंधक सुनील झुनझुनवाला ने की। बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी रत्नेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए सम्बोधित किया। कालेज के प्राचार्य डॉ एसपी द्ववेदी ने छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए शपथ दिलाई। वहीं प्रबन्धक सुनील झुनझुनवाला ने नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए नशामुक्ति के लिए प्रेरित किया। लोक गायक जमुना प्रसाद कनौजिया ने नशामुक्ति गीत के द्वारा छात्रों को प्रेरित किया। ब्रम्हा कुमारीज के समाज सुधारक अनुभव गुप्ता ने मन पर विजय के टिप्स बताते हुए नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कालेज की फैकल्टी डॉ पूजा, डॉ राहुल सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के प्रधान सहायक सुबोध श्रीवास्तव, प्रधान सहायक, सहायक विकास अधिकारी शशिवेंद्र सिंह, कार्यालय से समरेन्द्र सिंह, पर्यवेक्षक रईशुल हसन सिद्दीकी, अधीक्षक मिथलेश कुमार सिंह, आनंद पथ नशामुक्ति केंद्र से विनोद कुमार सहित सागर ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के लगभग 300 की संख्या में छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया और नशे से दूर रहने की शपथ ली।

# मनरेगा को बचाने को लेकर विधानसभा घेरने जा रहे काग्रेसियो को पुलिस ने रोका



**बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर 17 फरवरी को मनरेगा बचाव विधानसभा घेराव का आवाहन किया गया था। जिसके बाद बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा विधानसभा घेरने के लिए कूच कर दिया, मौक़े पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने कार्यकर्ताओ को वही पर रोक लिया और ज्ञापन सौपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मनरेगा कानून में बदलाव को लेकर और सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ विधानसभा घेराव के लिये निकले। जिलाध्यक्ष ने का कहना है की पुलिस ने आज अलोकतांत्रिक ढंग से रोग दिया। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि, वर्तमान सरकार जिस प्रकार अंधेर नगरी चौपट राजा का माहौल बनाये हुये है उससे समाज गर्त की ओर जा रहा है हम कांग्रेसियों का आजादी से लगाकर आज तक एक इतिहास रहा है कि, कांग्रेस के द्वारा जो भी धरना प्रदर्शन या घेराव किये जाते हैं वह जनविरोधी नीतियों के खिलॉफ किये जाते हैं, और हम कांग्रेसियों की विचारधारा अहिंसा वादी होती है, हम लोग गांधी के बताये हुये रास्ते पर चलकर आम। जनमानस की समस्याओं का निदान करने के लिये काम करते हैं। आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन के नेतृत्व में जब कार्यकर्ताओं ने आगे बढने की कोशिस की तो पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोककर कांग्रेसियों की आवाज दबाने का प्रयास किया, जबकि शान्तीपूर्णं प्रदर्शन करना आम जनमानस का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन शासन व प्रशासन का यह व्यवहार पूरी तरीके से अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक है।

# विधानसभा घेराव से पहले कांग्रेस महानगर अध्यक्ष नजरबंद

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर लखनऊ में प्रस्तावित विधानसभा घेराव कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे फैजाबाद महानगर के पदाधिकारियों को प्रशासन ने रोक दिया।प्रशासन ने महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम समेत कई कांग्रेस नेताओं को उनके आवास पर पुलिस बल तैनात कर नजरबंद कर दिया, जिसके कारण वे लखनऊ नहीं जा सके।

# भाजपा का संगठन ही सबसे बड़ी ताकत: पंकज चौधरी

## भाजपा कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पंचायत और विधानसभा चुनावों से पहले संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत मंगलवार को भाजपा कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा वंदे मातरम् गीत के साथ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है और अंत्योदय पार्टी की मूल विचारधारा है, जिसका लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं और जनता से निरंतर संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सीखते रहने की प्रवृत्ति ही संगठन और व्यक्ति दोनों को आगे बढ़ाती है। उन्होंने प्रशिक्षण महाभियान को संगठन सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इससे कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाने के साथ ही अनुशासन और सेवा भाव से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। प्रशिक्षण के माध्यम से बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, सरकार की नीतियों और जनसेवा के मूल मंत्र से जोड़ा जा रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोग करते हैं और बूथ मजबूत होने से संगठन स्वतः मजबूत होता है। जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान संगठनात्मक मजबूती का आधार बनेगा और जिले के प्रत्येक मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सीडीओ ने मिठौरा ब्लॉक का किया औचक निरीक्षण, विकास कार्यों की ली समीक्षा



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** मुख्य विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार सिंह ने मंगलवार को मिठौरा ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक पहुंचने से ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मच गया। सीडीओ ने ब्लॉक कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों और दस्तावेजों की जांच की तथा कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद सीडीओ ने सभी सचिवों, तकनीकी सहायकों (टीए) और एडीओ की उपस्थिति में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, स्वयं सहायता समूह सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। सीडीओ ने निर्देश दिए कि चल रहे एसआईआर कार्य में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और कोई भी पात्र व्यक्ति सूची से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों को तत्काल प्रभाव से पूरा किया जाए। विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जाए और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, एपीओ अंकित श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कौशल किशोर सिंह, एडीओ आईएसबी बिस्मिल्लाह, एडीओ कोऑपरेटिव आशीष कुमार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अमरेंद्र राज यादव, आशुतोष मौर्य, आशुतोष जायसवाल, अशोक निगम, सुनील कुमार गुप्ता, सर्वोत्तम विश्वकर्मा, सत्यम चौधरी, राजन गुप्ता सहित रामनिवास शर्मा मौजूद रहे।

# मुन्सफ न्यायालय बनवाने के लिए अथक प्रयास करूंगा : राजेश श्रीवास्तव

## गहमागहमी के बीच अधिवक्ताओं के हित के लिए सर्वसम्मत से कई प्रस्ताव पारित

*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा(महराजगंज)।** नौतनवा तहसील में रेवेन्यू बार एसोसिएशन की बैठक गहमागहमी के बीच संपन्न हुई। जिसमें पूर्व अध्यक्ष विभूति यादव पूर्व मंत्री समसुद्दीन पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने वर्ष 25 -26 का ब्योरा दिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव मंत्री दयानंद यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुधीर कुमार शुक्ला कनिष्ठ उपाध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद शुक्ला एडवोकेट ने वर्तमान पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया इस दौरान आम बैठक में मुन्सफ न्यायालय की स्थापना, रेवन्यू बार रजिस्ट्रेशन में ग्राम न्यायालय को संयुक्त रूप से मान्यता देना ,टोकन प्रणाली लागू करना, कई प्रस्ताव सर्वसम्मत से पारित किए गए। अधिवक्ताओं के परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना घटित होने पर अहेतुक सहायता देने पर भी विचार किया गया। अखिलेश उपाध्याय प्रभाकर विश्वकर्मा राजेश श्रीवास्तव राही पूर्व मंत्री वीरेंद्र पांडेय मुकेश पाठक अमित सिंह वीरेंद्र पांडेय राकेश त्रिपाठी रमेश चौधरी राजेंद्र तिवारी लक्ष्मण पासवान सुनील गौड़ , बृजेंद्र त्रिपाठी चंद्र प्रताप वर्मा रमेश यादव राजू कुमार जितेंद्र कुमार अनिल चौधरी , अशोक तिवारी ,प्रभाकर सुनील कुमार ,अनिल कुमार शर्मा सहित तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# बार बेंच बैठक के बाद समाप्त हुई अधिवक्ताओं की हड़ताल




**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** जलालपुर तहसील में पखवारे भर से चल रहा बार और बेंच के बीच गतिरोध मंगलवार को बैठक के बाद समाप्त हो गया। 6 फरवरी से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपा शंकर मौर्य के आह्वान पर तहसील के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत चल रहे थे, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा था और वादकारियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

गतिरोध समाप्त करने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी राहुल कुमार गुप्ता ने सोमवार को पत्र जारी कर बार और बेंच की बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। इसके क्रम में मंगलवार को जलालपुर तहसील स्थित अधिवक्ता सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान अधिवक्ताओं ने खतौनियों में नाम की त्रुटियों के संशोधन में आ रही दिक्कतों, विभिन्न स्तरों पर व्याप्त भ्रष्टाचार तथा न्यायालय में लंबित मुकदमों की फाइलों के अचानक गायब हो जाने जैसे गंभीर मुद्दे प्रमुखता से उठाए।

उप जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। साथ ही खतौनी में गलत नाम के संशोधन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि आम जनता और अधिवक्ताओं को अनावश्यक परेशानी न हो। प्रशासन की ओर से मिले आश्वासन के बाद अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से चल रही न्यायिक प्रकिया का बहिष्कार समाप्त करने का निर्णय लिया और नियमित न्यायिक कार्य शुरू करने की घोषणा की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष कृपा शंकर मौर्य ने बताया कि बार और बेंच के बीच सकारात्मक वार्ता होने के बाद गतिरोध समाप्त कर दी गई है और अब सभी अधिवक्ता सामान्य रूप से न्यायिक कार्य करेंगे। बैठक में अधिवक्ता सुनील सिंह, सत्य प्रकाश मिश्रा, रामचंद्र दुबे, संत प्रकाश पांडे, जगदीश चंद्र यादव, आशुतोष श्रीवास्तव, महेंद्र यादव सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## खोड़ारे थाना क्षेत्र के ढ़ड़वा कुतुबजोत गांव से लापता चारों बच्चे सकुशल बरामद, गांव में खुशी की लहर

**अवधनामा संवाददाता**



**गोंडा।** जनपद के खोड़ारे थाना क्षेत्र अन्तर्गत ढ़ड़वा कुतुबजोत गांव से एक साथ लापता हुए चारों बच्चों को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सकुशल बरामद कर लिया। बच्चों के सुरक्षित मिलने से परिजनों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है तथा पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर बाद गांव के चार बच्चे अचानक लापता हो गए थे। बच्चों की उम्र लगभग 6 से 10 वर्ष के बीच बताई जा रही है। एक साथ चार बच्चों के गायब होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल स्वयं मौके पर पहुंचे और पुलिस टीमों को सघन तलाश अभियान के निर्देश दिए। पुलिस ने आसपास के खेतों और संभावित स्थानों पर गहन छानबीन की। लगातार प्रयासों के बाद सरसों के खेत से चारों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। बच्चों के सकुशल मिलने पर परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे। ग्रामीणों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। फिलहाल पुलिस बच्चों से पूंछताछ कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है और मामले की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## भूमि विवाद में एकतरफा कार्रवाई पड़ी भारी, थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

**गोंडा।** जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में एक भूमि विवाद मामले में कथित एकतरफा कार्रवाई को लेकर बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई हुई है। गंभीर आरोपों के बाद पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने परसपुर थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। मामले की विभागीय जांच क्षेत्राधिकारी करनैलगंज अभिषेक दवाच्या को सौंपी गई है।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि जमीन के विवाद में दोनों पक्षों के बीच पैसे का लेनदेन होने के बावजूद थाना स्तर पर केवल एक पक्ष के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई। शिकायत में यह भी कहा गया कि पीड़ित को थाने पर बैठाकर दूसरे पक्ष के पक्ष में जमीन का बैनामा कराने के लिए दबाव बनाया गया। बताया जा रहा है कि विवादित जमीन का पहले बैनामा किया गया था, लेकिन बाद में संबंधित मुकदमे में एक पक्ष हार गया। मुकदमे में हारने के बाद उसने अपनी दी गई रकम वापस मांगी।

## बजट में बुनकरों को नहीं मिली कोई राहत टांडा के पावरलूम उद्योग में निराशा



**अवधनामा संवाददाता**

**टांडा/अंबेडकरनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा प्रस्तुत यूपी बजट 2026ङ्क27 में पावरलूम बुनकरों के लिए हजारों करोड़ रुपये की योजनाओं की घोषणा तो की गई है। लेकिन टांडा के बुनकरों की सबसे बड़ी उम्मीद फ्लैट रेट बिजली दर में कमी को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है।

सरकार के दावों और जमीनी हकीकत के बीच यह अंतर बुनकर समुदाय के लिए गहरी निराशा और चिंता का विषय बना हुआ है। बजट में अटल बिहारी बाजपेयी पावरलूम बिजली फ्लैट रेट योजना के लिए 4,423 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव शामिल है। हालांकि बिजली दरों में कटौती या योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया है। इसका असर यह है कि टांडा के पावरलूम बुनकर अब भी महंगी बिजली की समस्या से जूझते रहेंगे और योजनाएं केवल कागजों और सरकारी घोषणाओं तक सीमित रह सकती हैं। स्थानीय बुनकरों और उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि योजनाओं का वास्तविक लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। एक पावरलूम बुनकर ने बताया कि उनकी स्थिति पहले जैसी ही बनी हुई है।

## मदरसा जामिया अरबिया मंजरे हक में हज यात्रियों को टीकाकरण व प्रशिक्षण दिया गया



**अवधनामा संवाददाता**

**टांडा अम्बेडकरनगर।** जनपद में दूसरे चरण में आज हज यात्रियों को नगर के मदरसा जामिया अरबिया मंजरे हक में टीकाकरण व प्रशिक्षण शिविर लगाया गया जहां कुल 114 लोगों को स्वास्थ्य विभाग टांडा की टीम ने उनको टीका लगाया शिविर में शामिल होने आए मोहम्मद असलम मियां साबरी ने शिविर की शुरुआत की इस दौरान उनके साथ मदरसा प्रबन्धक हाजी अशफ़ाक अंसारी व तमाम नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे स्वास्थ्य विभाग टांडा की टीम में ब्लाक कार्यक्रम से मोहम्मद इसराइल ऋचा पटेल कृष्ण मोहन जायसवाल सर्वत शबीह साहेब अली आदि लोग उपस्थित रहे शिविर में 58 पुरुष व 56 महिलाओं को प्रशिक्षण व टीकाकरण किया गया इससे पहले भी जनपद के जलालपुर में 14 फ़रवरी को टीकाकरण व प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था जिस शिविर में 73 हज यात्रियों को टीकाकरण व प्रशिक्षण दिया गया था। टीकाकरण के दौरान हज यात्रा पर जाने वाले शमशाद अहमद को स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने टीका लगाया व पोलियो की खुराक दी।

## कपिलवस्तु में एक साथ तीन जगह मिले संदिग्ध वस्तु, इलाके में दहशत

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु जिले में एक ही दिन तीन अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध वस्तुएं मिलने से हड़कंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई और मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई।

जानकारी के अनुसार हुलाकी राजमार्ग के अंतर्गत बर्गदी पुल के पास एक छोटा टिन का डिब्बा मिला, जबकि पूर्व-पश्चिम राजमार्ग के ड्रेनेज नाले के पास एक हुक बम बरामद किया गया। इसके अलावा बनकसबासा क्षेत्र के पास तार से पैक किया गया पीले रंग का एक और संदिग्ध वस्तु मिलने की पुष्टि सुरक्षा स्रोतों ने की है। इसी बीच गोरुसिंगेङ्कवनगाई सड़क खंड के जंगल क्षेत्र में सूखे नाले के किनारे भी एक और हुक बम मिलने की सूचना नेपाली सेना ने दी। डर और अफरा-तफरी फैलाने के उद्देश्य से रखे गए इस हुक बम को नेपाली सेना की शमशेर दलगण गोरुसिंगे की तकनीकी टीम ने सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया।

## होली-रमजान को लेकर खुनुवा बॉर्डर पर सख्त पहरा, पुलिस-एसएसबी की संयुक्त पैदल गश्त



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** आगामी त्योहार होली व रमजान को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के नेतृत्व में थाना शोहरतगढ़ पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा भारतङ्कनेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा स्थित खुनुवा क्षेत्र में पैदल गश्त की गई। गश्त के दौरान सीमावर्ती इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई तथा आम नागरिकों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी, थानाध्यक्ष शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह, चौकी प्रभारी खुनुवा वीरेन्द्र पासवान, एसएसबी निरीक्षक नवल सिंह सहित पुलिस व एसएसबी के अन्य जवान मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इस प्रकार की संयुक्त गश्त आगे भी जारी रहेगी, जिससे क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहेगा।

## पूर्व मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी का मना जन्मदिन

- डा0 द्विवेदी ने 48 वें जन्मदिन पर सभी लोगों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मान
- इटवा जेकेजे मैरेज हॉल में काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व लोग रहे मौजूद




**एजाज़ सिद्दीक़ी**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डा0 सतीश द्विवेदी का मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा इटवा स्थित जे के जे मैरेज हॉल में जन्मदिन मनाया गया। उनकी लंबी उम्र की कामना की गई। पूर्व मंत्री के जन्?मदिन समारोह को मनाने के लिए कई आयोजन किए गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, चेयर मैन इटवा विकास जायसवाल, बिस्कोहर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता व बढ़नी चेयर मैन समेत कार्यकर्ताओं ने केक काटा। लोगों को भोजन करवाया गया। इस मौके भाजपा जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा, सहित पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी व सैकड़ो गणमान्य लोगों ने अवतरण दिवस की बंधाई देकर दीर्घायु की कामना की। वहीं राजन पाण्डेय व अमर मणि दूबे गाजे बाजे के साथ कई बर्थडे गीत से लोगों का मनोरंजन किया।

**राजनीतिक जीवन :** द्विवेदी का राजनीतिक जीवन छात्र परिषद से शुरू हुआ। वे पहले ही प्रयास में विधानमंडल में सफल रहे। उत्तर प्रदेश की 17वीं विधानसभा (2017) के चुनाव में, उन्होंने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे ( समाजवादी पार्टी ) को 12,923 वोटों के अंतर से हराया । अगस्त 2019 में, योगी आदित्यनाथ सरकार के पहले मंत्रिमंडल विस्तार के बाद उन्हें बुनियादी शिक्षा के लिए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नियुक्त किया गया।

**प्रारंभिक जीवन और शिक्षा :** डा0 द्विवेदी का जन्म 1978 को उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के शनिचारा गाँव में स्वर्गीय अयोध्या प्रसाद द्विवेदी के घर हुआ था। 2009 में, उन्होंने डॉ. कल्याणी द्विवेदी से शादी की, उनके एक बेटा और एक बेटी है। 2010 में, उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।

## जोगिया थाना में समारोह आयोजित कर दी गई थानाध्यक्ष को विदाई



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जोगिया थाना परिसर में समारोह आयोजित कर यहां से स्थानांतरित हुए थानाध्यक्ष मीरा चौहान को विदाई दी गई। जिला सिद्धार्थ नगर के जोगिया थाना पर मंगलवार को आयोजित आयोजित विदाई समारोह थानाध्यक्ष मीरा चौहान के नेतृत्व की चर्चा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान उन्हें फूलों की माला व भगवान श्रीराम का स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। थानाध्यक्ष जोगिया मीरा चौहान प्रभारी एंटी रोमियो सेल सिद्धार्थ नगर बनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप निरीक्षक अवधेश यादव ने कहां एक कुशल प्रशासक के रूप में काम किया। गांव में झगड़े, मारपीट जैसे मामलों का समाधान अपने स्तर से ग्रामीणों की बैठक बुलाकर किया करती थी। उनके कार्य व्यवहार से लोग काफी खुश थे। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विकास के उत्तम शिखर पर पहुंचने की ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान एस आई जनार्दन यादव,हेड कास्टेबल रमेश चंद्र,त्रिपुरेश चौबे, राजेश गोंड, कांस्टेबल प्रदीप उपाध्याय, वीरेंद्र, सुधांशु, रवि, राजाराम,अजीत यादव आदि पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन आज और कल

**सिद्धार्थनगर।** भारत और नेपाल के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन 16 से 28 फरवरी, 2026 तक किया जा रहा है। सिद्धार्थनगर जिले में यह महोत्सव 18 एवं 19 फरवरी, 2026 को आयोजित होगा।

जानकारी के मुताबिक 18 फरवरी को दोपहर 2 बजे भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। इसके उपरांत सायं 4 बजे से बी.एस.ए. ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत कवि सम्मेलन एवं संगोष्ठी, एक जनपद-एक उत्पाद प्रदर्शनी, भारत-नेपाल सांस्कृतिक संबंधों पर आधारित चित्रकला एवं रंगोली प्रदर्शनी सहित विविध आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 फरवरी की सांस्कृतिक संध्या में लोक एवं शास्त्रीय गायन, लोक नृत्य तथा मुंबई के सुप्रसिद्ध गायक विशाल श्रीवास्तव की विशेष प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रहेगी।

## ब्लाक कार्यालय लोटन का निरीक्षण करने पहुंचे डीडीओ



- ब्लाक परिसर में चर्चा तेज होली के नाम पर चंदा न देने पर जांच की धमकी

**अवधनामा संवाददाता**

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन मे मंगलवार को जिला विकास अधिकारी द्वारा पंचायत सचिवों से होली का चंदा मांगने का मामला सामने आया है। ब्लाक परिसर में कुछ प्रधान व सचिवों का चर्चा तेज है कि डीडीओ ने चंदा न देने पर ग्राम पंचायतों की जांच करने की धमकी दी है। ब्लाक कर्मचारीयों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सभी ग्राम पंचायतों से दो-दो हजार रुपये होली का चंदा लगाया गया है। लेकिन लगभग दो वर्ष से मनरेगा का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे प्रधान चंदा देने में असमर्थता जता रहे हैं।

लोटन विकास खण्ड कार्यालय का मंगलवार को जिला विकास अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया निरीक्षण मे मनरेगा सेल, मुख्यमंत्री आवास, प्रधानमंत्री आवास, ग्रांट रजिस्टर। निरीक्षण में सम्पत्ति रजिस्टर आदि अधूरा मिलने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए 15 दिवस के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया ग्राम पंचायत मे बने सामुदायिक शौचालय का साफ सफाई करने का निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान डीडीओ ने कार्यालय में सचिवों की बैठक किए। नाम न छापने की शर्त पर कुछ सचिवों ने आरोप लगाया कि बैठक सिर्फ होली का चंदा वसूलने के लिए बुलाया गया था।

बैठक में चंदा न देने वाले सचिवों के ग्राम पंचायतों की जांच करने की धमकी दी गई। जिससे सचिवों व ग्राम प्रधानो मे आक्रोश है। प्रधानों ने भी चंदा का विरोध किया। डीडीओ राजमणि वर्मा का कहना है कि सारे आरोप बेबुनियाद है मैंने कार्यालय का निरीक्षण किया चन्दा किसी भी प्रधान व सचिव से नही मांगा गया है।

इस दौरान बीडीओ सर्वेश मोहन ,एडीओ पंचायत सदानंद वर्मा, सचिव रवीन्द्र कुमार जाटव, देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, लेखाकार राज किशोर, उमेश प्रसाद, वरिष्ठ सहायक उमेश चन्द्र राय, सहित तमाम ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत सचिव बने स्टेटिक मजिस्ट्रेट, एसआईआर होगा प्रभावित

**सिद्धार्थनगर।** जिले के नौगढ़, जोगिया, उसका बाजार, डुमरियागंज, शोहरतगढ़ समेत 14 विकास खंडों के करीब 42 ग्राम पंचायत सचिवों को बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर स्टेटिक मजिस्ट्रेट बना दिया गया है। इससे लगभग 200 से अधिक ग्राम पंचायतों में परिवार रजिस्टर का नकल बनाने में समस्या खड़ी हो गई। क्योंकि प्रत्येक सचिव के जिम्मे कम से कम चार से पांच ग्राम पंचायतों का प्रभार रहता है। इसका असर एसआईआर के सुनवाई पर भी पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि एसआई आर सुनवाई में परिवार रजिस्टर का नकल अहम दस्तावेज के रूप में काम कर रहा है। सचिवों को नहीं मिलने से समय से भाग एक का नकल नहीं मिल रहा है। ऐसे में समय से परिवार रजिस्टर का नकल नहीं मिला तो वोटर लिस्ट से नाम भी नहीं दर्ज नहीं हो पाएगा। इससे महत्वपूर्ण पर्व चुनाव प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाएंगे। जबकि देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमें मतदान का अधिकार मिला है। नौगढ़ विकास खंड के ग्राम पंचायत अहिरौली निवासी संतोष कुमार विश्वकर्मा व शारदा पांडेय ने बताया कि ब्लाक कार्यालय का चक्कर लगाते-लगाते थक गया हूं। अभी तक नकल नहीं मिल पाया हैं। यहीं हाल रहा तो हमारे परिजन एसआईआर सुनवाई से वंचित हो जाएंगे। ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए कि ऐसे महत्वपूर्ण समय में ग्राम पंचायत सचिवों को बोर्ड परीक्षा के स्टेटिक मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी से पृथक कर दें। जिससे आसानी से परिवार रजिस्टर का नकल ग्रामीणों को मिल सकें।

## माय भारत के तत्वावधान आयोजित 5 दिवसीय युवा मण्डल विकास अभियान का हुआ समापन




**सिद्धार्थनगर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की इकाई माय भारत के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के निर्देशानुसार 5 दिवसीय युवा मण्डल विकास अभियान 2026 शोहरतगढ विकास खण्ड मे चलाया गया। समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पी एन डी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक पंकज मौर्य ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए सभी को अध्यक्ष बनने की बधाई एवं अपने कार्य को अच्छे से सम्पादित करने का कर्तव्य भी याद दिलाया। इस दौरान नए युवा एवं युवती मंडलों का गठन एवं पुराने युवा मंडलों का नवीनीकरण के साथ युवाओं को माय भारत पोर्टल से जोड़ने का काम सभी सर्वेयरों द्वारा ब्लॉक के विभिन्न ग्राम पंचायतों मे किया गया। जिसका समापन मुड़िला बुजुर्ग मे किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक अजय कुमार गुप्त ने किया।

## किसान विकास पत्र भुगतान में लापरवाही का आरोप, डाकघर में घोटाले की आशंका

**कर्नलगंज (गोंडा)।** कर्नलगंज डाकघर में भारतीय डाक विभाग की एक योजना किसान विकास पत्र के भुगतान को लेकर गंभीर लापरवाही और घोटाले की आशंका का मामला सामने आया है। वहीं मंगलवार को डाकघर पहुंचे डाक अधीक्षक व अन्य कर्मचारियों पर अभद्रता व धमकी का गंभीर आरोप लगाया गया है। कर्नलगंज नगर के मोहल्ला बालूगंज निवासी एक उपभोक्ता ने बताया है कि किसान विकास पत्र की अवधि पूरी होने के बाद संबंधित प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर कराकर उसे डाकघर में ही रख लिया गया, लेकिन कई वर्षों से भुगतान नहीं किया जा रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्हें लंबे समय से ÷आज-कल÷ कहकर टाल दिया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में शिव शंकर भट्ट द्वारा गोंडा के तत्कालीन डाक अधीक्षक से शिकायत की गई थी। बताया जाता है कि उन्होंने मैनुअल जांच कराकर भुगतान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

## दुष्कर्म के प्रयास व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को 6 वर्ष का कारावास

**हजपुरा,अम्बेडकरनगर।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे अभियान ÷ऑपरेशन कन्विक्शन÷ के तहत जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप माननीय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, अम्बेडकरनगर की अदालत ने एक आरोपी को दोषी करार देते हुए कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

थाना सम्मनपुर पर वर्ष 2020 में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 197/2020, धारा 354, 376, 511 भारतीय दंड संहिता एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में आरोपी जयहिन्द पुत्र फागू निवासी सकरा यूसिफुपुर, थाना सम्मनपुर, जनपद अम्बेडकरनगर को न्यायालय ने दोषी पाया। माननीय न्यायालय ने आरोपी को 06 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए कुल 12,000 रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

# बाल उत्सव 'प्रगति-स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0' में बच्चों ने भरी रचनात्मक उड़ान

**अवधनामा संवाददाता**




**गोण्डा।** प्रकाश मैरिज हॉल, पंतनगर में मंगलवार को आयोजित प्रगतिङ्कस्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 बाल उत्सव में बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयुक्त, ने कहा कि मीना मंच केवल एक मंच नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों, स्वाभिमान और नेतृत्व क्षमता को सशक्त करने की प्रयोगशाला है। आयुक्त ने कहा कि जब बच्चे अपनी कहानी स्वयं लिखते हैं, कॉमिक्स बनाते हैं और जेंडर स्टीरियोटाइप, मीडिया के आदर्श स्वरूप तथा हानिकारक बॉडी टॉक जैसे विषयों पर विचार रखते हैं, तब वे केवल प्रतिभागी नहीं रहते–वे परिवर्तन के वाहक बनते हैं। शिक्षा का उद्देश्य पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न होकर अभिव्यक्ति, निर्णय क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता और नेतृत्व कौशल का विकास होना चाहिए। आयुक्त ने बच्चों की प्रस्तुतियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और डिजिटल युग में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों से नियमित रूप से संवाद बनाए रखें, उनकी भावनाओं, विचारों और समस्याओं को गंभीरता से सुनें तथा विश्वास का वातावरण तैयार करें, जिससे बच्चे स्वयं को अकेला या उपेक्षित न महसूस करें। आयुक्त ने विशेष रूप से बच्चों की स्क्रीन गतिविधियों पर संतुलित निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि मोबाइल, टीवी और इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। इसके विकल्प के रूप में खेलकूद, योग, व्यायाम और अन्य शारीरिक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अनेक बच्चे अवसाद, तनाव और नकारात्मक सोच से गुजर रहे हैं, ऐसे में अभिभावकों को समय-समय पर परामर्श (काउंसलिंग) की व्यवस्था करनी चाहिए। सकारात्मक आदतें, अनुशासन और संवेदनशील पालन-पोषण ही बच्चों को आत्मविश्वासी, संतुलित और जिम्मेदार नागरिक बनाने की मजबूत नींव रखते हैं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील के हाथों द्वारा पुरस्कृत किया गया। आयुक्त ने बताया कि पुरस्कृत बच्चों को स्टेट लेवल प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा। जिन बच्चों को पुरस्कार नहीं मिल सका, उनसे कहा गया कि यह अंतिम अवसर नहीं है–निरंतर प्रयास से सफलता अवश्य मिलेगी।

## नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन कथा वाचक ने श्रद्धालुओं को कथा का कराया रसास्वादन

**बांसी सिद्धार्थनगर।** खेसरहा क्षेत्र के कोटिया पाण्डेय गांव के चौराहे पर चल रहे नौ दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को कथा वाचक श्रीराम द्विवेदी महाराज ने श्रद्धालुओं को संगीतमयी कथा का रसास्वादन कराया। उन्होंने पार्वती जन्म से लेकर शिव विवाह तक की दिव्य कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथावाचक ने बताया कि पुराणों के अनुसार भगवान शिव का विवाह अत्यंत अनूठा और अद्भुत था। उन्होंने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि दक्ष पुत्री और भगवान शिव की पत्नी सती ने दक्ष यज्ञ में शिव के अपमान से आहत होकर हवन कुंड में कूदकर अपने प्राण त्याग दिए थे। इसके बाद सती ने हिमांचल के घर पार्वती के रूप में पुनर्जन्म लिया। भ्रमण करते हुए देवर्षि नारद जब हिमाचल के दरबार पहुंचे तो उन्होंने राजा की पुत्री को देखकर कहा, हे राजन आपकी पुत्री सर्वगुण संपन्न है। यह उमा, अंबिका और भवानी के नाम से विख्यात होगी तथा भगवान शिव से इनका विवाह होगा।

## पाकिस्तान फिर पस्त

भारत की क्रिकेट टीम के मुकाबले पाकिस्तान की टीम का हारना तो तय था, लेकिन मैच इतना एकतरफा रहेगा और पाक टीम लगातार 'सरेंडर' करेगी, इसकी उम्मीद नहीं थी। हालांकि विश्व चैम्पियन रहे, भारत के महानायक बल्लेबाज रहे सुनील गावस्कर ने आकलन किया था कि टीम इंडिया बहुत 'सुपीरियर' है। बीते दो सालों में वह खेल के चरमोत्कर्ष पर है। उसके मुकाबले पाक टीम तभी जीत सकती है, जब टीम इंडिया के सभी खिलाड़ी बहुत खराब खेलें। गावस्कर का आकलन 'सरस्वती वाणी' साबित हुआ और 'सुपीरियर' टीम ही विजयी रही। टी-20 विश्व कप के ग्रुप मैच में भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से मात दी। विश्व कप में भारत के खिलाफ पाक टीम की यह सबसे बड़ी, रौंददार पराजय है। अब भारत के पक्ष में जीत-हार का समीकरण 8-1 हो गया है। अर्थात् भारत ने टी-20 विश्व कप में 9 में से 8वीं बार पाक टीम को हराया है। यदि विश्व कप मुकाबलों को समग्रता में देखा जाए, तो दोनों टीमों ने कुल 17 मैच खेले हैं। उनमें से 16 मुकाबले टीम इंडिया ने जीते हैं। यह आईसीसी मुकाबलों में टीम इंडिया की लगातार 16वीं जीत है। हमने अंतिम पराजय एकदिनी विश्व कप, 2023 के फाइनल में झेली थी। उसके बाद टीम इंडिया 'अपराजेय' रही है। कमोबेश टी-20 में उसने ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की चैम्पियन रही टीमों को परास्त किया है और फिलहाल वह 'विश्व चैम्पियन' टीम है। टी-20 में भारत की रैंकिंग 'नंबर एक' है, जबकि पाकिस्तान 6-7वें स्थान पर है। टीम इंडिया ने कोलंबो की स्विंग, स्पिन और टर्निंग पिच पर 175 रन बनाए, जिसके नायक रहे इशान किशन। उन्होंने 40 गेंदों पर 77 रन बनाए और 10 चौके, तीन छक्के ठोंक दिए। यह टीम इंडिया के खेल की बानगी भर है।

उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। बधाई। यह विश्व कप में पाक टीम के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है। इस पिच पर 150-160 रन बना कर भी विरोधी टीम को पस्त किया जा सकता है। बहरहाल पाक टीम 114 रन ही बना पाई और पूरे 20 ओवर भी खेल नहीं सकी। हमारे बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट लिए और कुलदीप यादव, तिलक वर्मा के हिस्से भी 1-1 विकेट आई। यह विश्व कप में पाक टीम का तीसरा सबसे कम स्कोर है। पाकिस्तान के उस्मान खान ने ही संघर्ष करके 44 रन बनाए और अंत में शाहीन ने नाबाद 23 रन बनाए, लेकिन तब तक मैच मुट्ठी से सरक चुका था। शेष पाक टीम के बल्लेबाज बिखरते चले गए। ऐसा लग रहा था मानो किसी अंतरराष्ट्रीय टीम के सामने कोई स्थानीय स्तर की नौसीखिया टीम खेल रही हो! बाबर आजम 142-143 मैच खेल चुके हैं, बड़े मंचों पर वह लगातार नाकाम रहे हैं, उन्होंने मात्र 5 रन बनाए और अक्षर ने उन्हें बोल्ड कर दिया, लिहाजा उन्हें अब 'संन्यास' पर विचार करना चाहिए। बहरहाल भारत-पाक मैच के आंकड़े और विवरण दुनिया के सामने है, लेकिन अब 'कृत्रिम उन्माद' और 'मिथक' खत्म कर देने चाहिए। दशकों से शोर मचाया जाता रहा है कि भारत-पाक का मैच 'महामुकाबला' है, 'सबसे बड़ी भिड़ंत' है, 'क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता' है। अब ये छद्म विशेषण समाप्त किए जाने चाहिए, क्योंकि मुकाबलों के नतीजे और सच सामने हैं। कोई तुलना नहीं, कोई मुकाबला नहीं, कोई बराबरी नहीं, भारत-पाक टीमों के प्रदर्शनों में जमीन-आसमान का फर्क है।


## बढ़ती आयु को जीवन में ढलान के दौरान नकात्मक बनने से स्वयं रोकना होगा

बुढ़ापे की आहट और सुगबुगारह अनुभव होने पर अपनी चाल की रफ्तार और संतुलन में सामनहस्य स्थापित करेते हुए जीवन के आवश्यक कार्य कलापों पर पर्याप्य नियन्त्रण एवं अधिपत्य, जीवन का सरलतम नुस्खा होता है। जीवन के इस अन्तिम पड़ाव में आपको अपना चिकित्सक स्वयं बनना होगा। यदि चलने के दौरान संतुलन बनाए रख् पाने में आपाक नित्रयंत्रण डगमगा/प्रभावित हो रहा है तो इसे आपको ही तत्काल सुधारना होगा। धीमी पड़ने वाली चाल को आने स्तर पर अपेक्षाकृत बढ़ाकर इसे सामान्य करना होगा अपने हाथों की पकड़ पर भी पर्याप्त मजबूती लाना चाहिए। पकड़ मजबूत करने के लिए गीले कपड़ों को कसकर निचोड़ा करें, सीधे खड़े रहकर, एक पैर पर अपना संतुलन बनाए रखने का प्रयास करें। चलते हुए गिर जाना, जीवन के 65वें वर्ष उपरान्त मृत्यु का समय निकट होन का संकेत हो सकता है। सचेत रहतें हुए कुर्सी के हथ्थे को पकड़कर उसके सहारे उठने का प्रयास किया करें, रात में नींद यदि सुचारू रूप् से आना बंद हो जाए, तो यह भी अंत समय के निकट होने का संकेत हो कसता है। नींद मं लगातार आ रही बाधा, किसी अनहोनी व गड़बड़ का संकेत हो सकती है। ऐसी दशा में स्वयं की दिनचर्याओं पर तुरंत अपने नियंत्रण से तद्नुसार परिवर्तित करना होगा।



मोहम्मद कमर खाँ

सोने से पहले चमकदार दृश्यों से परहेज करें, और प्रकाश रहित माहौल, अच्छी नींद के लिए अनुकूल व आवश्यक है। सही समय पर पर्याप्त भूख न लगना भी, जीवन में गंभीर समस्याओं की ओर एक स्पष्ट इशारा होता है। यह सोच गलत है कि कम खाने से जीवन का सुचारू संचालन संभव है लिहाजा संतुष्टि के अनुरूप् नियमित लंच व डिनर लेते रहें, इसके अतिरिक्त तनाव भी जीवन को नकारात्क रूप से प्रभावित कर सकता है, अस्तु तनाव से बचाव सुनिश्चित किया जाना चाहिए, क्योंकि तनाव दिल की बीमारी व मेंटल स्ट्रोक का कारण भी बन सकता है। तनाव से बचने के लिए लोगों से मिलना जुलना और बातचीत करते रहना चाहिए, इससे मन बहला रहता हे इसके अतिरिक्त शरीर से महसूस किये जाने वाले एहसासों के साथ जीने की आदत, हमें डाल लेनी चाहिए या यूं कहें कि स्वयं के अंदर स्थापित ऐसे एहसासों पर आधारित आपके व्यक्तिगत पैथालोजी लैब में, हमें ठोस, द्रब और गैस आधारित अवयवों के बीच समुचित तालमेल स्थापित रखना होगा अर्थात सारे अवयवों की शरीर के अंदर की सन्तुलित रूप में स्थापित रखना चाहिए साथ ही शरीर में मौजूद द्रव अपनी मल मात्रा में निर्यत्रित रखे जेसे रकत जल व मूत्र आदि की समुचित मात्र अस्तित्व में मौजद मे रहे। स्वयं हेतु उपरोक्तानुसार चिकित्सा, अपने ही स्तर पर संचालित करते हुए अपने जीवन और उसकी गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी व निखार विकसित करके पश्चात हो आप शेष जीवन को सकार एवं सफ्ल बना पाएंगे।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**माँ काली के प्रति उनकी भक्ति अथाह थी। वे मंदिर में पहुँचते ही माँ के चरणों में सिर झुकाते और घंटों भजन-कीर्तन में लीन हो जाते। एक बार उन्होंने माँ काली से भोजन माँगा तो माँ ने स्वयं भोजन परोस दिया। ऐसी अनेक लीलाएँ उनके जीवन में घटित हुईं, जो सिद्ध संत के प्रमाण हैं। रामकृष्ण को माँ काली के दर्शन हुए। वे कहते, माँ काली मेरी माँ हैं, वे मुझे भोजन कराती हैं, स्नान कराती हैं। उनकी साधना इतनी तीव्र थी कि वे रात-दिन माँ के चिंतन में रहते। कभी-कभी वे मंदिर छोड़कर जंगल में चले जाते और पेड़ों पर चढ़कर माँ को पुकारते।**

# माँ काली के भक्त से परमहंस तक का सफर

रामकृष्ण परमहंस का जीवन भारतीय आध्यात्मिक इतिहास की एक अमूल्य धरोहर है। 18 फरवरी 1836 को पश्चिम बंगाल के हुगली नदी के किनारे बसे छोटे से ग्रामीण क्षेत्र कामारपुकुर में एक साधारण ब्राह्मण परिवार में उनका जन्म हुआ था। उनके पिता खुदीराम चट्टोपाध्याय एक गरीब लेकिन धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, जो गाँव में पूजा-पाठ और धार्मिक कार्यों से जुड़े रहते थे। माता चंद्रमणि देवी भी परम भक्तिमयी स्त्री थीं, जिनकी गोद में बालक गदाधर-रामकृष्ण का बाल नाम-को बचपन से ही ईश्वरीय ज्योति प्राप्त हुई। गदाधर बचपन से ही असामान्य थे। वे सामान्य बाल लीला में कम रुचि रखते थे और अधिकतर वन-उपवन में भगवान के दर्शन में लीन रहते। गाँव के लोगों को अक्सर देखते कि वे पेड़ों की डालियों पर चढ़कर नाचते-गाते या मिट्टी के रूप में देवी-देवताओं की मूर्तियाँ बनाकर उनकी पूजा करते। एक बार होली के अवसर पर वे श्रीकृष्ण भक्ति में इतने तल्लीन हो गए कि नाचते-नाचते सामाधि की अवस्था में चले गए, जिससे गाँव वाले आश्चर्यचकित रह गए। इस घटना ने उनके आध्यात्मिक गुणों का प्रारंभिक परिचय दिया।



महेन्द्र तिवारी

कामारपुकुर से मात्र छह वर्ष की आयु में वे पिता के निधन के बाद भी आनंदमय रहते। किशोरावस्था में वे भाई रामकुमार के साथ पश्चिमी बंगाल के दक्षिणेश्वर पहुँचे। दक्षिणेश्वर काली मंदिर, जो रानी रासमणि द्वारा निर्मित एक भव्य स्थल था, हुगली नदी के तट पर स्थित है। यहाँ नवनिर्मित काली मंदिर में रामकुमार पुजारी थे। गदाधर ने भी पूजा-अर्चना में सहायता की। धीरे-धीरे वे मंदिर के मुख्य पूजारी बन गए। माँ काली के प्रति उनकी भक्ति अथाह थी। वे मंदिर में पहुँचते ही माँ के चरणों में सिर झुकाते और घंटों भजन-कीर्तन में लीन हो जाते। एक बार उन्होंने माँ काली से भोजन माँगा तो माँ ने स्वयं भोजन परोस दिया। ऐसी अनेक लीलाएँ उनके जीवन में घटित हुईं, जो सिद्ध संत के प्रमाण हैं। रामकृष्ण को माँ काली के दर्शन हुए। वे कहते, माँ काली मेरी माँ हैं, वे मुझे भोजन कराती हैं, स्नान कराती हैं। उनकी साधना इतनी तीव्र थी कि वे रात-दिन माँ के चिंतन में रहते। कभी-कभी वे मंदिर छोड़कर जंगल में चले जाते और पेड़ों पर चढ़कर माँ को पुकारते। इस तीव्र साधना से वे शारीरिक रूप से दुर्बल हो गए, लेकिन आध्यात्मिक ऊँचाइयों को छू लिया।

रामकृष्ण की आध्यात्मिक यात्रा विविध मार्गों से होकर गुजरी। प्रथम वे शाक्त साधना में लीन हुए। भैरवी ब्राह्मणी नामक एक विदुषी साधिका उनके पास पहुँचीं और उन्हें तंत्र साधना का उपदेश दिया। उन्होंने चण्डी पाठ, देवी महात्म्य का पाठ किया और श्मशान साधना में प्रवेश किया। श्मशान में साधना करते हुए उन्हें अनेक सिद्धियाँ प्राप्त हुईं, किंतु वे कभी उनका उपयोग नहीं किया। इसके पश्चात्



उन्होंने वैष्णव साधना अपनाई। राधा-कृष्ण भक्ति में वे इतने तल्लीन हुए कि स्वयं को राधा समझने लगे। वे कहते, मैं राधा हूँ, गोपियों में एक गोपी। इस साधना से उन्हें विराट रास का दर्शन हुआ। तत्पश्चात् उन्होंने इस्लाम धर्म का अभ्यास किया। एक सूफी संत के मार्गदर्शन में उन्होंने अल्लाह का स्मरण किया और अल्लाह का दर्शन प्राप्त किया। ईसाई धर्म की साधना में बाइबिल पढ़ी और जीसस क्राइस्ट का दर्शन हुआ। अंत में तोतापुरी नामक नगा साधु उनके पास आए। तोतापुरी ने उन्हें अद्वैत वेदांत का उपदेश दिया। रामकृष्ण ने पंचवटी में निराकार ब्रह्म की साधना की। तोतापुरी ने कहा, यह काली रूपी अज्ञान को काट डालो। रामकृष्ण ने नेत्र बंद कर निराकार सत्य को देखा। परंतु माँ काली के प्रति प्रेम के कारण नेत्र खुलते ही माँ दिखीं। तोतापुरी ने 6 दिनों तक प्रयास किया और अंत में रामकृष्ण को समाधि प्राप्त हुई। इस प्रकार उन्होंने सभी धर्मों का साधना कर एक ही परम सत्य की प्राप्ति की। उनका प्रसिद्ध कथन है, जितने मत, तितने पथ। अर्थात् जितने मत हैं, उतने ही मार्ग ईश्वर तक पहुँचने के। वे कहते, जैसे विभिन्न नदियाँ समुद्र में मिल जाती हैं, वैसे सभी धर्म ईश्वर तक पहुँचाते हैं।

रामकृष्ण का व्यक्तिगत जीवन भी आध्यात्मिकता से परिपूर्ण था। उनका विवाह सारदा देवी से हुआ, जो मात्र 5 वर्ष की थीं। विवाह मात्र नाममात्र का था। सारदा देवी बाद में उनकी आध्यात्मिक सहधर्मिणी बनीं और रामकृष्ण मिशन में माँ शारदा के रूप में पूजनीय हुईं। रामकृष्ण कहते, सारदा मेरी शक्ति हैं। वे गृहस्थ जीवन में रहते हुए संन्यासी के समान ब्रह्मचर्य का पालन करते। उनके भतीजे हृदय ने उनके दैनिक कार्यों में सहायता की। रामकृष्ण को भक्तों के बीच भवसमाधि की अवस्था आ जाती। भवसमाधि में वे ईश्वरानुभूति में डूब जाते। केशव चंद्र सेन जैसे ब्रह्म समाज के विद्वान उनके दर्शन को आते। रामकृष्ण ब्रह्म समाज को प्रेम पूर्वक उपदेश देते। वे कहते, भगवान भक्ति के बिना ज्ञान नहीं। उनके उपदेश सरल, ग्रामीण भाषा में होते, किंतु गहन अर्थपूर्ण। वे कहानियों, दृष्टांतों से समझाते। जैसे, मछली जाल में फँस जाती है, किंतु पानी को कभी नहीं छोड़ती। वैसे भक्त संसार के जाल में फँसकर भी ईश्वर को नहीं छोड़ता।

रामकृष्ण के जीवन में विवेकानंद का आगमन एक महत्वपूर्ण घटना थी। नरेंद्रनाथ दत्त नामक युवा, जो ब्रह्म समाज से जुड़े थे, उनके पास संशय लेकर आए। रामकृष्ण ने कहा, हाँ, ईश्वर हैं। धीरे-धीरे नरेंद्र उनके प्रमुख शिष्य बने। रामकृष्ण ने उन्हें संन्यास का उपदेश दिया। अन्य शिष्य जैसे राकहल, बाबुराम, निरंजनानंद आदि भी उनके चरणों में बैठे। रामकृष्ण ने कहा, मेरे शिष्य जगत के कल्याण के लिए जन्मे हैं। 1885 में उन्हें गले का कर्करोग हुआ। वे कोसिपुर उद्यान बारी में रहे। वहाँ भक्तों ने सेवा की। अंतिम दिनों में वे शिष्यों को उपदेश देते रहे। 16 अगस्त 1886 को वे महासमाधि को प्राप्त हुए। मृत्यु से पूर्व उन्होंने विवेकानंद को मिशन का उत्तराधिकारी बनाया। रामकृष्ण की विरासत रामकृष्ण मिशन के रूप में आज विश्वव्यापी है। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में इसकी स्थापना की। मिशन शिक्षा, चिकित्सा, आपदा राहत, ग्रामीण विकास में सक्रिय है। रामकृष्ण मठ विश्व भर में हैं। उनके उपदेश श्री रामकृष्ण कथामृत में संकलित हैं, जो महेंद्रनाथ गुप्त (श्रीम) द्वारा लिखित है। यह ग्रंथ उनके संवादों का संग्रह है। रामकृष्ण ने वेदांत को आधुनिक रूप दिया। वे कहते, नर से नारायण बनना। अर्थात् मनुष्य को ईश्वर प्रकट करना। उनके विचार सभी धर्मों के प्रति समावेशी हैं। आज के विभाजित समाज में उनकी एकता का संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। महात्मा गांधी, रवींद्रनाथ टैगोर जैसे महापुरुष उनके अनुयायी रहे। विवेकानंद ने शिकागो धर्म संसद में रामकृष्ण के संदेश को विश्व पटल पर पहुँचाया। रामकृष्ण का जीवन प्रमाणित करता है कि सच्ची साधना सीमाओं से परे होती है। वे न तो विद्वान थे, न लेखक, किंतु उनके हृदय से निकले वचन अमर हैं।

# यूपी में 2027 की लिखी जा रही पठकथा

**यूपी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर लगभग सभी पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी हैं। यूपी में जिस पार्टी की सरकार बनती है, उसका राष्ट्रीय राजनीति पर प्रभाव व्यापक रूप से देखा जाता है। इसका कारण जनसंख्या, लोकसभा सीटों की संख्या और राजनीतिक नेतृत्व की राष्ट्रीय भूमिका से जुड़ा है। इसलिए सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल पहले से ही तैयारी में जुटे हैं।**

केन्द्र में सत्तासीन भाजपा जहॉं एक ओर एसआईआर, यूजीसी और अब एपस्टीप फाइल और पूर्व सेनाध्यक्ष की अप्रकाशित आत्मकथा के मुद्दें में उलझी है वही दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में विपक्षी दल तेजी से अपना दायरा बढ़ा रहा है। बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा को बड़ा झटका देते हुए 37 सीटे और विधानसभा में प्रमुख विपक्षी दल के रूप में 108 विधायकों का जनाधार लेकर चल रही समाज वादी पार्टी उत्तर प्रदेश में बहुत तेजी से भाजपा का विकल्प बनने के लिए आतूर दिख रही है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) 2022 विधानसभा चुनावों के बाद से लगातार अपना जनाधार बढ़ा रही है, जिसमें पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूले ने प्रमुख भूमिका निभाई है। पार्टी ने पारंपरिक यादव-मुस्लिम समीकरण से आगे बढ़कर गैर-यादव पिछड़ी जातियों और दलितों को जोड़ा है, जिससे भाजपा के सामने एक मजबूत विकल्प के रूप में उभर रही है। पीडीए यानि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं को एकजुट करने की रणनीति ने पार्टी को मजबूती दी है। पार्टी ने कुर्मी, राजभर, शाक्य और मौर्य जैसी पिछड़ी जातियों के नेताओं को जोड़कर अपनी पैठ बढ़ाई है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी ज़मीनी स्तर पर, विशेषकर युवा और ग्रामीण मतदाताओं के बीच सक्रियता बढ़ा रही है। लोकसभा में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव जिस तरह से आमजनमानस के मुद्दे उठा रहे है उसका सीधा प्रभाव वर्तमान युवा वोटरों पर दिखने लगा है।



प्रेम शर्मा

लेकिन इसका सीटों के इजाफे में कितना फायदा होगा यह समय बतायेगा। राजनैतिज्ञ विशेषज्ञ उत्तर प्रदेश में एम और वाई फैक्टर के पूर्व अनुमानों के आधार पर यही कह रहे है कि उत्तर प्रदेश में 2027 भी सीएम योगी के नाम रहेगा।



वैसे तो 2022 विधानसभा चुनाव और 2024 लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन ने पार्टी के मनोबल को बढ़ाया है। बसपा सरकार में कई विभागों के कैबिनेट मंत्री रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी रविवार को अपने समर्थकों समेत सपा में शामिल होना उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू ने भी सपा का दामन थाम लिया। यूपी की राजनीति में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व कद्दावर नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी के समाजवादी पार्टी (सपा) में शामिल होने पर इसका सीधा असर जिले की राजनीतिक समीकरणों पर पड़ने की प्रबल संभावना है। बांदा जो ऐतिहासिक रूप से एक महत्वपूर्ण राजनीतिक केंद्र रहा है। इस नए गठजोड़ से चुनावी परिदृश्य में बड़े बदलाव देखे जा सकते हैं। नसीमुद्दीन सिद्दीकी जो कभी बसपा सुप्रीमो मायावती के दाहिने हाथ माने जाते थे, का राजनीतिक अनुभव काफी लंबा और प्रभावशाली रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि आजम खान जैसे प्रमुख मुस्लिम चेहरे की अनुपस्थिति में सपा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड के मुसलमानों के बीच मजबूत जमीनी नेता की जरूरत थी। नसीमुद्दीन का इन क्षेत्रों में अच्छा प्रभाव है और वे कुशल रणनीतिकार माने जाते हैं। सपा में उन्हें पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक एजेंडे को मजबूत करने, संगठन विस्तार और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका मिल सकती है।

आगामी चुनाव 5 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के बाद 2027 की फरवरी - मार्च 2027 में होने की उम्मीद है. यूपी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर लगभग सभी पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी हैं। यूपी में जिस पार्टी की सरकार बनती है, उसका राष्ट्रीय राजनीति पर प्रभाव व्यापक रूप से देखा जाता है. इसका कारण जनसंख्या, लोकसभा सीटों की संख्या और राजनीतिक नेतृत्व की राष्ट्रीय भूमिका से जुड़ा है. इसलिए सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दल पहले से ही तैयारी में जुटे हैं। 2027 के चुनाव में कई दल कड़ी टक्कर में रहेंगे जिनमें भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी , बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस, राष्ट्रीय लोक दल, क्षेत्रीय दल और स्थानीय गठबंधन भी मुकाबले को प्रभावित कर सकते हैं। बहरहाल आगामी चुनाव में गठबंधन एक बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। विपक्षी दल रणनीतिक सीट बंटवारे और संयुक्त अभियान की योजनाओं पर पहले से ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एक बार फिर उत्तर प्रदेश में चुनावी मुद्दों में रोजगार और आर्थिक विकास, कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा प्रमुख, किसानों की स्थिति और कृषि नीतियां, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं, बिजली, सड़क और बुनियादी ढांचा, सामाजिक समीकरण और क्षेत्रीय विकास की प्रमुख रहने की संभावना है।

फिलहाल उत्तर प्रदेश में भाजपा के भीतर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के बीच बढ़ती कथित दूरी को लेकर सियासी हलचल तेज है। बजट सत्र के संदेश के बाद चर्चाओं ने जोर पकड़ा है। राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यदि समन्वय कमजोर पड़ा, तो 2027 विधानसभा चुनाव में इसका कुछ हद तक असर दिख सकता है। भाजपा की कार्यशैली में संगठन सर्वोपरि माना जाता है। सरकार संगठन की नीतियों का क्रियान्वयन करती है। परंतु जब दोनों के बीच सामंजस्य की कमी का आभास होता है, तो संदेश कार्यकर्ताओं तक नकारात्मक रूप में पहुँच सकता है। प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के बीच तालमेल केवल व्यक्तिगत संबंधों का विषय नहीं, बल्कि लाखों कार्यकर्ताओं के मनोबल से भी जुड़ा होता है। वैसे भी समाजवादी पार्टी और कांग्रेस जैसी विपक्षी पार्टियां पहले ही भाजपा में कथित अंतर्विरोधों को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही हैं। यदि यह धारणा बनी रहती है कि शीर्ष नेतृत्व में मतभेद हैं, तो विपक्ष इसे 2027 में चुनावी हथियार बना सकता है। भाजपा के आंतरिक सूत्रों की माने तो विपक्ष की यह रणनीति 2024 लोकसभा चुनाव में मिले सबक से मिली है, जहां जातीय गठजोड़ों ने कुछ सीटों पर असर डाला था, लेकिन योगी सरकार की सख्ती और विकास योजनाओं ने हिंदू वोट बैंक को मजबूत रखा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के राहुल गांधी के बीच हाल की मुलाकातों से गठबंधन की संभावना बनी हुई है, अगर ऐसा हुआ तो निश्चित तौर पर ओबीसी की पार्टी की भूमिका भी इस चुनाव में सामने आएगी।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि, यूपी की राजनीति जातीय समीकरणों पर टिकी है और बिना इन्हें तोड़े विपक्ष की जीत मुश्किल है। ऐसी स्थिति में बीएस की भूमिका को नकारा नही जा सकता। वैसे भी प्रदेश की 200 सीटों पर बसपा वोटरों की संख्या सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाता है। जबकि भाजपा का वोटर 100 और सपा 70 पर ही महत्वपूर्ण भागीदारी दर्ज कराता है। अब तक लबोलुआब यह कि 2027 चुनाव से पहले यह घमासान विपक्ष की एकजुटता और भाजपा की रणनीति को परखेगा। लेकिन फिलहाल, योगी आदित्यनाथ का नेतृत्व भाजपा को मजबूत स्थिति में रखता है।

# संविधान बनाम शरीअत : टकराव की कहानी या सहअस्तित्व की सच्चाई

**यदि शरीअत को उसके मूल स्रोतों और उद्देश्यों की रोशनी में समझा जाए तो उसका केंद्र भी सामाजिक न्याय, अनुशासन, शांति, वचन-पालन और सार्वजनिक कल्याण ही है। शरीअत का प्रश्न सत्ता की धार्मिक पहचान से नहीं, बल्कि अधिकार के न्यायपूर्ण उपयोग से जुड़ा हुआ है। इस्लामी न्यायशास्त्र में देशों के वर्गीकरण के संदर्भ में अनेक विद्वानों की राय रही है कि जहाँ मुसलमानों को धार्मिक स्वतंत्रता, जीवन और संपत्ति की सुरक्षा तथा शांतिपूर्ण जीवन का अवसर प्राप्त हो, वह क्षेत्र दारुल-अमन या दारुल-अहद की श्रेणी में आता है।**

हाल के दिनों में भारतीय न्यूज़ चैनलों के स्टूडियोज़ में मुस्लिम पैनलिस्टों और राजनीतिक प्रतिनिधियों के सामने एक प्रश्न असामान्य तीव्रता और कृत्रिम आग्रह के साथ बार-बार उछाला जा रहा है, शरीअत या संविधान। पहली दृष्टि में यह प्रश्न बौद्धिक जिज्ञासा का प्रतीक प्रतीत होता है, किंतु इसकी संरचना और प्रस्तुति बताती है कि यह मूलतः ज्ञान की खोज नहीं, बल्कि ऐसा प्रश्न है जिसे उत्तेजना पैदा करने के लिए उद्देश्यपूर्वक गढ़ा गया है। यह संवाद की शुरुआत नहीं करता, बल्कि टकराव की भूमि तैयार करता है।




कफील क़ासमी

दरअसल यह प्रश्न उत्तर प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि शोध के स्थान पर तमाशा और समझ के स्थान पर सनसनी और शोर पैदा करने के लिए गढ़ा गया है, इसका वास्तविक उद्देश्य न तो शरीअत की मूल भावना को समझना है और न ही भारतीय संविधान की आत्मा को स्पष्ट करना, बल्कि देश की दूसरी सबसे बड़ी आबादी को लगातार सफाई देने की स्थिति में बनाए रखना है, ताकि उसकी धार्मिक पहचान और राष्ट्रीय निष्ठा में से किसी एक पर संदेह खड़ा किया जा सके। यही इस प्रश्न की दिशा भी है और लक्ष्य भी।

यदि इस बहस को गंभीर संवैधानिक और धार्मिक दृष्टि से देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि यह किसी अनिवार्य टकराव की नहीं, बल्कि संतुलन और सहअस्तित्व की कहानी है, ऐसा संबंध जो न संविधान का निषेध करता है और न शरीअत का।

भारतीय संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की स्पष्ट गारंटी देता है। अनुच्छेद 25 प्रत्येक नागरिक को अंतः करण की स्वतंत्रता तथा अपने धर्म को मानने, उसका पालन करने और प्रचार करने का अधिकार प्रदान करता है, बशर्ते वह सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के विरुद्ध न हो। यह शर्त किसी एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए समान रूप से लागू है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक निर्णयों में यह स्पष्ट किया है कि राज्य का दायित्व धर्म को निजी जीवन तक सीमित करना नहीं, बल्कि विविध आस्थाओं को संवैधानिक ढांचे में संरक्षण देना है।

दूसरी ओर, यदि शरीअत को उसके मूल स्रोतों और उद्देश्यों की रोशनी में समझा जाए तो उसका केंद्र भी सामाजिक न्याय, अनुशासन, शांति, वचन-पालन और सार्वजनिक कल्याण ही है। शरीअत का प्रश्न सत्ता की धार्मिक पहचान से नहीं, बल्कि अधिकार के न्यायपूर्ण उपयोग से जुड़ा हुआ है। इस्लामी न्यायशास्त्र में देशों के वर्गीकरण के संदर्भ में अनेक विद्वानों की राय रही है कि जहाँ मुसलमानों को धार्मिक स्वतंत्रता, जीवन और संपत्ति की सुरक्षा तथा शांतिपूर्ण जीवन का अवसर प्राप्त हो, वह क्षेत्र दारुल-अमन या दारुल-अहद



की श्रेणी में आता है। ऐसी स्थिति में राज्य के कानूनों का पालन करना धार्मिक दृष्टि से भी आवश्यक माना गया है, क्योंकि यह सामाजिक अनुबंध और आपसी विश्वास का हिस्सा है। इस्लाम में वचनभंग को गंभीर नैतिक और धार्मिक अपराध माना गया है। क़ुरआन में स्पष्ट निर्देश है, ÷ऐ ईमान वालों! अपने वादों को पूरा करो।÷ इस आयत में ईमान वालों को अपने सभी समझौतों, वादों और जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आदेश दिया गया है, चाहे वे ईश्वर के साथ किए गए वादें हों या मनुष्यों के साथ, राज्य और समाज से जुड़े अनुबंध हों या आपसी व्यवहार और सामाजिक संबंधों से संबंधित दायित्व। इस सिद्धांत को इस्लामी विद्वानों ने सामाजिक और राज्यीय समझौतों की आधारशिला माना है। हाँ, यदि कोई कानून व्यक्ति को प्रत्यक्ष रूप से पाप या अन्याय के लिए बाध्य करे, तो उसके विरुद्ध शांतिपूर्ण और संवैधानिक प्रतिरोध का अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था स्वयं प्रदान करती है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सुधार का मार्ग हिंसक टकराव नहीं, बल्कि कानूनी, नैतिक और संवादात्मक प्रक्रिया है। बहुधार्मिक समाजों में मुसलमानों की पहचान भी इसी आचरण, कानून-सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक प्रतिबद्धता से बनती है, न कि टकराव से।

इसके बावजूद संविधान या शरीअत का प्रश्न आज प्राइम-टाइम बहसों का स्थायी विषय बना दिया गया है। एक तयशुदा पटकथा, आक्रामक शैली और प्रतीकात्मक प्रस्तुति के माध्यम से ऐसे दृश्य रचे जाते हैं जिनमें बहस ज्ञान का माध्यम न रहकर व्यक्तिगत संघर्ष में बदल जाती है। यह संयोग नहीं, बल्कि एक मीडिया-रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसमें मुसलमानों को दो कृत्रिम विकल्पों के बीच खड़ा किया जाता है। यदि वे संविधान की बात करें तो उनकी धार्मिक पहचान पर प्रश्नचिह्न लगा कर उनकी धार्मिक पहचान से त्याग के संकेत देते हुए टिकर चला दिए जाएँ और यदि शरीअत का उल्लेख करें तो उनकी देशभक्ति संदिग्ध बना दी जाए। इस स्थिति को और जटिल तब बना दिया जाता है जब कुछ अपरिपक्व या भावनात्मक मौलवी नुमा वक्ता इस तमाशे का हिस्सा बन जाते हैं। उन्हें न तो गंभीर विधिक चर्चा के लिए बुलाया जाता है और न धार्मिक विमर्श के लिए; बल्कि इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि बहस का स्तर गिरकर उत्तेजक नारों तक सीमित रह जाए। परिणामस्वरूप समाज में यह धारणा मजबूत होती है कि मुसलमान संविधान से टकराव की स्थिति में हैं, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है।

यह भी समझना आवश्यक है कि संविधान एक स्थिर दस्तावेज नहीं है; वह न्यायिक व्याख्याओं और लोकतांत्रिक विमर्श के माध्यम से निरंतर विकसित होता रहता है। इसी प्रकार इस्लामी विधि परंपरा भी समय और परिस्थिति के अनुसार अपनी बुनियादी सिद्धांतों पर कायम रहते हुए व्याख्या की जीवंत क्षमता रखती है। इन दोनों गतिशील परंपराओं को टकराव के रूप में प्रस्तुत करना बौद्धिक ईमानदारी के विरुद्ध है। भारतीय मुसलमान किसी अलग दुनिया में नहीं रहते। वे इसी देश के नागरिक हैं, इसी संविधान के अंतर्गत अधिकार और कर्तव्य निभाते हैं, और इसी समाज के साथ उनकी साझी जीवन यात्रा जुड़ी हुई है। उनकी निष्ठा का प्रमाण बार-बार मांगना दरअसल संविधान की समावेशी भावना को ही कमजोर करता है। निष्ठा और

वफादारी मीडिया ट्रायल में सिद्ध नहीं होती, वह किसी समुदाय की देश के प्रति दी गई कुर्बानियों, उसके ऐतिहासिक योगदान और संविधान से उसकी निरंतर व्यावहारिक प्रतिबद्धता से प्रमाणित होती है। देश की दूसरी सबसे बड़ी आबादी, यानी मुसलमानों के संदर्भ में भारत के इतिहास के पन्नों पर इन सच्चाइयों की स्पष्ट और उज्ज्वल गवाही दर्ज है।

# शिक्षा मंत्री ने किया राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी, जिसमें कुल 53,37,778 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम लखनऊ में टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001806607 और 18001806608 उपलब्ध हैं। यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18001805310 और 18001805312 हैं।

माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने मंगलवार को ऑनलाइन मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। कुल 8033 परीक्षा केंद्रों में 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। 18 जिलों को संवेदनशील और 222 केंद्रों को अति संवेदनशील, जबकि 683 केंद्रों को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में वॉयस रिकॉर्डर युक्त 2 सीसीटीवी कैमरे, राउटर, डीवीआर और हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाए गए हैं, जिससे वेबकास्टिंग के माध्यम से लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। परीक्षा में 8033 केंद्र व्यवस्थापक, 8033 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक, 8033 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 1210 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 427 जोनल मजिस्ट्रेट और 69 मंडलीय व 440 जनपदीय सचल दल नियुक्त किए गए हैं। प्रश्नपत्रों के अतिरिक्त रिजर्व सेट्स की व्यवस्था की गई है, जिन्हें सुरक्षित डबल लॉक अलमारी में सील बंद करके रखा जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं पर माध्यमिक शिक्षा परिषद का लोगो और सूक्ष्म आकार में यूपीएमएसपी अंकन होगा। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम द्वारा यूपी संस्कृत शिक्षा परिषद परीक्षा 2026 की भी पहली बार ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी।

**■ 8033 परीक्षा केंद्र बनाए गए**

# खादर में नक्शा पास, कदंब वृक्ष पर संकट

अवधनामा संवाददाता

**वृंदावन( मथुरा)।** परिक्रमा मार्ग स्थित अयोध्या बाली कुंज क्षेत्र में खादर भूमि पर निर्माण के लिए नक्शा स्वीकृत किए जाने का मामला सोशल मीडिया पर तेजी से चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल हो रही जानकारी और स्थानीय लोगों के दावों के अनुसार संबंधित भूमि का विवाद न्यायालय में विचाराधीन बताया जा रहा है, इसके बावजूद एमवीडीए द्वारा नक्शा पास किए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो और फोटो में जेसीबी द्वारा खुदाई के दौरान हरे पेड़ों को क्षति पहुंचने का भी आरोप लगाया गया है। विशेष रूप से एक जीवित कदंब वृक्ष के चारों ओर मिट्टी खोदे जाने की तस्वीरें साझा कर उसके अस्तित्व पर खतरा जताया जा रहा है। पोस्ट में यह भी दावा किया गया है कि अन्य पेड़ों की तरह इसे भी हटाए जाने की आशंका है।

**■ अयोध्या बाली कुंज प्रकरण ने उठाए सवाल**

वायरल हो रही सूचनाओं के अनुसार मौके पर पहुंचकर संबंधित पक्षों ने एमवीडीए के जेई को बुलाया, जिसके बाद निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया। क्षेत्र में वन संपदा को बचाने के प्रयास किए जाने की बात भी सामने आई है। इस पूरे मामले को लेकर सबसे बड़ा प्रश्न नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया को लेकर उठाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर लोग पूछ रहे हैं कि यदि भूमि न्यायालय में विचाराधीन है तो स्वीकृति किन तथ्यों के आधार पर दी गई और खादर क्षेत्र से संबंधित नियमों का परीक्षण किस स्तर पर किया गया। साथ ही हरे पेड़ों को हुई क्षति के लिए जिम्मेदारी तय करने की मांग भी की जा रही है। वृंदावन में संवेदनशील क्षेत्रों में निर्माण को लेकर पहले भी समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में विवाद शांत हो जाते हैं।

# मानसी गंगा से परिक्रमा मार्ग तक अव्यवस्थाओं का जाल

अवधनामा संवाददाता




■ आस्था के सामने खड़ी मूलभूत सुविधाओं की चुनौती

■ श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा

**गोवर्धन (मथुरा)।** पुराणों में वर्णित मानसी गंगा की वर्तमान स्थिति और नगर पंचायत क्षेत्र में जगह-जगह सड़कों पर बहता सीवर का पानी, कचरे के ढेर तथा गंदगी तीर्थ क्षेत्र की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। हाल के स्थलीय दृश्यों में कुंड के जल पर काई की परत, तैरता कचरा और परिक्रमा मार्ग के कई हिस्सों में जलभराव की स्थिति साफ दिखाई दे रही है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गोवर्धन पहुंचते हैं और हजारों की संख्या में दंडवत परिक्रमा करते हैं, लेकिन कई स्थानों पर उन्हें गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। तीर्थ क्षेत्र की इस स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में भी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि धार्मिक पर्यटन के बढ़ते दबाव के अनुपात में सीवर, सफाई और कचरा निस्तारण की स्थायी व्यवस्था मजबूत नहीं हो सकी है।

ब्रज क्षेत्र के विकास और तीर्थ स्थलों के संरक्षण के लिए विभिन्न स्तरों पर योजनाएं संचालित होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हालात इन दावों की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। स्थानीय स्तर पर सफाई, सीवर प्रबंधन और सड़कों की देखरेख की जिम्मेदारी नगर पंचायत गोवर्धन के पास है, जबकि क्षेत्रीय विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जाती है। लगातार बढ़ रही तीर्थयात्रियों की संख्या को देखते हुए व्यवस्थाओं का वर्तमान स्वरूप अपर्याप्त प्रतीत होता है।

धार्मिक महत्व के इस क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालु बेहतर सुविधाओं की अपेक्षा लेकर पहुंचते हैं। परिक्रमा मार्ग पर गंदगी और उफनते नालों के दृश्य तीर्थ की गरिमा के अनुरूप नहीं माने जा रहे, जिससे यहां की छवि प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मूलभूत सुविधाओं में स्थायी सुधार नहीं हुआ तो पर्यटन और तीर्थ व्यवस्था दोनों पर असर पड़ सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि प्राचीन कुंडों और तीर्थ मार्गों के संरक्षण के लिए नियमित सफाई, प्रभावी सीवर लाइन, जल निकासी की वैज्ञानिक व्यवस्था और ठोस कचरा प्रबंधन की सतत प्रणाली आवश्यक है।


# मानक विहीन चल रहा प्रेमनगर का एसएस पब्लिक स्कूल

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्र अंतर्गत ऐरायाँ विकास खंड के प्रेमनगर कस्बा में एस. एस. पब्लिक स्कूल बीते कई वर्षो से मानक विहीन तरीके से संचालित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह स्कूल एक दो मंजिला रिहायशी मकान में चल रहा है, जहां शैक्षणिक और सुरक्षा से जुड़े जरूरी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। इसके बावजूद करीब दो सौ बच्चों की पढ़ाई इसी स्कूल में कराई जा रही है, जिससे उनकी सुरक्षा और भविष्य दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार स्कूल में अधिकतर शिक्षक अनुभव विहीन (अनट्रेंड) हैं, जिनके पास न तो आवश्यक प्रशिक्षण है और न ही शिक्षण का पर्याप्त अनुभव। ऐसे में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है, जबकि अभिभावकों से अंग्रेजी माध्यम (कान्वेंट) के नाम पर मोटी फीस वसूली जा रही है। इतना ही नहीं ये भी बताया जा रहा है कि ऐरायाँ क्षेत्र में कई ऐसे स्कूल और मदरसे हैं, जो केवल पांचवीं तक हिंदी बोर्ड की मान्यता लेकर अंग्रेजी माध्यम का बोर्ड लगाकर संचालित हो रहे हैं। इससे अभिभावक भ्रमित हो रहे हैं और बच्चों का शैक्षणिक स्तर प्रभावित हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक एस. एस. पब्लिक स्कूल के संचालक सुभाष चंद्र पटेल ने केवल प्राइमरी स्तर की मान्यता प्राप्त की है, लेकिन इसके बावजूद स्कूल को जूनियर स्तर तक चलाया जा रहा है, जो नियमों के विरुद्ध है।

**■ जिम्मेदारों की भूमिका पर उठ रहे सवाल**




# पुलिस के सहयोग से बाल विवाह रुकवाया

**सम्भल।** थाना बहजोई क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को एक बाल विवाह की सूचना जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन की सहयोगी प्रयत्न संस्था को मिली जिसपर प्रयत्न संस्था ने तुरंत बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गौरव गुप्ता से सम्पर्क किया जिसपर गौरव गुप्ता ने तुरंत थाना एएचटी व बहजोई को आदेशित किया शादी रोकनी है अभी, जिसपर एएचटी के उप-निरीक्षक बाबू राम सैनी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। प्रयत्न संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी के साथ गाँव पहुंचकर पुलिस ने दस्तावेजों की जांच की जिसमें किशोरी के नाबालिग होने की पुष्टि हुई जिस पर टीम ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में समझाया और कहा कि बाल विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी जिसमें शादी कराने वाले पंडित से लेकर नाई हलवाई टेंट वाला और सभी सेवा प्रदाताओं के साथ जो भी बाल विवाह के आयोजन में सम्मिलित होगा उन सभी पर क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# महाशिवरात्रि पर पंचमुखी महादेव मंदिर के मुख्य द्वार का हुआ लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** ब्लॉक ऐरायां अंतर्गत ग्राम पंचायत इजूरा खुर्द में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री पंचमुखी महादेव मंदिर का चौथा वार्षिक मेला श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिर के मुख्य द्वार का लोकार्पण पूर्व ब्लॉक प्रमुख ऐरायां अशोक प्रताप सिंह द्वारा विधिवत रूप से किया गया। लोकार्पण के समय मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा और पूरा वातावरण शिवमय हो गया।

लोकार्पण कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग मेले में शामिल होने पहुंचे। इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं युवा पत्रकार ठाकुर दिव्यांश प्रताप सिंह अपनी टीम एवं परिजनों के साथ मौजूद रहे। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि गांव और क्षेत्र में सामाजिक एकता को भी मजबूत करता है। कार्यक्रम के दौरान एक दिवसीय संगीतमय प्रवचन एवं सांस्कृतिक आयोजन भी किया गया, जिसमें भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और देर शाम तक मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा। मेले में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों की टीम भी तैनात रही, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। अंत में मेला कमेटी की ओर से सभी अतिथियों, सहयोगियों और श्रद्धालुओं का सम्मान करते हुए आभार व्यक्त किया गया और भविष्य में भी इस आयोजन को और भव्य रूप देने का संकल्प लिया गया।



**■ पूर्व ब्लॉक प्रमुख ऐरायां अशोक प्रताप सिंह ने किया मुख्य द्वार का लोकार्पण**

## संक्षिप्त समाचार

### परिवहन मेले का आयोजन 20 ब 30 फरवरी को

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** परिवहन आयुक्त के द्वारा भाडे या पारिश्रमिक पर संचालित दोपहिया मोटर साइकिल, तिपहिया मोटर कैब एवं मैक्सी कैब, संनिर्माण उपस्कार यान, विशेष प्रयोजन यान, माल वाहन, राज्य परिवहन उपक्रम के स्वामित्वाधीन सार्वजनिक सेवा यान आदि के संबंध में उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 की धारा-4 की उपधारा (1-क) तथा धारा-4 की उपधारा (2) में संशोधन करते हुए राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर प्रणाली में व्यापक सुधार कर एक मुश्त कर ढाँचे को लागू किया गया है। उक्त व्यवस्था को वाहन स्वामियों को प्रदेश सरकार की इस जनहितकारी योजना से अवगत कराये जाने के लिए दिनांक 20 एवं 21 फरवरी 2026 को प्रदेश के प्रत्येक जनपदीय परिवहन कार्यालयों में परिवहन मेले के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

### जिला कारागार में बैडमिंटन प्रीमियर लीग-2 का शुभारंभ

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** जिला कारागार में बंदियों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के उद्देश्य से समय-समय पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को जेल बैडमिंटन प्रीमियर लीग-2 का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता सिंह तथा एसीजेएम रेलवे सूर्य भान वर्मा ने फीता काटकर और प्रतीकात्मक बैडमिंटन खेलकर किया। प्रतियोगिता में कुल 64 बंदी प्रतिभाग कर रहे हैं, जिन्हें दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। प्रत्येक ग्रुप में 16-16 खिलाड़ी शामिल हैं। प्रतियोगिता के अंत में विजयी खिलाड़ियों को कारागार प्रशासन की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर अतिथियों ने बंदी कल्याण के लिए कारागार प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए अधिक से अधिक बंदियों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि रिहाई के बाद स्वयं को सकारात्मक रूप से बदलकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ें और समाज के विकास में सहयोग करें।

# प्रभाकर एकेडमी को हराकर प्रधान इलेवन ने जीता जेपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जेपीएल सीजन तीन का फाइनल मुकाबला प्रधान इलेवन जालौन और प्रभाकर एकेडमी उरई के बीच हुआ। फाइनल मुकाबले में प्रधान इलेवन ने प्रभाकर एकेडमी को 72 रनों से करारी शिकस्त देकर जेपीएल की चमचमाती ट्रॉफी और एक लाख रुपये अपने नाम किए।

फाइनल मुकाबले में प्रधान इलेवन टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज करन तोमर टीम के लिए खास योगदान नहीं दे सके और 11 गेंदों में 11 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरे छोर पर डटे सतनाम सिंह ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए अर्द्धशतक जमाया। उन्होंने 51 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के जड़कर 80 रनों की पारी खेली। अमित यादव ने 18 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। सागर शर्मा ने 26, समन्वय दीक्षित 15 और सुधांशु चौरसिया ने 18 रनों की पारी खेलकर टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 214 रनों पर पहुंचाया। प्रभाकर एकेडमी उरई की ओर से विनय प्रताप सिंह ने चार ओवर में 30 रन देकर तीन विकेट चटकाए। दूसरी पारी में खेलने उतरे प्रभाकर एकेडमी उरई के सलामी बल्लेबाज अंकुर यादव और कप्तान श्रीकांत ने टीम को अच्छी शुरूआत दी। अंकुर यादव ने 18 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाए जबकि श्रीकांत ने 20 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 31 रनों की पारी खेली। इनके बाद आने वाले बल्लेबाज आंनद राज 20 रन और रजत यादव ने 22 बनाकर पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन पूरी टीम 19वें ओवर में ही 142 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। टूर्नामेंट में प्रधान इलेवन जालौन को सीजन तीन का विजेता घोषित किया गया। कमेंटेटर की भूमिका धीरज बाथम, सोनू चौहान और फरीद ने निभाई। गौरीश द्विवेदी, सरताज, विनय श्रीवास्तव, सरबर अली आदि ने सहयोग किया।

# डॉ. अनुराग बाँदा व अम्बेडकरनगर रेडक्रॉस चुनाव के पर्यवेक्षक नियुक्त

अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी फतेहपुर के चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को जिला रेडक्रॉस शाखा बाँदा एवं अम्बेडकरनगर की कार्यकारिणी के चुनाव हेतु राज्य स्तर से पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को यह नियुक्ति पत्र इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सभापति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के उपसभापति अमरनाथ मिश्र एवं महासचिव रामानंद कटियार भी उपस्थित रहे।

डॉ. अनुराग श्रीवास्तव को निर्देश दिए गए हैं कि वह निर्धारित तिथि पर दोनों जिलों में जिलाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराएं। उनकी इस नियुक्ति से न केवल फतेहपुर जनपद का नाम रोशन हुआ है, बल्कि रेडक्रॉस संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका और सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण को भी एक नई पहचान मिली है। जनपद के सामाजिक संगठनों और रेडक्रॉस कार्यकर्ताओं ने उन्हें इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं।

**■ सामाजिक सेवा के प्रति समर्पण को भी एक नई पहचान मिली**



# नेटबाल प्रतियोगिता में गुलाब सिंह पीजी कॉलेज को मिला प्रथम स्थान

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** महात्मा गांधी मेमोरियल पीजी महाविद्यालय में एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित अंतर महाविद्यालयी नेटबालल (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता एवं ट्रायल का सफल आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय से जुड़ी विभिन्न महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से गुलाब सिंह हिंदू पीजी कॉलेज, बिजनौर, एसएम पीजी कॉलेज चंदौसी, एसएल महाविद्यालय मुरादाबाद, एवं महात्मा गांधी मेमोरियल पीजी कॉलेज, सम्भल ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विजेता के रूप में गुलाब सिंह पीजी कॉलेज बिजनौर तथा उपविजेता के रूप में महात्मा गांधी पीजी कॉलेज संभल रहे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में केजीके महाविद्यालय मुरादाबाद के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सुनील चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सह सचिव विनय कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, एवं महाविद्यालय प्रबंधन समिति के वरिष्ठ सदस्य हकीम ज़फर सादिक जी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह ने की। सभी सम्मानित सदस्यों ने फीता काटकर और कबूतर उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। हकीम ज़फ़र सादिक जी के द्वारा विशेष प्रोत्साहन राशि के रूप में विजेता एवं उपविजेता को नक़द पुरस्कार दिया गया।

विश्वविद्यालय द्वारा नामित खेल पर्यवेक्षक डाक्टर अमनदीप कौर एवं मुख्य चयनकर्ता फिरोज खान के साथ चार रेफरी भी मौजूद रहे। आयोजन समिति के संयोजक एवं खेल सचिव डॉ राघवेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में क्रीड़ा समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रतियोगिता के सह-संयोजक अमृतेश अवस्थी, डॉक्टर शशिकांत गोयल, डॉक्टर विकास सिंह, तारा सिंह, डॉ प्रकाश नारायण, डॉक्टर दुष्यंत मिश्रा, डॉक्टर नवेद अहमद खान, डॉक्टर अजय कुमार आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक गण तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।



**■ विजेता एवं उपविजेता को नक़द पुरस्कार दिया**

# डीबीआर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना द्वितीय फाउंडेशन डे



अवधनामा संवाददाता

**फतेहपुर।** खागा तहसील क्षेत्रांतर्गत जहाँगीर नगर (गहुरा) स्थित डीबीआर पब्लिक स्कूल में विद्यालय का द्वितीय फाउंडेशन डे बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, समाज और पत्रकारिता से जुड़े कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिससे समारोह की गरिमा और बढ़ गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अमानत रसूल और तलहा फ़रीद मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि ज़फ़र सिद्धीकी, शब्बू भाई एवं लखनऊ से आए अधिवक्ता शादाब कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके साथ ही वरिष्ठ पत्रकार इरफान अहमद ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. कमरुल इस्लाम ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और विद्यालय की उपलब्धियों व भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. अशफाक की उपस्थिति भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। समारोह में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक, देशभक्ति एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर उपस्थित दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# रमज़ान : रहमतों का नुजूल और इबादत का पैगाम

## माहे-रमज़ान का आगाज, इबादत, सब्र और रहमतों का मुकद्दस महीना शुरू

शीबू खान

**फतेहपुर।** इस्लाम का सबसे पाक और मुकद्दस महीना रमज़ान शुरू हो चुका है। शाबान की रुखसती के बाद रमज़ान का आगाज़ हुआ है, जिसमें मुसलमान पूरे एक महीने तक रोज़ा, नमाज़ और ज़कात के ज़रिए इबादत करते हुए अपनी आख़िरत की तैयारी करते हैं। रमज़ान को सब्र, संयम और आत्मशुद्धि का महीना माना जाता है।

जामा मस्जिद के पेश इमाम शहीद रज़ा ने बताया कि रमज़ान सब्र, इबादत और रहमतों का महीना है। उन्होंने कहा कि इस पाक महीने में अल्लाह की इबादत करने से गुनाहों की माफी मिलती है और इंसान का रूहानी तौर पर विकास होता है। रमज़ान इंसान को बुराइयों से दूर रहकर नेक रास्ते पर चलने की सीख देता है। वहीं मोहल्ला अरबपुर स्थित मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मोहम्मद जुबैर ने बताया कि रमज़ान के आगाज़ के साथ ही मस्जिदों में रौनक बढ़ गई है। लोग पांच वक्त की नमाज़ के साथ-साथ तरावीह की नमाज़ के लिए भी बड़ी संख्या में मस्जिदों में पहुंच रहे हैं। मस्जिदों में देर रात तक इबादत का माहौल बना रहता है और कुरआन की तिलावत की जा रही है।

**इबादत का पैगाम :** रमज़ान इबादत, त्याग और नेकियों का पैगाम देता है। इस महीने में रोज़ा रखकर, नमाज़ अदा कर और ज़कात व सदक़ा देकर लोग न सिर्फ खुद को बेहतर इंसान बनाने की कोशिश करते हैं, बल्कि समाज में भाईचारे, सहयोग और इंसानियत का भी संदेश देते हैं। रमज़ान का मकसद इंसान को आत्मसंयम, सेवा और सद्भाव की राह पर चलने की प्रेरणा देना है।

**■ रमज़ान में मस्जिदों में बढ़ी रौनक, तरावीह के लिए उमड़ रही भीड़**



### रहमतों का नुजूल

रमज़ान का महीना रहमतों के नुज़ूल का महीना माना जाता है। इस दौरान अल्लाह की रहमतें बरसती हैं और बंदों की दुआएं कबूल होती हैं। लोग ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं और नेक कामों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।



### बाज़ारों में इस्तकबाल की तैयारी

रमज़ान के स्वागत को लेकर शहर के बाज़ारों में भी खास चहल-पहल देखने को मिल रही है। लोग इफ्तार और सेहरी के लिए खजूर, फल, सेवइयां, दूध, शरबत और अन्य जरूरी सामान की खरीदारी कर रहे हैं। दुकानों पर रोज़ा रखने वालों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# पानी की तलाश में भटकती गाय नदी किनारे दलदल में फंसी

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** थाना क्षेत्र के नदिया पार इलाके में विलौड़ गांव के पास पहूज नदी के किनारे बने गहरे दलदल में पानी पीने गई एक गाय फंस गई। पिछले दो दिनों से भूखी-प्यासी गाय कीचड़ में धंसी हुई है और उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए ग्रामीण लगातार प्रयास कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार नदी किनारे का इलाका अत्यंत दलदली है। पानी की तलाश में मवेशी जब वहां पहुंचते हैं तो अक्सर कीचड़ में धंस जाते हैं। इसी क्रम में विलौड़ गांव के पास एक गाय गहरे दलदल में फंस गई और निकलने के प्रयास में और अधिक धंसती चली गई। बताया जा रहा है कि गाय की करुण पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और रस्सियों व लकड़ियों की मदद से उसे बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। हालांकि दलदल अधिक गहरा होने के कारण राहत कार्य में काफी कठिनाई आ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासनिक सहायता और आवश्यक संसाधन मिल जाया करे तो दलदल में फसने वाली गायों को समय रहते सुरक्षित निकाला जा सकता है।

ग्रामीण आशीष सिंह चौहान ने बताया कि नदी किनारे दलदल में मवेशियों के फंसने की घटनाएं आम हो चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी प्रबंध नहीं किए गए हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि नदी तट पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं, कंटीली झाड़ियों की बाढ़ लगाई जाएं तथा पशुओं के लिए सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल ग्रामीणों के प्रयास जारी हैं और सभी की प्रार्थना है कि गाय को सकुशल बाहर निकाल लिया जाए।

**■ दो दिन से भूखी-प्यासी गाय को बचाने में जुटे ग्रामीण**

# अबॉर्शन में हालत बिगड़ने पर प्रेमिका को छोड़कर भागा प्रेमी

■ वेंटिलेटर पर 20 साल की प्रेमिका, तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** फाफामऊ थाना क्षेत्र में 20 साल की एक लड़की गर्भवती हो गई। गर्भपात कराने के लिए उसका प्रेमी लड़की को झोलाझाप डॉक्टर के पास ले गया। यहां गर्भपात के दौरान लड़की हालत बिगड़ने लगी। लड़की की हालत बिगड़ती देखकर प्रेमी मौके से भाग गया। बाद में घरवाले लड़की को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। इस मामले में पुलिस ने सोमवार को प्रेमी रविराज और झोलाछाप समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पूरा मामला फाफामऊ थाना क्षेत्र का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फाफामऊ थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक ने पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में युवक ने बताया कि रविराज मेरे घर आया-जाया करता था। इस दौरान ही मेरी बहन से नजदीकी बढ़ा ली थी। दोनों मिलने-जुलने लगे थे। इसी दौरान बहन गर्भवती हो गई।10 फरवरी को अचानक पेट में तेज दर्द होने लगा, तो उसने फोन से इसकी जानकारी रविराज को दी। रविराज ने उसे सोरांव बुलाया। कहा कि वह परिचित डॉक्टरों से इलाज करवा देगा। इसके बाद युवती को होलागढ़ के बारादरी बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में ले गया। यहां डॉक्टर सत्येंद्र पटेल और डॉक्टर राहुल पटेल ने जांच के बाद दवा दी। भाई का आरोप है कि दवा देने के कुछ ही देर बाद बहन की हालत बिगड़ गई। इसके बाद रविराज उसे छोड़कर भाग गया।

हालत गंभीर होने पर इसकी सूचना लड़की के परिजनों को मिली। मौके पर पहुंचे परिजन लड़की को सोरांव के एक अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने बताया कि युवती का गर्भपात कराया गया है और उसकी स्थिति बेहद नाजुक है।

इसके बाद उसे एसआरएन अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद पता चला कि युवती 4 महीने की प्रेग्नेंट थी। असुरक्षित तरीके से अबॉर्शन करने के दौरान ही उसकी बच्चेदानी पूरी तरह डैमेज हो गई और आंतों का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। उसे 10 फरवरी की रात में स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन) में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है।

फाफामऊ थाना अध्यक्ष अश्वनी कुमार सिंह के मुताबिक, युवती के प्रेमी रविराज, डॉक्टर सत्येंद्र पटेल और डॉक्टर राहुल पटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिस क्लीनिक में कथित तौर पर अबॉर्शन कराया गया, वहां ताला लटका मिला। संचालक फरार बताया जा रहा है। पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# जल जीवन मिशन के तहत फिकल स्लज प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन हेतु फिकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत जलकल विभाग नगर निगम प्रयागराज एवं युवा सामाजिक सेवा संस्थान (एनजीओ) द्वारा बेनी माधव डिग्री कॉलेज माधव नगर फाफामऊ प्रयागराज में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय मल असूर से पानी के बचाव तथा हर तीन साल में सेप्टिक टैंक जरूर साफ करवाओ जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जलजनित बीमारियों से बचाव एवं स्वच्छता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में छात्रों के बीच इंटरएक्टिव सत्र का भी आयोजन किया गया। उक्त अभियान में जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता सौरभ सिंह ने तकनीकी जानकारियां साझा कीं, जबकि युवा सामाजिक सेवा संस्थान के सचिव आलोक शुक्ला ने सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के कृपा शंकर मिश्र, विनोद शर्मा अनुराग मौर्य तथा अध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

यह कार्यक्रम प्रयागराज में स्वच्छ भारत मिशन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे युवा पीढ़ी में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

## खड़े ट्रक से कंटेनर टकराया: कंडक्टर की मौत

**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र में ऊष्मापुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार को एक खड़े ट्रक से कंटेनर टकरा गया, जिससे कंटेनर के कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कंटेनर का चालक फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तम नगर, बीके मोहन गार्डन, वेस्ट दिल्ली का निवासी विकास (28) पुत्र हरिशंकर ट्रक में खलासी था। बताया गया कि कंटेनर दिल्ली से कोलकाता बाइक पार्ट्स लेकर जा रहा था। उष्मापुर नेशनल हाईवे पर खड़े एक अज्ञात ट्रक में तेज रफ्तार कंटेनर पीछे से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही उतराव थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हाईवे पर खड़े ट्रक के कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। वहीं,अज्ञात टक की पहचान कराने का भी प्रयास किया जा रहा है।

# अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ स्वामी एक और परिवाद दाखिल

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य वादी व पक्षकार आशुतोष महाराज के बीच विवाद लगातार गहराता जा रहा है। आशुतोष महाराज ने अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्यों के खिलाफ प्रयागराज जिला अदालत में एक और परिवाद दाखिल किया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कक्ष संख्या-5 के न्यायाधीश संदीप पारचा ने परिवाद स्वीकार करते हुए विपक्षियों को नोटिस जारी करने और वादी का बयान दर्ज करने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 मार्च को निर्धारित की गई है। ज्ञात हो कि इससे पहले आशुतोष महाराज ने प्रयागराज के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (रेप एवं पाक्सो विशेष न्यायालय) में वाद दायर कर यौन शोषण समेत अन्य गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में 21 फरवरी को आदेश जारी होना है। वहीं, जगद्?गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी ने भी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ मानहानिकारक बयान और डिजिटल दुष्प्रचार का आरोप लगाते हुए कैराना की अदालत में परिवाद दायर किया था। आशुतोष महाराज ने अपने परिवाद में धारा 173(4) बीएनएसएस का हवाला देते हुए कहा- श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति शिविर, सेक्टर-6, संगम लोवर मार्ग, हरीशचंद्र चौराहा, प्रयागराज (माघ मेला-2026) में माता शाकुंभरी देवी का अनुष्ठान एवं महायज्ञ 3 जनवरी से चल रहा था मौनी अमावस्या पर 18 जनवरी को माघ मेला क्षेत्र प्रयागराज में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें श्री कृष्ण जन्मभूमि वाद के वादी संख्या-6 भगवान केशवदेव महाराज (लड्डू गोपाल जी) की पटरानी माता यमुना देवी के मिलन हेतु यात्रा श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति शिविर से प्रारंभ हुई। आरोप है कि जैसे ही यात्रा त्रिवेणी मार्ग स्थित अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर के पास पहुंची, विपक्षियों ने सार्वजनिक मार्ग पर कथित रूप से अवैध जाम लगा दिया। इससे धार्मिक यात्रा और आम आवागमन बाधित हुआ।

## भाजपा नेता के पुत्र व भतीजों से की मारपीट, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल पुत्र शंभू दयाल द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि सोमवार की रात्रि उसका पुत्र आदित्य गुप्ता अपने कजिन भाई रामजी गुप्ता व सार्थक गुप्ता के साथ तिर्वा रोड स्थित ओम पैलेस में पहले से घात लगाए बैठे यश ठाकुर, अभी गुप्ता, विजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, बबलू ठाकुर, बंटी ठाकुर, अन्नू गुप्ता, वीरू गुप्ता, धनंजय निवासीगण तिर्वा रोड ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके पुत्र आदित्य के साथ लाठी डंडो से मारपीठ कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। बीच बचाव में आए रामजी गुप्ता तथा सार्थक गुप्ता को भी मारपीट कर घायल कर दिया और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान उसके पुत्र को बचाने आए करन गुप्ता के गले में पड़ी चैन कहीं गुम हो गई। भीड़ इकट्ठा होने पर उक्त लोग गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# मिशन शक्ति केंद्र में दो विवादों का हुआ निस्तारण

■ मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत हो रही पारिवारिक मामलों की काउंसिलिंग



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति केंद्र पर पारिवारिक विवाद सहित एक दंपति के आपसी विवाद को काउसिलिंग के दौरान आपसी समझौते के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से निपटाया गया।

मंगलवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी एवं मुख्य महिला आरक्षी शशिवाला द्वारा आवेदिका माया देवी पत्नी राजू राठौर निवासी मोहल्ला आजाद नगर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका की ननंद शिवानी व देवरानी पूजा को बुलाकर दोनों पक्षों की बात को गंभीरता से सुना और समझाया। काउंसलिंग के दौरान दोनों पक्षों ने आपस में समझौता किया। जबकि आवेदिका मोहिनी देवी पुत्री गेंदालाल निवासी हाथिन थाना छिबरामऊ के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति अर्जुन पुत्र शिवराम निवासी सिंहपुर को बुलाकर धैर्यपूर्वक एक-दूसरे की बात सुनने और समस्याओं का समाधान मिल-बैठकर करने की सलाह दी गई। काउंसलिंग के बाद दंपति ने अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य में आपसी सहयोग और समझ के साथ जीवन व्यतीत करने का आश्वासन दिया। मिशन शक्ति केंद्र की पहल से दंपति के बीच चल रहा विवाद समाप्त हुआ और दोनों संतुष्ट होकर अपने घर लौट गये।

## दबंगई के बल पर किया महिला के खेत पर कब्जा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम गढ़िया कछपुरा निवासी सुमन देवी पत्नी राजेश द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार की रात्रि गांव के ही पांच लोगों ने दबंगई के बल पर उसके खेत को ट्रैक्टर द्वारा जुतबा कर अवैध कब्जा कर लिया है। जब उसने घटना की शिकायत की तो उक्तगणों ने उसके साथ अभद्रता करते हुये झगड़ा पर आमादा हो गये और जान से मारने की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

## किशोरी को भगा ले जाने का मामला दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्बा निवासी पीड़ित महिला द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 14 फ़रवरी शाम 05 बजे उसकी 16 वर्षीय नावालिग पुत्री को मोहल्ला कादर गढ़िया निवासी फैसल उर्फ डेविड पुत्र अंसार कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीडिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घटना का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

# भाजपा को सबक सिखाने का मांदा केवल बसपा के पास : दिनेश पंकज

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वरिष्ठ पत्रकार राजनीतिक विश्लेषक और विचारक दिनेश पंकज ने जनपद की वर्तमान राजनीतिक स्थिति का विश्लेषण करते हुए कहा है कि मथुरा में भाजपा के विजय रथ को रोकने की क्षमता यदि किसी दल में दिखाई देती है तो वह बहुजन समाज पार्टी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस भाजपा से सीधा मुकाबला करने की स्थिति में जिले में प्रभावी नजर नहीं आतीं, जबकि राष्ट्रीय लोकदल की भूमिका भी मजबूत विपक्ष की बजाय भाजपा के सहयात्री जैसी प्रतीत हो रही है।

अपने विश्लेषण के समर्थन में उन्होंने मथुरा-वृंदावन नगर निगम चुनाव का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और अपेक्षाकृत कम प्रचार के बावजूद बसपा का ÷खामोश हाथी÷ दूसरे स्थान पर रहा था। उनके अनुसार यह परिणाम इस बात का संकेत है कि पार्टी का कोर वोट बैंक आज भी जिले में मौजूद है और अनुकूल परिस्थितियों में चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

दिनेश पंकज ने पिछले विधानसभा चुनाव के आधार पर बसपा की स्थिति का आकलन करते हुए कहा कि पार्टी भले ही सीट जीतने में सफल नहीं हो सकी, लेकिन कई विधानसभा क्षेत्रों में उसका मत प्रतिशत निर्णायक स्थिति में रहा। उनके अनुसार बहुकोणीय मुकाबले की स्थिति में बसपा का स्थिर वोट बैंक भाजपा के लिए चुनौती खड़ी कर सकता है और चुनावी गणित को प्रभावित करने की क्षमता रखता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का बूथ स्तर तक मजबूत संगठन उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जबकि विपक्ष का बिखराव उसे लगातार लाभ पहुंचा रहा है। ऐसी स्थिति में भाजपा विरोधी मतों का एकजुट होना आवश्यक है, अन्यथा चुनावी परिणामों में बदलाव संभव नहीं होगा।

धर्मनगरी में विकास, स्थानीय समस्याओं और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर उठते रहे सवालों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत विपक्ष के अभाव में जनसरोकारों से जुड़े मुद्दे प्रभावी राजनीतिक बहस का रूप नहीं ले पा रहे हैं।

पंकज के इस राजनीतिक विश्लेषण के बाद जिले के सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। विभिन्न दलों के नेताओं ने उनके आकलन को गंभीरता से लेते हुए अपने-अपने स्तर पर राजनीतिक स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है। फिलहाल यह बयान मथुरा की राजनीति में विपक्ष की भूमिका और संभावित चुनावी समीकरणों को लेकर नई बहस का कारण बन गया है।

# धर्म की स्थापना के लिए भगवान समय-समय पर पृथ्वी पर लेते हैं अवतार

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलपार पंडित के उपाध्याय कालोनी में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस सोमवार को कथा वाचक मानस मणि शास्त्री ने यह बात कही। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने बताया कि जब पृथ्वी पर पाप बढ़ने लगता है, साधु संत सताए जाने लगते हैं, धर्म की अवनति होने लगती है तो भगवान किसी न किसी रूप में इस धरा धाम पर अवतार लेकर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं और धर्म की स्थापना करते हैं। द्वापर युग मे जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा, भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। कथा के दौरान जैसे ही भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कथा व्यास मानस मणि शास्त्री ने नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की..राजा जी खजनवा दे दी, रानी जी गहनवा दे दी सहित आदि भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमने लगे, एक दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाइयां दी गई तथा मिठाइयां बांटी गई। कथा के दौरान मुख्य यजमान रमा तिवारी, आनंद तिवारी,मुकेश तिवारी, संजय तिवारी, रामवती तिवारी, नंदकिशोर तिवारी, चंद्रचूड़ तिवारी, दिलीप कुमार, उमेश तिवारी, शशि कुमार आदि श्रोता उपस्थित थे।

## आंख बंद कर जाग रहा वन विभाग

**मथुरा।** सरकार एक ओर जहां %वृक्षारोपण अभियान% चलाकर पर्यावरण बचाने की कोशिश कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिले के धौरेरा /अक्रूर के जंगलों में वन माफियाओं ने तांडव मचा रखा है। विभागीय अधिकारियों की कथित %कुंभकर्णी नींद% का फायदा उठाकर बेश कीमती पेड़ों को धड़ल्ले से काटा जा रहा है। आलम यह है कि जंगल अब मैदान में तब्दील होने की कगार पर हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ऐ सी कमरों से बाहर निकलने को तैयार नहीं हैं। स्थानीय लोगों अनुसार धौरेरा /अक्रूर के संरक्षित वन क्षेत्रों माफियाओं का नेटवर्क सक्रिय है। रात के सन्नाटे में आरा मशीनों की गूंज सुनाई देती है, लेकिन वन विभाग की गश्ती टीमें नदारद रहती हैं। जंगल के अंदर जाने पर कटे हुए पेड़ों के ताजे ठूंठ साफ देखे जा सकते हैं कुछ जंगली जानवर अपना आशियाना खो गए कुछ मृत्यु हुई कुछ इधर-उधर भागने लगे पूर्व में भी बड़े मामले वन कटान के मथुरा में होते रहे हैं।

# प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पद पर डॉ. अमन कटियार मनोनीत

■ प्रमित कुमार को कानपुर जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली, हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता



नये पदाधिकारियों को जिम्मेदारी देते प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन में संगठन विस्तार को लेकर नियुक्तियां की गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा द्वारा डॉ. अमन कटियार को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया, जबकि प्रमित कुमार को कानपुर का जिलाध्यक्ष बनाया गया।

मंगलवार को नगर के मोहल्ला सीमान्तनगर स्थित जिलाध्यक्ष विपिन चौरसिया के प्रतिष्ठान पर आयोजित बैठक में जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन का विस्तार करके प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि संगठन निरंतर जनहित के मुद्दों को लेकर कार्य कर रहा है और नए पदाधिकारियों के जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। कन्नौज जिलाध्यक्ष विपिन चौरसिया ने भी संगठन विस्तार करते हुए सुरेश चंद्र यादव को जिला प्रवक्ता नियुक्त किया। उन्होंने आशा जताई कि सभी पदाधिकारी संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और किसानों, युवाओं व श्रमिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में दीपक कुमार, आशीष, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

## घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**प्रयागराज।** मऊआइमा थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक घर का ताला तोड़कर नकदी और लाखों के जेवर चुरा लिए। यह परिवार मुंबई में रहता है और कुछ दिन पहले ही गांव आया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के सराय जोधराय गांव निवासी शिव कुमारी गुप्ता अपने पति रामदुलार गुप्ता के साथ मुम्बई में रहती हैं। उनके तीन बच्चे हैं, जो सभी शादीशुदा हैं और मुंबई में अपना कारोबार करते हैं। शिव कुमारी अपने पिता की इकलौती संतान हैं। शिव कुमारी अपने चचेरे भाई विश्वनाथ गुप्ता की बीमारी की खबर सुनकर दो दिन पहले ही मुंबई से गांव आई थीं। सोमवार रात खाना खाने के बाद वह अपने भाई के घर सोने चली गईं। मंगलवार सुबह जब वह अपने घर लौटीं, तो उन्होंने दरवाजे का ताला टूटा पाया। घर के अंदर जाकर देखने पर शिव कुमारी के होश उड़ गए। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारियों और संदूकों के ताले तोड़कर उनमें रखे पैसे और गहने चुरा लिए थे।

# देवरिया में 19 फरवरी को रोजगार मेला, निजी कंपनियां करेंगी साक्षात्कार

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी रोहन अपूर्व सिन्हा ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप बेरोजगारों की रोजगारिता बढ़ाने के उद्देश्य से 19 फरवरी 2026 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया के संयुक्त तत्वावधान में पूर्वाह्न 10 बजे से राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड, 319/1, प्रथम तल, कौशल चन्द्र टावर (रिलायंस स्मार्ट प्वाइंट के ऊपर), सीसी रोड, देवरिया परिसर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां अशोक लेलैंड, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, ओम इन्फा टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रो ग्रीन सॉल्यूशन तथा हिताची कैश मैनेजमेंट भाग लेंगी। कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से छात्र-छात्राओं एवं रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमा निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है। प्रतिभाग करने अथवा चयन के उपरांत किसी भी प्रकार की धनराशि देय नहीं है। यदि कोई धनराशि की मांग करता है तो इसकी सूचना तत्काल जिला सेवायोजन कार्यालय को दें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकते हैं। मेले में आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का भत्ता या मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## नॉर्दन अकादमी की फुटसल टीम घोषित



**प्रयागराज।** हिमाचल प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित होने जा रहे हिमाचल प्रदेश सीनियर राज्य फुटसल लीग 2025 के लिए नॉर्दन फुटबॉल अकादमी की फुटसल टीम घोषित कर दी गयी है। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आनंदपुर साहिब पंजाब के दशमेश इंडोर स्टेडियम में 17 से 20 फरवरी तक खेला जायेगा। अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार टीम के चयनित खिलाड़ियों में हर्षित ओझा (कप्तान), प्रसन्नजीत मजुमदार (उप कप्तान) अनिकेत मौर्य, श्लोक सिंह, आदित्य राज, महेंद्र, अमित, अब्दुल अजीम, जयनाथ मिश्रा शामिल हैं। टीम के सहायक प्रशिक्षक विक्रम सिंह बिष्ट, मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष और टीम मैनेजर दिव्यांशु हैं।

# राजनीतिक शुचिता के लिए कर्पूरी का अनुशरण आवश्यक: चंद्रभूषण सिंह यादव

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते गालियां सुनते हुए सामाजिक न्याय के लिए जो कार्य किए हैं,वे सदियों तक याद किए जाते रहेंगे क्योंकि अब और कोई कर्पूरी नहीं पैदा होगा जो जीते जी सामाजिक विषमता के विरुद्ध लड़ते हुए अपमान और गालियां पाया हो तो मरने के बाद उसके पास कोई धन,संपदा,बैंक बैलेंस नहीं रहा, उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित कर्पूरी ठाकुर स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि कर्पूरी व्यक्ति नहीं विचार थे जिनका अनुशरण राजनीतिक शुचिता के लिये आवश्यक है। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने जब सामंतवाद के मुकाबले पिछड़े वर्गों की बहबूदी के लिए संवैधानिक प्राविधानों के तहत विशेष अवसर देने की घोषणा की तो मुख्यमंत्री रहते उन्हें विधानसभा के अंदर और पटना की सड़कों पर रोककर कर्पूरी- कर्पूरा,छोड़ो गद्दी उठाओ छूरा जैसे नारे लगाते हुए भद्दी - भद्दी गालियां दी गई।किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसा अपमान किसी चुने हुए पदासीन व्यक्ति को संवैधानिक प्राविधानों को लागू करने के कारण किए जाने का प्रमाण मिलना मुश्किल है। सामाजिक समता के लिए जीवन पर्यंत संघर्षरत रहे कर्पूरी ठाकुर को उनके स्मृति दिवस पर व्यास यादव, रामाशीष यादव, श्यामराज कन्नौजिया,रामआसरे यादव,सुरेश नारायण सिंह यादव, रामप्यारे यादव, संतोष मद्धेशिया, अयोध्या वर्मा, नाजिर अंसारी, शंकर गोंड, नारायण प्रसाद, विनोद यादव, इकबाल अहमद, संतोष कुमार सिंह, राम नगीना यादव आदि ने उनके चित्र के समक्ष श्रद्धावनत हो नमन किया।

# Acuity Neocare को नवजात शिशु देखभाल नवाचार में स्वीकृतियाँ प्राप्त

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ आधारित मेड-टेक स्टार्टअप Acuity Neocare OPC Private Limited ने भारत में नवजात शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अपनी यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। नियोनेटोलॉजिस्ट डॉ. गीतांजलि श्रीवास्तव द्वारा स्थापित यह स्टार्टअप सार्वजनिक और संसाधन-सीमित स्वास्थ्य संस्थानों के लिए किफायती, एआई-सक्षम नवजात मॉनिटरिंग उपकरण विकसित करने पर केंद्रित है। अक्टूबर 2025 में इस स्टार्टअप को Awadh Incubation Foundation में इन्क्यूबेट किया गया। इन्क्यूबेशन के पश्चात प्रो. सैयद हैदर अली, वाइस चेयरमैन, Awadh Incubation Foundation, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के सहयोग से 19 नवंबर 2025 को इसे उत्तर प्रदेश सरकार के आधिकारिक स्टार्टअप पोर्टल StartinUP पर पंजीकृत किया गया। स्टार्टअप ने 5 लाख के प्रोटोटाइप डेवलपमेंट ग्रांट हेतु राज्य की मूल्यांकन समिति के दोनों चरण सफलतापूर्वक पार किए, जिसमें 29 जनवरी 2026 को आयोजित द्वितीय चरण की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव द्वारा की गई। 17 फरवरी 2026 को Acuity Neocare को भारत सरकार से टेस्ट लाइसेंस की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिससे कंपनी अपने नवजात शिशु देखभाल समाधानों के क्लिनिकल परीक्षण की दिशा में आगे बढ़ सकी। मजबूत संस्थागत और नियामकीय समर्थन के साथ, Acuity Neocare अब भारत के वंचित क्षेत्रों में नवजात शिशु देखभाल सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है।

## आरिफ मोहम्मद का मिलानो कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक में जलवा, पुरुष स्लालोम में 39वां स्थान हासिल



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष अल्पाइन स्की खिलाड़ी आरिफ मोहम्मद खान ने मिलान कोर्टिना शीतकालीन ओलंपिक में पुरुष स्लालोम स्पर्धा में दो संयुक्त रन के बाद 39वां स्थान हासिल किया। आरिफ ने स्टेलवियो स्की सेंटर पर दोनों रन मिलाकर 2 मिनट 41.60 सेकंड का समय निकाला। दोनों रन पूरे करने वाले खिलाड़ियों में वह 39वें और अंतिम स्थान पर रहे। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने शीतकालीन ओलंपिक के पुरुष स्लालोम में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया।

पहले रन में आरिफ 96 प्रतिभागियों में 1:22.12 मिनट के समय के साथ 44वें स्थान पर रहे, जबकि दूसरे रन में उन्होंने 1:19.48 मिनट का समय निकालकर 39वां स्थान प्राप्त किया। दोनों रन का संयुक्त समय 2:41.60 रहा, जिससे उन्हें कुल मिलाकर 39वां स्थान मिला।

इससे पहले भारतीय पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किशोर रतन राय के नाम था, जिन्होंने कैलगरी शीतकालीन ओलंपिक में 2:52.21 मिनट के समय के साथ 49वां स्थान हासिल किया था।

शीतकालीन ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ स्लालोम प्रदर्शन महिला वर्ग में शैलजा कुमार के नाम है, जिन्होंने 1988 के कैलगरी खेलों में 2:52.27 मिनट के समय के साथ 28वां स्थान प्राप्त किया था।

35 वर्षीय आरिफ का संयुक्त समय स्विट्जरलैंड के स्वर्ण पदक विजेता कोइक मील्लार्ड (1:53.61) से 47.99 सेकंड अधिक रहा। ऑस्ट्रिया के फाबियो गस्ट्रीन ने 1:53.96 के समय के साथ रजत पदक जीता, जबकि नॉर्वे के हेनरिक क्रिस्टाफरसेन 1:54.74 के समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

## क्या फिर भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच बनेंगे श्रीजेश

**कोच**

**भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश एक बार फिर जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच बनने की जुगत में हैं।**



**नई दिल्ली।** पीआर श्रीजेश ने भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के मुख्य कोच पद के लिए दोबारा आवेदन किया है। हॉकी इंडिया के महासचिव ने भी पुष्टि कर दी है कि इस पद के लिए छह-सात उम्मीदवार दौड़ में शामिल है। भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश एक बार फिर जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कोच बनने की जुगत में हैं। श्रीजेश का कार्यकाल पिछले साल दिसंबर में खत्म हो गया था, लेकिन उन्होंने इसके लिए दोबारा आवेदन किया है। माना जा रहा है कि मुख्य कोच की नियुक्ति को लेकर फैसला कुछ दिनों में हो सकता है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता श्रीजेश को अगस्त 2024 में जूनियर पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।

श्रीजेश के मार्गदर्शन में भारत ने बीते दिसंबर में चेन्नई में आयोजित एफआईएच पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। टीम ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना को 4-2 से हराकर नौ साल बाद इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल किया था। श्रीजेश ने कहा, हां, विश्व कप के बाद 21 दिसंबर को मेरा अनुबंध खत्म हो गया था और उसके बाद मैं केरल स्थित अपने गृहनगर में हूं। विज्ञापन आने पर मैंने दोबारा आवेदन किया। मुझे पता है कि छह-सात अन्य उम्मीदवारों ने भी आवेदन किया है।

अब देखते हैं क्या होता है। श्रीजेश ने अपने कोचिंग के अनुभव पर कहा, यह सीखने का शानदार अनुभव रहा। मैंने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अनुभव साझा किए। उतार-चढ़ाव रहे, लेकिन विश्व कप का कांस्य पदक खास रहा। हमारा लक्ष्य हालांकि स्वर्ण था। संन्यास के बाद मेरा मकसद खेल को कुछ लौटाना था और जूनियर खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव का साझा करने से बेहतर क्या हो सकता है। महासचिव ने नामों का नहीं किया खुलासा

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि कम से कम छह अन्य उम्मीदवार भी दौड़ में हैं।

उन्होंने हालांकि नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने कहा, नियमित प्रक्रिया के तहत जूनियर पुरुष टीम के कोच पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया है क्योंकि श्रीजेश का अनुबंध विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था। छह-सात उम्मीदवारों ने रुचि दिखाई है, जिनमें श्रीजेश भी शामिल हैं। स्क्रीनिंग और साक्षात्कार के बाद अगले एक-दो सप्ताह में नियुक्ति कर दी जाएगी।

भोला नाथ ने एफआईएच प्रो लीग के राउरकेला चरण में सीनियर भारतीय पुरुष टीम के निराशाजनक प्रदर्शन पर भी बात की, जहां टीम को बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ लगातार चार हार झेलनी पड़ी। इसमें अर्जेंटीना के खिलाफ 0-8 की करारी शिकस्त सबसे निराशाजनक परिणाम रहा था। सिंह ने कहा कि आगामी सत्र काफी व्यस्त है और इसमें एशियाई खेल और विश्व कप शामिल हैं।

इन टूर्नामेंटों को देखते हुए चिंता की कोई बात नहीं है। उनके अनुसार मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन सर्वश्रेष्ठ संयोजन तलाशने के लिए टीम में प्रयोग कर रहे हैं।

भारत अपना अगला दौरा 20 से 25 फरवरी तक होने वाले एफआईएच प्रो लीग के होबार्ट चरण के लिए करेगा।

टीम को यहां मेजबान ऑस्ट्रेलिया और स्पेन का सामना करना होगा। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह के व्यक्तिगत कारणों से बाहर होने के बाद मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम की अगुआई करेंगे।

## रणजी सेमीफाइनल में शमी का कहर, आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं को दिया करारा जवाब



**नई दिल्ली।** मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में आठ विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। पूरे सीजन में 38 विकेट के साथ वह बेहतरीन फॉर्म में हैं। घरेलू क्रिकेट में लगातार सफलता के बाद अब सवाल यही है कि क्या चयनकर्ता उन्हें फिर से टीम इंडिया में मौका देंगे? भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन कर एक बार फिर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींचा है। 17 फरवरी को कल्याणी के बंगाल क्रिकेट एकेडमी मैदान में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलते हुए शमी ने जम्मू-कश्मी की पहली पारी के दौरान आठ विकेट झटककर सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, बंगाल की स्थिति खराब है जम्मू-कश्मीर को दूसरी पारी में जीतने के लिए 126 रन बनाने हैं। बंगाल क्रिकेट ग्राउंड पर शमी ने रफ्तार, सटीक लाइन-लेंथ और अनुभव का बेहतरीन नमूना पेश किया। पहली पारी के 59वें ओवर में उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज कनहैया वधावन को कैच आउट कर अपना पांचवां विकेट पूरा किया। इसके बाद उनका जोशीला जश्न साफ दिखा कि वह किस आत्मविश्वास में गेंदबाजी कर रहे हैं। मैच में कुल आठ विकेट लेकर शमी ने साबित किया कि घरेलू क्रिकेट में उनका फॉर्म लगातार निखर रहा है।

35 वर्षीय शमी इस रणजी सीजन में अब तक सात मैचों में 38 विकेट ले चुके हैं, जिसमें तीन बार पांच विकेट हॉल शामिल है। पिछले महीने सर्विसेज के खिलाफ भी उन्होंने 5/51 का बेहतरीन प्रदर्शन किया था। सिर्फ लाल गेंद ही नहीं, बल्कि विजय हजारे ट्रॉफी में भी उन्होंने सात मैचों में 15 विकेट लिए और 6.09 की इकॉनमी से गेंदबाजी की।

शानदार प्रदर्शन के बावजूद शमी हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और 2026 टी20 विश्व कप की टीम में जगह नहीं बना सके। 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से वह भारतीय टीम से बाहर हैं और बीसीसीआई का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी खो चुके हैं। हालांकि, मौजूदा फॉर्म को देखते हुए चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा, खासकर तब जब 2026 में भारत के सामने बड़े टेस्ट मुकाबले हैं। रणजी ट्रॉफी के बाद शमी आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स की ओर से खेलते नजर आएंगे, लेकिन जिस लय में वह हैं, उससे साफ है कि उनका लक्ष्य सिर्फ फ्रेंचाइजी क्रिकेट नहीं, बल्कि टीम इंडिया में जोरदार वापसी है।

मैच की बात करें तो बंगाल ने अपनी पहली पारी में 328 रन बनाए थे। जवाब में जम्मू-कश्मीर की पहली पारी 302 रन पर समाप्त हुई थी और बंगाल को दूसरी पारी में 26 रन की बढ़त हासिल थी। इसके बाद बंगाल री दूसरी पारी महज 99 रन पर सिमट गई और उनकी कुल बढ़त 125 रन की हुई। इस तरह जम्मू कश्मीर को 126 रन का लक्ष्य मिला।

## कनाडा के युवराज समरा ने रचा इतिहास, टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले युवा बल्लेबाज बने

**चेन्नई।** कनाडा के बल्लेबाज युवराज समरा ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की और इतिहास रच दिया। युवराज टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं।

कनाडा के युवराज समरा ने टी20 विश्व कप में इतिहास रच दिया है। युवराज इस टूर्नामेंट में शतक लगाने वाले युवा बल्लेबाज बन गए हैं। भारतीय मूल के 19 साल के युवराज ने यह उपलब्धि न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप डी मुकाबले के दौरान हासिल की। युवराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच में 65 गेंदों पर 110 रनों की पारी खेली जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है।

क्रिकेट के शौकिन पिता बलजीत समरा ने उनका नाम धाकड़ भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के नाम पर रखा था। पिछले साल मार्च में पदार्पण करने वाले समरा ने अपने 19वें



टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में यह उपलब्धि हासिल की। समरा ने अपनी तूफानी पारी के दौरान 11 चौके और छह छक्के जड़े, जिसकी बदौलत कनाडा ने ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ 173 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। वह अंतिम ओवर में जैकब डफी पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए। समरा की यह पारी टी20 विश्व कप में किसी एसोसिएट टीम के बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले टी20 विश्व कप में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के अहमद शहजाद के नाम था, जिन्होंने 2014 में 22 वर्ष की आयु में यह उपलब्धि हासिल की थी। युवराज के शतक के बावजूद कनाडा की टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी क्योंकि उनकी पारी पर ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र का अर्धशतक भारी पड़ा। दोनों ने नाबाद रहते हुए कीवियों को जीत दिलाई और सुपर-आठ में न्यूजीलैंड की जगह पक्की की। न्यूजीलैंड ने 174 रन का लक्ष्य 15.1 ओवर में दो विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

## प्रियंका चोपड़ा को ऐश्वर्या और इरफान खान से मिली हॉलीवुड जाने की प्रेरणा



**मुंबई।** ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा हाल ही में सालाना हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में शिरकत करने पहुंचीं। यहां उन्होंने अपने देश और बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचने के अपने सफर पर चर्चा की। उन्होंने अपने संघर्ष के बारे में बताया। साथ ही वे हॉलीवुड तक पहुंचीं, इसका क्रेडिट ऐश्वर्या राय और इरफान खान सरीखे सितारों को दिया। प्रियंका का कहना है कि इन सितारों ने हॉलीवुड के रास्ते खोले। प्रियंका चोपड़ा ने हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अपने करियर और हॉलीवुड तक के सफर का भी जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने हॉलीवुड में रास्ता बनाने का क्रेडिट ऐश्वर्या राय, इरफान खान और मिंडी कालिंग को दिया। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट भी शेयर किया है। इसमें अपनी करियर जर्नी पर एक इमोशनल नोट लिखा है।

प्रियंका चोपड़ा ने यह स्वीकार किया कि किस तरह एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय, दिवंगत एक्टर इरफान खान और अमेरिकन एक्टर-कॉमेडियन मिंडी कालिंग के सफर ने हॉलीवुड में उनके अपने करियर में योगदान दिया। उन्होंने इन पर्सनैलिटीज को ट्रेलब्लेजर बताया, जिनकी कामयाबियों ने दूसरों के लिए रास्ते तैयार किए। उनके नक्शेकदम पर चलना मुमकिन बनाया।

प्रियंका चोपड़ा ने साझा किए गए पोस्ट के साथ लिखा है, मेरे दिन की शुरुआत ऐसे हुई। मुझे अपनी सबसे करीबी दोस्तों और बिजनेस पार्टनर अंजुला आचार्य के साथ मशहूर हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में इंडिया वीक खत्म करने के लिए एक फायरसाइड कीनोट एड्रेस देना था। टॉपिक था जैसा इंडिया हम सोचते हैं। यहां ऑडियंस में देखते हुए मेरे मन में बस एक ही ख्याल आया, तुम वही इंडिया हो, जिसकी मैंने कल्पना की थी। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिल्म वाराणसी में नजर आएंगी।

## रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में नया अपडेट, पांच आरोपियों की पुलिस कस्टडी बढ़ाई गई

**जांच**

**रोहित शेट्टी के घर के बाहर जब फायरिंग हुई तो पूरे बॉलीवुड में डर का माहौल पैदा हो गया। पुलिस ने भी इस मामले में तेजी से जांच को आगे बढ़ाया।**



**मुंबई।** निर्देशक रोहित शेट्टी फायरिंग केस की जांच तेजी से आगे बढ़ रही है। इस मामले में पांच आरोपी पुलिस हिरासत में हैं। इनकी कस्टडी का समय बढ़ा दिया गया है।


रोहित शेट्टी के घर के बाहर जब फायरिंग हुई तो पूरे बॉलीवुड में डर का माहौल पैदा हो गया। पुलिस ने भी इस मामले में तेजी से जांच को आगे बढ़ाया। पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। स्पेशल कोर्ट ने मंगलवार को इन पांच आरोपियों की पुलिस कस्टडी 23 फरवरी तक बढ़ा दी है। पीटीआई की खबर के अनुसार पुलिस ने स्पेशल महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट कोर्ट को बताया कि बाद में गिरफ्तार किए गए लोगों की, पहले गिरफ्तार किए गए लोगों के साथ पूछताछ होगी। इसके लिए उनकी रिमांड को बढ़ाए जाने की जरूरत है। अब तक इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें रविवार को हरियाणा और उत्तर प्रदेश से पकड़े गए सात लोग भी शामिल हैं। बाद वाले लोगों को 25 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। जबकि आदित्य गायकी (19), सिद्धार्थ येनपुरे (20), समर्थ पोमाजी (18), स्वप्निल सकट (23) और आसाराम फासले को पिछली रिमांड खत्म होने पर स्पेशल जज महेश जाधव के सामने पेश किया गया। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि साथ में पूछताछ और पैसे के लेन-देन के अलावा अपराध में इस्तेमाल की गई गाड़ी का पता लगाने के लिए कस्टडी बढ़ाने की जरूरत है। बचाव पक्ष के वकील अजिंक्य मिर्गल ने अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जांच एजेंसी के पास उनसे पूछताछ करने के लिए काफी समय था। उन्होंने कहा कि पैसे के ट्रेल का पता लगाने के लिए आरोपियों की फिजिकल कस्टडी की जरूरत नहीं थी। पुलिस ने पहले ही उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए थे। कोर्ट ने तमाम दलीलें सुनने के बाद पांचों आरोपियों की कस्टडी 23 फरवरी तक बढ़ा दी।


1 फरवरी को रात 12.45 बजे जुहू इलाके में शेट्टी की नौ मंजिला बिल्डिंग की पहली मंजिल पर कम से कम पांच राउंड फायरिंग हुई। एक गोली बिल्डिंग के अंदर एक जिम के शीशे से टकराई। यह फायरिंग घर के बाहर से की गई। कथित शूटर दीपक शर्मा रविवार को गिरफ्तार किए गए लोगों में शामिल था। पुलिस के मुताबिक, फायरिंग लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य शुभम लोनकर के कहने पर की गई थी, जिसका मकसद फिल्ममेकर को नुकसान पहुंचाना और डर पैदा करना था।

## फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बॉलीवुड सितारों से की मुलाकात

**मुंबई।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तीन दिन के भारत दौरे पर हैं। इस बीच मंगलवार को उन्होंने बॉलीवुड की कई चर्चित हस्तियों से मुलाकात की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अपने मुंबई दौरे के दौरान कई बॉलीवुड कलाकारों और फिल्मी हस्तियों से मुलाकात की। इन सभी से कला और संस्कृति के बारे में चर्चा की। इन हस्तियों में शबाना आजमी के अलावा कई नामी एक्टर्स, म्यूजिक कंपोजर भी नजर आए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कुछ बॉलीवुड सितारों संग मंगलवार को खास मुलाकात की। इसमें शबाना आजमी, अनिल कपूर, मनोज बाजपेयी, डायरेक्टर जोया अख्तर, ऋचा चड्ढा और ग्रैमी विनर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज शामिल थे।

## जब काम मांगने धुरंधर फेम डायरेक्टर आदित्य धर के पास गई थीं मृणाल ठाकुर, एक्ट्रेस ने साझा किया किस्सा





**मुंबई।** हाल ही में दिए अपने इंटरव्यू में मृणाल ठाकुर ने काम से जुड़े अपने प्रयासों के बारे में बताया। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि धुरंधर के निर्देशक आदित्य धर से उनकी मुलाकात कैसी थी।

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की फिल्म दो दीवाने सहर में जल्द रिलीज होने जा रही है। एक्ट्रेस को फिल्मी दुनिया में 15 साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। अब उन्होंने अपने इंडस्ट्री में इस सफर के बारे में कई बातें शेयर कीं। साथ ही फिल्म के डायरेक्टर रवि उदयवार के साथ काम करने का अनुभव भी साझा किया। जानें क्या बोलीं मृणाल ?

'शादी मेरी योजना का हिस्सा', धनुष से अफेयर की खबरों के बीच मृणाल का बड़ा बयान; पार्टनर को लेकर कही ये बात

हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में मृणाल ठाकुर ने कहा, मैंने डायरेक्टर रवि उदयवार का काम उनकी फिल्म मॉम में देखा था। तब से ही मेरा उनके साथ काम करने का मन था। मैंने उनसे कहा मैं अपके साथ काम करना चाहती हूं। इसके फौरन बाद ही मैंने पूछा तो हम अगली फिल्म कब कर रहे हैं सर? मैं अपने करियर की शुरुआत से ही काफी बेबाक रहीं हूं। मेरा यह मानना रहा है कि आज में जिस मुकाम पर हूं वह सिर्फ अपने साहस की वजह से

आगे इस इंटरव्यू में मृणाल ने कहा, ये पहली बार नहीं है जब मैंने खुद किसी डायरेक्टर के काम से प्रभावित होकर साथ काम करने की मांग की हो, इससे पहले भी मैंने धुरंधर के निर्देशक आदित्य धर से भी फिल्म के लिए बात की थी।

मृणाल ने कहा, %मेरे पास आसानी से मौके नहीं आते। मुझे इसके लिए पीछे भागना पड़ता है। कोशिश करनी पड़ती है कि मेरा चेहरा निर्देशकों को याद रहे। उनसे (निर्देशकों से) कहना पड़ता है कि सर मैं हूं इसी इंडस्ट्री में। मुझे किसी दिन कास्ट कर लेना। मुझे आज भी याद है जिस दिन मैं निर्देशक आदित्य धर के पास गई थी। तब मुझे ठीक तरह ये यह भी नहीं पता था कि काम कैसे मांगते हैं ?

आगे मृणाल ने कहा कि काम के लेकर उनका हमेशा एक सजग नजरिया होता है। जिसका काम उन्हें प्रभावित करता हैं वो खुल कर उनकी तारीफ करती हैं और साथ काम करने की इच्छा जाहिर करतीं हैं।

मुणाल की अगली फिल्म 'दो दीवाने सहर में है। यह 20 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है और इसे संजय लीला भंसाली ने अपने बैनर तले प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में मृणाल के अपोजिट सिद्धांत चतुर्वेदी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## क्या जुमानजी 3 की शूटिंग हुई खत्म? ड्वेन जॉनसन ने डैनी डेविटो के साथ शेयर की तस्वीरें

**मुंबई।** जुमांजी 3 की शूटिंग को लेकर फिल्म के मुख्य अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की है। इसी के साथ ड्वेन ने फिल्म की शूटिंग को लेकर एक खास नोट भी लिखा है। हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म जुमांजी 3 की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच द रॉक के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है।

आधी रात रिहायशी इलाके में किए धमाके, 'धुरंधर 2' की शूटिंग में उड़ीं नियमों की धज्जियां; शिकायतकर्ता की यह मांग 17 फरवरी 2026 को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म जुमांजी 3 के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है।

## 'द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड' का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म द केरल स्टोरी ब्लॉकबस्टर रही थी। अब निर्माता इसका सीक्वल लेकर आ रहे हैं। निर्माताओं ने आज इसका ट्रेलर रिलीज किया है, जिसे देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे।

विपुल अमृतलाल शाह साल 2023 में फिल्म द केरल स्टोरी लेकर आए थे। अब वे इसका सीक्वल द केरल स्टोरी 2= गोज बियॉन्ड' लेकर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो पहले पार्ट से ज्यादा इंटेंस नजर आ रहा है। सीक्वल में आपको एक और खौफनाक कहानी देखने को मिलेगी जो धर्मांतरण से जुड़ी होगी।

द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड का ट्रेलर कुछ ही देर पहले रिलीज हुआ है। ट्रेलर की शुरुआत एक चौंकाने वाली बात से होती है। जिसमें कहा गया है कि अगले 25 साल में भारत इस्लामिक स्टेट बन सकता है। फिर कहानी अलग-अलग राज्यों की तरफ जाती है। ट्रेलर में तीन हिंदू लड़कियों की कहानी को दिखाया गया है- उल्का



गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा। ये तीनों मुस्लिम लड़कों से प्यार करती हैं, लेकिन धीरे-धीरे पता चलता है कि उनके पीछे धर्म बदलवाने का एक बड़ा प्लान है। राजस्थान में एक हिंदू परिवार पुलिस स्टेशन में अपनी 16 साल की बेटी के जबरन धर्म बदलवाने की शिकायत करता है। माता-पिता का दर्द साफ दिखता है। वहीं मध्य प्रदेश में एक हिंदू लड़की को प्यार के नाम पर धोखा दिया जाता है, शादी का झांसा देकर उसका धर्म बदलने की कोशिश की जाती है। उसकी तकलीफ और अकेलापन बहुत प्रभावित करता है। केरल में एक मुस्लिम लड़का अपनी हिंदू गर्लफ्रेंड से लिव-इन रिलेशनशिप के लिए कहता है, लेकिन जब लड़की अपना धर्म नहीं बदलने की बात करती है, तो झगड़ा बढ़ जाता है। उस पर दबाव बनाया जाता है। द केरल स्टोरी 2 फिल्म, 27 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह हैं।

निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और सह-निर्माता आशिन ए. शाह हैं। विपुल अमृतलाल शाह और उनकी कंपनी सनशाइन पिक्चर्स के साथ बनी यह फिल्म द केरल स्टोरी की अगली कड़ी है, जो पहले से भी ज्यादा गहरी और डरावनी दिख रही है।

# अहमदाबाद, वडोदरा समेत गुजरात की 6 कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**धमकी**

**अधिकारियों के मुताबिक, अहमदाबाद, वडोदरा, वलसाड, राजकोट, गांधीनगर और मेहसाणा की अदालतों को ये धमकी भरे ईमेल मिले हैं।**



**गुजरात।** गुजरात में मंगलवार को 6 जिला अदालतों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद सभी जगहों पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन कहीं कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। गुजरात में स्कूलों के बाद मंगलवार को छह अलग-अलग अदालतों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। धमकी भरे ईमेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। आनन-फानन में कोर्ट परिसर को खाली कराया गया। हालांकि, जांच के बाद कहीं भी कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने इसे अफवाह बताया है। अधिकारियों के मुताबिक, अहमदाबाद, वडोदरा, वलसाड, राजकोट, गांधीनगर और मेहसाणा की अदालतों को ये धमकी भरे ईमेल मिले हैं। ईमेल मिलते ही पुलिस की टीमें बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचीं। इसके बाद कोर्ट परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया। वडोदरा जिला अदालत को भेजे गए ईमेल में परिसर में 19 बम रखे होने का दावा किया गया। पुलिस अधिकारी मंजिता वंजारा ने बताया कि ईमेल में दोपहर तक परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। ईमेल भेजने वाले ने तमिलनाडु की एक अदालत के फैसले की आलोचना भी की है। इसी तरह, वलसाड के एसपी युवराजसिंह जडेजा ने बताया कि वहां की जिला अदालत को भी धमकी मिली है। ईमेल में कहा गया कि परिसर में 19 आईईडी लगाए गए हैं, जो दोपहर की नमाज से पहले फट जाएंगे। इसके बाद अदालत के 19 कमरों को खाली कराकर जांच की गई। अधिकारियों ने पुष्टि की कि राजकोट, गांधीनगर और अहमदाबाद की जिला अदालतों को भी मंगलवार सुबह खाली कराया गया।

## इंडिया-नेपाल ट्रेड फेस्टिवल 20 फरवरी से, व्यापार के साथ सांस्कृतिक संबंध मजबूत



**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच होने वाले व्यापार को बढ़ावा देने के लिए इंडो-नेपाल ट्रेड फेस्टिवल 20 फरवरी से 22 फरवरी के बीच दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इसमें दोनों देशों के हथकरघा उत्पादों के साथ-साथ अन्य उत्पाद भी लोगों के लिए उपलब्ध होंगे। हिमालय क्षेत्र में पाई जाने वाली औषधियां भी यहां बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी। फेस्टिवल का उद्देश्य दोनों देशों के ऐतिहासिक सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत बनाना भी है। डॉ युबराज बराल (अध्यक्ष, इंडो-नेपाल ट्रेड संगठन) ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से दोनों देशों के आपसी संबंधों को मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। कई सेशन रखकर दोनों देशों के बीच के संबंधों पर चर्चा कराई जाएगी।

## राजनीतिक पार्टियों की चुनाव आयुक्त के साथ बैठक

**नई दिल्ली।** असम विधानसभा चुनाव 2026 की तैयारियों के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने गुवाहाटी में राजनीतिक दलों से बैठक की। दलों ने चुनाव एक या दो चरणों में कराने और बिहू त्योहार को ध्यान में रखकर तारीख तय करने की मांग की। असम विधानसभा चुनाव 2026 से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ आज को गुवाहाटी में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य दलों के साथ विचार-विमर्श किया। अधिकारियों ने बताया कि असम की राष्ट्रीय और राज्य की राजनीतिक पार्टियो ने मंगलवार को चुनाव आयोग के साथ अपनी मीटिंग में असम विधानसभा चुनाव एक या ज्यादा से ज्यादा दो फेज में कराने की मांग की।

# मंत्री के कुत्ता वाले बयान पर घमासान. भाजपा और पार्टी नेताओं की तीखी प्रतिक्रिया



**बंगलूरू।** कर्नाटक में नेतृत्व को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक मंत्री के बयान से सियासत गर्मा गई है। दरअसल, मंत्री एच.सी. महादेवप्पा ने कहा कि राज्य में नेतृत्व बदलने की कोई चर्चा नहीं है। लेकिन अचानक उन्होंने इस दौरान हाईकोर्ट की आवारा कुत्ते पर की गई टिप्पणी का जिक्र कर दिया। जिस पर पक्ष और विपक्ष ने उनकी आलोचना की है। कर्नाटक कांग्रेस में चल रहा नेतृत्व विवाद अब और ज्यादा गरमा गया है। राज्य के मंत्री एच.सी. महादेवप्पा के एक बयान ने राजनीतिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है। उनके आवारा कुत्तों वाले उदाहरण को लेकर कांग्रेस के अंदर और विपक्ष-दोनों तरफ से तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। मंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री महादेवप्पा ने कहा कि राज्य में नेतृत्व बदलने की कोई चर्चा नहीं है। उन्होंने हाई कोर्ट के एक पुराने आदेश का उदाहरण देते हुए कहा हाई कोर्ट बार-बार कहता है कि आवारा कुत्तों को पकड़कर नियंत्रित करो। लेकिन यहां राजनीतिक नेतृत्व मजबूत है, इसलिए नेतृत्व संकट जैसी कोई बात नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने किसके लिए यह उदाहरण दिया, तो उन्होंने कहा कि वे सिर्फ हाई कोर्ट की बात दोहरा रहे थे, किसी खास व्यक्ति पर टिप्पणी नहीं की। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी हाईकमान को दिशा कोई नेता या कार्यकर्ता नहीं दे सकता- फैसले वही लेते हैं। काफी समय से कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनके डिप्टी डीके शिवकुमार के बीच नेतृत्व को लेकर खींचतान की चर्चाएं चल रही हैं। महादेवप्पा को सिद्धारमैया का करीबी माना जाता है, इसलिए उनके बयान को इसी विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने इस बयान पर सीधे कुछ कहने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, मैं किसी के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। नेतृत्व को लेकर जो भी फैसला है, वह मैं, सिद्धारमैया और पार्टी हाईकमान मिलकर ले चुके हैं। सही समय आने पर खुद सिद्धारमैया जनता को जवाब देंगे।

शिवकुमार के भाई डी.के. सुरेश ने कहा कि उन्हें नहीं पता मंत्री किसे कुत्ता कह रहे थे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के सच्चे कार्यकर्ता ईमानदार कुत्तों की तरह होते हैं, जो कभी अपने नेता को धोखा नहीं देते। कांग्रेस एमएलसी बी.के. हरिप्रसाद ने शिवकुमार को ट्रेन के इंजन से तुलना करते हुए कहा कि वे पूरी पार्टी को साथ लेकर चलते हैं।

# मुंबई की सड़कों पर जॉगिंग करते नजर आए फ्रांस के राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपने भारत दौरे के पहले दिन मुंबई के सड़कों पर जॉगिंग के लिए उतरे। इसके बाद उन्होंने मुंबई हमलों के पीड़ितों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तीन दिन के भारत दौरे पर हैं। इस बीच वे मंगलवार को मुंबई में सुबह की सैर करने वालों की भीड़ में शामिल हुए। इसने मुंबईवासियों को आश्चर्यचकित कर दिया। राष्ट्रपति को फ्रांसीसी और भारतीय अधिकारियों सहित सुरक्षाकर्मियों के एक दल के साथ जॉगिंग करते देखा गया। यह जॉगिंग शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। रास्ते में मीडिया और स्थानीय लोगों की ओर से न्यूनतम व्यवधान उत्पन्न हुआ। गहरे नीले रंग की टी-शर्ट और काले धूप के चश्मे पहने मैक्रों ने राजनयिक बैठकों के लंबे दिन से पहले एक विदेशी देश में होने के बावजूद अपनी फिटनेस दिनचर्या को बाधित न करने का निर्णय लिया। उसी दिन, आतंकवाद के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय एकजुटता को दर्शाते हुए एक मार्मिक क्षण में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने अपने आगमन पर 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के पीड़ितों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस पहल ने दो ऐसे देशों के बीच एक सेतु का काम किया है, जो कट्टरता और हिंसा के घावों का सामना कर चुके हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने लचीलेपन और लोकतंत्र के उन साझा मूल्यों पर जोर दिया है जो नई दिल्ली और पेरिस को आपस में जोड़ते हैं।

# पदोन्नति में पिछड़ते ग्राउंड कमांडर, केंद्र में बढ़ेंगे आईपीएस



**नई दिल्ली।** सीएपीएफ कैडर अधिकारी पदोन्नति और आर्थिक हितों में पिछड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के 2019 और 2025 के फैसले लागू नहीं हुए। ओजीएएस लागू करने के आदेश के बावजूद सरकार पुनर्विचार हार चुकी है और अब संसद में बिल लाकर फैसले को पलटने की तैयारी में है।केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के कैडर अफसर, पदोन्नति एवं दूसरे आर्थिक हितों के मोर्चे पर पिछड़ते जा रहे हैं। 2019 और 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने कैडर अफसरों के हितों को लेकर जो फैसला दिया था, वह लागू नहीं हो सका। वजह, सरकार इसके लिए राजी नहीं थी। सर्वोच्च न्यायालय ने मई 2025 के अपने फैसले में कहा था कि इन बलों में संगठित समूह ए सेवा (ओजीएएस) सही मायने में लागू किया जाए। छह महीने में कैडर रिव्यू हो। सरकार ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर कर दी। सर्वोच्च अदालत ने इसे भी खारिज कर दिया। अब सरकार, संसद में बिल के माध्यम से इस फैसले को पलटने की तैयारी कर रही है। सरकार ने इस बाबत शीर्ष अदालत में एक हलफनामा भी दिया है। दूसरी तरफ गृह मंत्रालय के शीर्ष अफसरों ने सत्तर-अस्सी के दशक में आईपीएस प्रतिनियुक्ति को लेकर जो सलाह दी थी, वह अब फाइलों से बाहर नहीं आ पा रही हैं। आईपीएस के चलते सीएपीएफ के कैडर अधिकारी, पदोन्नति में पिछड़ जाते हैं। उन्हें नेतृत्व का अवसर नहीं मिल पाता। इन बलों में केवल एनएफएफयू (नॉन फंक्शनल फाइनेंशियल अपग्रेडेशन) के लिए नहीं, बल्कि सभी कार्यों के लिए ओजीएएस पैटर्न लागू किया जाए। एसएजी (वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड) स्तर तक के पदों पर आईपीएस की प्रतिनियुक्ति को सरकार, अगले दो साल में धीरे-धीरे कम करे।

बीएसएफ के पूर्व एडीजी एसके सूद के अनुसार, सीआरपीएफ, बीएसएफ व दूसरे केंद्रीय बलों में कैडर अफसरों के लिए पदोन्नति का इंतजार बहुत लंबा होता जा रहा है। ग्राउंड कमांडर (सहायक कमांडेंट) को 15 वर्ष में पहली पदोन्नति नहीं मिल पा रही है।

नतीजा- अगर यही स्थिति रही तो अधिकांश कैडर अधिकारी कमांडेंट से ही रिटायर हो जाएंगे। दो तीन सौ अफसरों में से एक आध ही आईजी/एडीजी तक पहुंच सकेगा।

तत्कालीन होम सेक्रेट्री लल्लन प्रसाद सिंह ने लिखा, केंद्रीय बलों में आईपीएस के लिए पद आरक्षित न हों। कैडर अधिकारी, पदोन्नति के जरिए आगे बढ़ते रहेंगे और टॉप तक पहुंच जाएंगे। 1955 के फोर्स एक्ट में भी ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

1970 में गृह मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर संगठन जेसी पांडे ने लिखा, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में आईपीएस के लिए पद फिक्स मत करो। इससे कैडर अफसरों के मौके प्रभावित होंगे।

नतीजा- तब ये सलाह नहीं मानी गई और केंद्रीय सुरक्षा बलों में अधिकांश पद आईपीएस के लिए रिजर्व कर दिए गए। 1959 में पहली बार आईपीएस अधिकारी, कमांडेंट बन कर केंद्रीय सुरक्षा बलों में आए थे।

बीएसएफ के पहले डीजी केएफ रुस्तम ने कहा, केंद्रीय बलों में आईपीएस अफसर के लिए पदों का आरक्षण न हो। हम अपने अफसर तैयार करेंगे, जो कुछ समय बाद फोर्स का नेतृत्व करेंगे।

## अजित पवार की मौत की सीबीआई जांच हो

**मुंबई।** महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेताओं ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर 28 जनवरी को हुए बारामती विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। इस दुर्घटना में अजीत पवार की मौत हो गई थी।

वरिष्ठ एनसीपी नेता सुनील तटकरे ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार इस मामले में केंद्र के गृह मंत्रालय से संपर्क करेगी।

सुनेत्रा पवार के साथ तटकरे, प्रफुल्ल पटेल, हसन मुश्रीफ और अजीत पवार के बड़े बेटे पार्थ पवार भी मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सीबीआई जांच की मांग वाला पत्र भी सौंपा।

# रहमान कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक मंत्री शामिल



**ढाका।** बांग्लादेश में एक ऐतिहासिक राजनीतिक बदलाव के तहत बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही बीएनपी ने दो दशक बाद सत्ता में वापसी की, नए कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक मंत्रियों ने भी शपथ ली है। जानें कौन हैं दोनों नेता...

बांग्लादेश में बीएनपी सुप्रीमो तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। उनके साथ 25 मंत्री और 24 राज्य मंत्रियों ने भी शपथ ली है। रहमान कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक मंत्रियों ने भी शपथ ली है। इसमें निताई रॉय चौधरी और दीपेन दीवान चकमा शामिल हैं। हालांकि चर्चा गोयेश्वर रॉय को लेकर थी, जो बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। खालिदा जिया सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) वे राज्य मंत्री थे।

जानकारी के अनुसार, 1949 में पैदा हुए निताई रॉय चौधरी एक बांग्लादेशी वकील, राजनीतिज्ञ, और पूर्व मंत्री हैं। निताई रॉय चौधरी, जो मगुरा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। पार्टी के शीर्ष रणनीतिकारों में से एक हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं। उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के प्रत्याशी को सीधी टक्कर में मात दी। 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने मगुरा-2 संसदीय क्षेत्र से जीत हासिल की। निताई रॉय चौधरी को 1,47,896 वोट मिले हैं। उन्होंने जमात उम्मीदवार मुस्तर्शीद बिल्लाह को 30,838 वोटों के अंतर से हराया है।

दूसरे अल्पसंख्यक नेता दीपेन दीवान, बौद्ध बाहुल वाले चकमा एथनिक माइनॉरिटी ग्रुप से हैं। इन्होंने दक्षिण-पूर्व रंगमती जिले की एक सीट से जीत हासिल की। हालांकि उनकी धार्मिक पहचान साफ नहीं है। कई लोग उन्हें हिंदू बताते हैं। दीवान ने अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी के तौर पर एक निर्दलीय उम्मीदवार को हराया।

नव निर्वाचित सांसदों ने मंगलवार को ढाका में नेशनल पार्लियामेंट के साउथ प्लाजा में शपथ ली। इसके साथ ही बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान ने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को तगड़ा झटका दिया और बीएनपी सांसदों ने कॉन्स्टिट्यूशन रिफॉर्म काउंसिल के मेंबर के तौर पर शपथ नहीं ली।

## सहयोगियों पर चीन से दूरी का दबाव नहीं डालेगा अमेरिका

**बुडापेस्ट।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिका किसी भी देश को चीन से संबंध तोड़ने के लिए मजबूर नहीं करेगा। ट्रंप प्रशासन की नई विदेश नीति में राष्ट्रीय हित और व्यावहारिक दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी गई है। अमेरिका ने साफ कर दिया है कि वह अपने सहयोगी देशों से चीन से दूरी बनाने की कोई वैचारिक शर्त नहीं रखेगा। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की प्राथमिकता यह है कि दुनिया का हर देश अपने राष्ट्रीय हित में निर्णय ले। हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान रुबियो ने कहा हम किसी भी देश से यह नहीं कह रहे कि वे खुद को किसी से अलग-थलग करें, चाहे वह चीन ही क्यों न हो।

# रहमान ने मोहम्मद यूनुस को दिया झटका

**शपथ**

**बांग्लादेशी मीडिया ने जानकारी दी है कि बीएनपी सांसदों ने सांविधानिक सुधार परिषद के सदस्यों के तौर पर शपथ नहीं ली।**



**ढाका।** बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में बड़ी जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के नए सांसदों ने मंगलवार को ढाका में राष्ट्रीय संसद के साउथ प्लाजा में पद की शपथ ली। इसके साथ ही बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। तारिक रहमान ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार रहे मोहम्मद यूनुस को तगड़ा झटका दिया है। दरअसल, बीएनपी सांसदों ने सांविधानिक सुधार परिषद के सदस्य के तौर पर शपथ नहीं ली है। मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नासिर उद्दीन ने मंगलवार सुबह देश के संविधान के अनुसार सांसदों को शपथ दिलाई। दरअसल, 12वीं संसद के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का पद खाली होने की वजह से चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह संसद सचिवालय सचिव कनीज मौला ने करवाया।

बांग्लादेशी मीडिया ने जानकारी दी है कि बीएनपी सांसदों ने सांविधानिक सुधार परिषद के सदस्यों के तौर पर शपथ नहीं ली। बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान ने ढाका-17 चुनाव क्षेत्र से सांसद के तौर पर शपथ ली। इस दौरान उनकी पत्नी, जुबैदा रहमान और उनकी बेटी जाइमा रहमान शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद थीं। 2024 में शेख हसीना की सरकार गिराए जाने के बाद मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार और 30 राजनीतिक दलों ने मिलकर संवैधानिक, चुनावी और प्रशासनिक सुधारों की एक योजना पेश की जुलाई 2025 में पेश की थी। बांग्लादेशी मीडिया द डेली स्टार ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत में बीएनपी नेता सलाउद्दीन अहमद ने कहा कि पार्टी चीफ तारिक रहमान के कहने पर बीएनपी के सभी नए चुने गए सांसदों को संविधान सुधार परिषद फॉर्म पर हस्ताक्षर न करने का निर्देश दिया गया है, क्योंकि उन्हें परिषद का सदस्य नहीं चुना गया था।

दूसरी ओर, बांग्लादेशी अखबार प्रोथोम आलो के अनुसार, जमात-ए-इस्लामी और नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) समेत 11 पार्टियों के गठबंधन के नए चुने गए सांसद शपथ न लेने पर विचार कर रहे थे। हालांकि, जमात के चुने गए सांसदों को उसी जगह पर शपथ दिलाई गई है। जुलाई नेशनल चार्टर पर जनमत भी 12 फरवरी को ही 13वें संसदीय चुनाव के साथ हुआ था, जिसमें देश के 300 में से 299 चुनाव क्षेत्रों में वोटिंग कराई गई। चुनाव में बीएनपी ने 209 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी जमात-ए-इस्लामी को 68 सीटें मिलीं।

## विदाई भाषण में मोहम्मद यूनुस ने आलापा सेवन सिस्टर्स का राग

**ढाका।** बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने अपने विदाई संबोधन में कहा कि देश अब आज्ञाकारी नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी राष्ट्र बन चुका है। उन्होंने अपने 18 महीने के कार्यकाल में संप्रभुता, राष्ट्रीय हित और गरिमा को मजबूत करने का दावा किया। बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को अपने विदाई संबोधन में दावा किया कि उनके 18 महीने के शासनकाल ने देश की विदेश नीति को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि अब बांग्लादेश किसी के निर्देशों पर चलने वाला आज्ञाकारी देश नहीं रहा, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाला आत्मविश्वासी राष्ट्र बन चुका है। टेलीविजन पर प्रसारित अपने संबोधन में यूनुस ने कहा आज का बांग्लादेश संप्रभुता, राष्ट्रीय हित और गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

# रहमान की कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को मिली जगह



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने जीत हासिल की। इसके बाद आज तारीक रहमान प्रधानमंत्री पद की शपथ ले रहे हैं। उनके कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को जगह दी गई है। आइए जानतें हैं कि यह कौन है?

बांग्लादेश के 13वें संसदीय चुनाव में तारिक रहमान के नेतृत्व में बीएनपी को जबरदस्त जीत मिली। तारिक रहमान ने अपनी कैबिनेट में दो अल्पसंख्यक समुदाय के नेताओं को जगह दी गई है। 25 सांसदों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें निताई रॉय चौधरी का नाम भी शामिल है। हालांकि पहले चर्चा थी कि चौधरी के समधी और अहम महकमों के मंत्री रह चुके गोयेश्वर चंद्र रॉय को जगह मिलेगी। वहीं दूसरे अल्पसंख्यक नेता का नाम दीपेन दीवान है।

मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर, अमीर खोशरू महमूद चौधरी, सलाहुद्दीन अहमद, इकबाल हसन महमूद, मेजर रिटायर्ड हाफिज उद्दीन अहमद बीर बिक्रम, अबू जफर मोहम्मद जाहिद हुसैन, डॉ. खलीलुर रहमान, अब्दुल अव्वल मिंटू, काजी शाह मोफज्जल हुसैन कैकोबाद, मिजानुर रहमान मीनू, निताई रॉय चौधरी (हिंदू नेता), खंडेकर अब्दुल मुक्तदिर, अरिफुल हक चौधरी, जहीर उद्दीन स्वपन, मोहम्मद अमीन उर रशीद, अफरोजा खानम रीटा, शाहिद उद्दीन चौधरी एनी, असदुल हबीब दुलु, मोहम्मद असदुज्जमां, जकारिया ताहिर, दीपेन दीवान (अल्पसंख्यक), एएनएम एहसानुल हक मिलन, सरदार मोहम्मद सखावत हुसैन, फकीर महबूब अनम, और शेख रबीउल आलम। तृतीयोमात्रा डॉट कॉम के मुताबिक, 1949 में पैदा हुए निताई रॉय चौधरी एक बांग्लादेशी वकील, राजनीतिज्ञ, और पूर्व मंत्री हैं। निताई रॉय चौधरी, जो मगुरा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। पार्टी के शीर्ष रणनीतिकारों में से एक हैं और शीर्ष नेतृत्व के वरिष्ठ रणनीतिक सलाहकार माने जाते हैं। उन्होंने जमात-ए-इस्लामी के प्रत्याशी को सीधी टक्कर में मात दी। 12 फरवरी 2026 को हुए 13वें संसदीय चुनाव में उन्होंने मगुरा-2 संसदीय क्षेत्र से जीत हासिल की। निताई रॉय चौधरी को 147896 वोट मिले हैं। उन्होंने जमात उम्मीदवार मुस्तर्शीद बिल्लाह को 30,838 वोटों के अंतर से हराया है। हालांकि चर्चा गोयेश्वर रॉय को लेकर थी, जो बांग्लादेश की राजनीति में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के प्रमुख चेहरों में से एक माने जाते हैं। खालिदा जिया सरकार में लगभग 30 साल पहले (1991-1996) वो राज्य मंत्री थे। दूसरे अल्पसंख्यक नेता दीपेन दीवान, बौद्ध मेजोरिटी वाले चकमा एथनिक माइनॉरिटी ग्रुप से हैं। इन्होंने दक्षिण-पूर्व रंगमती जिले की एक सीट से जीत हासिल की। हालांकि उनकी धार्मिक पहचान साफ नहीं है। कई लोग उन्हें हिंदू बताते हैं। दीवान ने अपने सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी के तौर पर एक निर्दलीय चकमा उम्मीदवार को हराया। नव निर्वाचित सांसदों ने मंगलवार को ढाका में नेशनल पार्लियामेंट के साउथ प्लाजा में शपथ ली। इसके साथ ही बीएनपी अध्यक्ष रहमान ने मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस को तगड़ा झटका दिया और बीएनपी सांसदों ने कॉन्स्टिट्यूशन रिफॉर्म काउंसिल के मेंबर के तौर पर शपथ नहीं ली।

# नाइजीरिया में बोको हराम के खतरे के बीच पहुंचा अमेरिकी सैनिकों का दल



**अबुजा।** करीब 100 अमेरिकी सैनिक नाइजीरिया पहुंचे हैं। जो वहां लड़ाई नहीं करेंगे, सिर्फ ट्रेनिंग, तकनीकी और खुफिया मदद देंगे। बता दें कि नाइजीरिया ने खुद अमेरिका से सहायता मांगी थी। दरअसल, देश में कई आतंकी और हथियारबंद गिरोह सक्रिय हैं। इनमें बोको हराम, आईएस से जुड़े संगठन और अपहरण गिरोह शामिल हैं।

नाइजीरिया में आतंकवाद और हथियारबंद गिरोहों से लड़ाई तेज होती जा रही है। इसी बीच अमेरिका ने करीब 100 सैनिक और सैन्य उपकरण वहां भेजे हैं। नाइजीरियाई सेना ने बताया कि ये अमेरिकी सैनिक लड़ाई नहीं करेंगे, बल्कि वहां की सेना को ट्रेनिंग देंगे, तकनीकी मदद देंगे और खुफिया जानकारी साझा करेंगे।

नाइजीरिया की सरकार ने खुद अमेरिका से मदद मांगी थी। देश में कई आतंकवादी और हथियारबंद गिरोह सक्रिय हैं। इनमें बोको हराम, आईएस से जुड़े संगठन और अपहरण करने वाले गिरोह शामिल हैं। इन हमलों में अब तक हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। नाइजीरिया के डिफेंस हेडक्वार्टर के स्पोक्सपर्सन मेजर जनरल समैला उबा के अनुसार, अमेरिकी सैनिक सीधे युद्ध में हिस्सा नहीं लेंगे, केवल ट्रेनिंग, सलाह और जानकारी देंगे। इस दौरान पूरे ऑपरेशन की कमान नाइजीरिया के पास ही रहेगी।

कुछ समय पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आरोप लगाया था कि नाइजीरिया में ईसाइयों की सुरक्षा नहीं हो रही। लेकिन नाइजीरिया सरकार ने इस आरोप को गलत बताया और कहा कि आतंकवादी धर्म देखकर नहीं, बल्कि इलाके के हिसाब से हमला करते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, हमलों के ज्यादातर शिकार नाइजीरिया के मुस्लिम बहुल उत्तरी इलाकों के लोग हैं। दरअसल, नाइजीरिया में स्थानीय आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं और पड़ोसी देशों से भी आतंकी घुसपैठ बढ़ी है।

# डॉ. रागिनी ने उठाया इंटर कॉलेज में विज्ञान शिक्षा का मुद्दा



- इंटर में कहाँ विज्ञान की पढ़ाई होती है विभाग को नहीं पता
- विधानसभा में विधायक ने पूछा सवाल, कब भरे जाएंगे प्रधानाचार्य के रिक्त पद

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज समाजवादी पार्टी की विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने माध्यमिक शिक्षा की बदहाली पर सरकार को कटघरे में ला खड़ा किया। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि प्रदेश के 90 प्रतिशत राजकीय और अनुदानित इंटर कॉलेजों में विज्ञान शिक्षा का नामोनिशान नहीं - न प्रयोगशाला, न विशेषज्ञ शिक्षक। सरकार तो विज्ञान यात्रा का डंका पीट रही है, लेकिन इंटर कॉलेजों के विभाग को भी नहीं पता कि विज्ञान की पढ़ाई आखिर कहाँ होती है?

डॉ. सोनकर ने सदन में काव्य के माध्यम से सत्ता पर तंज कसाः

श्री रामचन्द्र जी कह गए सिया से,
ऐसा कलयुग आएगा,
मेरे नाम से सत्ता पाकर सबको
आंख दिखाएगा

उन्होंने कहा कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के लाखों छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं व तकनीकी शिक्षा के इस दौर में विज्ञान से महरूम हैं। सरकार की डिजिटल इंडिया की बड़ी-बड़ी बातें हवा में उड़ रही हैं, जबकि विद्यालयों में न लैब है, न शिक्षक - सिर्फ खोखले वादे। यह असमानता सामाजिक-आर्थिक खाई को और चौड़ा कर रही है।

एक और गंभीर मुद्दा उठाते हुए डॉ. सोनकर ने कहा कि अनेक इंटर कॉलेजों में प्रधानाचार्य पद वर्षों से रिक्त पड़े हैं। नियमित प्राचार्य के बिना प्रशासन ठप, अनुशासन ढीला और शैक्षिक गुणवत्ता धूल चाट रही है। सरकार कब तक ये रिक्तियां भरने की प्रक्रिया में अटकी रहेगी? क्या अब प्राचार्य रहित कॉलेज ही नया मॉडल है? संविधान के अनुच्छेद 51ए का हवाला देते हुए उन्होंने जोर दिया कि भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद, ज्ञानार्जन और सुधार की भावना विकसित करना।अंधविश्वास के बजाय तर्कसंगत सोच को बढ़ावा देने का संकल्प तो लें, लेकिन पहले इंटर कॉलेजों में विज्ञान सुविधाएं तो जुटाएं। डॉ. सोनकर ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तत्काल कदम नहीं उठाए, तो उत्तर प्रदेश की नई पीढ़ी अवसरों से वंचित होकर पिछड़ जाएगी। प्रदेश को विकास की राह पर ले जाना है तो विज्ञान शिक्षा को प्राथमिकता दें।

# सीठापुर में गैस सिलेंडर, साईकिल व कंबल वितरित



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सिकरारा ब्लॉक स्थित सीठापुर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क 25 महिलाओं को गैस सिलेंडर और चूल्हे वितरित किए गए। इसके साथ ही, 200 जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कंबल भी बांटे गए।यह वितरण ग्राम प्रधान राधा यादव और जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव के सहयोग से संपन्न हुआ। इसी कार्यक्रम के तहत, वर्ष 2025 में यूपी बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें प्रदान की गईं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ये साइकिलें दी गईं, जिससे उन्हें विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी। लाभार्थी महिलाओं ने गैस सिलेंडर मिलने से खाना बनाने में आसानी और धुएं से मुक्ति मिलने की बात कही। कंबल प्राप्त करने वाले ग्रामीणों ने भी ठंड से राहत मिलने पर संतोष व्यक्त किया। साइकिल प्राप्त करने वाले छात्रों ने स्कूल और कॉलेज आने-जाने में होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलने की बात कही। ग्राम प्रधान राधा यादव और जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ठंड का मौसम किसी गरीब या असहाय व्यक्ति के लिए कठिनाई का कारण न बने। उन्होंने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से समाज सेवा कर रहे हैं और हर साल जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करते हैं।इस अवसर पर ग्राम प्रधान राधा यादव, जिला पंचायत सदस्य विजय कुमार यादव के साथ रवि मिश्रा, नन्हकू यादव, बुद्धू गौतम, डिम्पल मिश्रा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद अत्यधिक महत्वपूर्ण

**जौनपुर।** टी डी कॉलेज जौनपुर का 65 वें वर्षिक खेल कूद समारोह माहाविद्यालय के उमानाथ सिंह स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर प्रकाश सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि खिलाड़ियों को निरन्तर प्रयास और अभ्यास करना चाहिए। प्राचार्य प्रोफेसर राम आसरे सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद अत्यधिक महत्वपूर्ण है खिलाड़ियों ने बहुत ही उत्साह से खेलों में सहभागिता कियाऔर इस तरफ के आयोजन से प्रतिभा उभरने का अवसर मिलता है। 5000 मीटर दौड़ में अवनीश यादव प्रथम ,नितिन गुप्ता द्वितीय, अभिषेक सिंह तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ में दीपक यादव प्रथम, नीलेश यादव द्वितीय, अनंत तृतीय स्थान प्राप्त किये1 100 मी बालिका वर्ग में रिया कश्यप प्रथम, अंजली यादव द्वितीय, वंदना यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद महिला वर्ग में खुशबू यादव प्रथम,रिशु यादव द्वितीय, मुस्कान चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सर्वजेता कला वर्ग के विद्यार्थी रहे इस अवसर पर प्रो. हिमांशु सिंह तथा अनुशास्ता मंडल के समस्त सदस्य उपस्थित थे। समापन समारोह का संचालन प्रोफेसर अजय कुमार दुबे एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रोफेसर शेखर सिंह ने किया। वार्षिक खेलकूद का समापन और पुरस्कार वितरण सम्पन हुआ।

# हांगकांग से 350 जैन श्रद्धालु पहुंचे प्रयागराज

- संगम में डुबकी लगाई, महापौर ने किया अभिनंदन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** संगम नगरी में मंगलवार को भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की वैश्विक स्वीकार्यता का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। हांगकांग से आए लगभग 350 जैन श्रद्धालुओं का एक जत्था अक्षय वट स्थित प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) की तपोस्थली और उनकी प्राचीन चरण पादुका के दर्शन हेतु प्रयागराज पहुंचा।

इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने विदेशी मेहमानों और श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत कर अतिथि देवो भवः की परंपरा को चरितार्थ किया। हांगकांग से आए इन श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में स्नान-पूजन किया और आध्यात्मिक शांति की अनुभूति साझा की। श्रद्धालुओं का कहना था कि भगवान आदिनाथ की चरण पादुका और उनकी तपोस्थली के दर्शन करना उनके जीवन का दुर्लभ सौभाग्य है। अक्षय वट की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता ने उनकी इस तीर्थयात्रा को अविस्मरणीय बना दिया है।

संगम क्षेत्र में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान महापौर गणेश केसरवानी ने सभी तीर्थयात्रियों का पारंपरिक ढंग से अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रयागराज सदियों से विविध आस्थाओं और संस्कृतियों का संगम रहा है। हांगकांग से आए जैन श्रद्धालुओं का यहाँ आगमन सिद्ध करता है कि भारत की आध्यात्मिक विरासत आज भी पूरे विश्व को शांति, संयम और नैतिक मूल्यों की दिशा दिखा रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि नगर निगम और स्थानीय प्रशासन उनकी सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि महापौर ने आगे कहा कि भारत की आध्यात्मिक विरासत आज भी पूरे विश्व को शांति, संयम और नैतिक मूल्यों की दिशा दिखा रही है।÷ उन्होंने श्रद्धालुओं को आश्वस्त किया कि नगर निगम और स्थानीय प्रशासन उनकी सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर आचार्य मोहित पांडेय, पार्षद मुकेश कसेरा सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्रों- अहिंसा और सह-अस्तित्व के वैश्विक प्रभाव पर चर्चा की।

## पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी सेल का एसएपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**आजमगढ़।** जनपद में पोस्टमार्टम प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं साक्ष्य-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुधवन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर), द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पुलिस चौकी बलरामपुर में नवनिर्मित पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी सेल का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर शुभम तोदी, क्षेत्राधिकारी नगर एवं यादवेन्द्र पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहित अन्य पुलिस अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस सेल के माध्यम से अब सभी पोस्टमार्टम प्रक्रियाओं की पूर्ण वीडियोग्राफी कर डिजिटल रूप में सुरक्षित संरक्षित किया जाएगा। विशेष रूप से दहेज मृत्यु, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु तथा अन्य संदिग्ध/ संवेदनशील मामलों में यह व्यवस्था साक्ष्यों की विश्वसनीयता को और अधिक सुदृढ़ बनाएगी। वीडियो रिकॉर्डिंग के सुरक्षित संरक्षण एवं आवश्यकतानुसार न्यायालय अथवा संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था इस सेल के माध्यम से सुनिश्चित की गई है। इससे जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी तथा किसी भी प्रकार के विवाद अथवा संदेह की संभावना न्यूनतम होगी।

यह पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी सेल अत्याधुनिक कंप्यूटर सिस्टम एवं आधुनिक डिजिटल उपकरणों से सुसज्जित है, जिससे रिकॉर्ड का सुरक्षित एवं व्यवस्थित डिजिटल संधारण किया जा सकेगा। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) द्वारा सेल में तैनात पुलिस कर्मियों को तकनीकी दक्षता, सतर्कता एवं साक्ष्यों की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# ब्लड डोनेशन कैंप में दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आओ कुछ अच्छा करें रैंडम एक्ट ऑफ काइंडनेस डे के अवसर पर भारतीय जनहित कल्याण समिति व आजाद रीड्स के संयुक्त तत्वधान में तेज बहादुर सप्रू (बेली) प्रयागराज अस्पताल ब्लड बैंक में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से अस्पताल की सीएमएस डॉ भावना शर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए अपने कर कमलों से प्रमाण पत्र वितरित किया। संस्था सचिव रज़िया सुल्तान एडवोकेट हाई कोर्ट की उपस्थिति तथा संस्थापक आज़ाद रीड्स राघव मिमानी के मार्गदर्शन में लीशिका और अस्पताल के डॉ व नर्सेस की निगरानी में 10 रक्त दाताओं ने स्वेच्छा से रक्त दान किया। डॉ हेमंत ने उन जरूरत मंद मरीजों से मिलवाया जिन्हें निःशुल्क रक्त प्रदान किया जा रहा था जिसमें एक 4 का बच्चा जिसे कैंसर था वह भी ब्लड लेकर हंसता हुआ जा रहा था। संस्था सचिव रज़िया सुल्तान ने कहा कि एक यूनिट दान किया गया रक्त चार मरीजों की जिंदगी बचाता है समय समय पर दोनों संस्थाए ऐसे रक्त दान शिविर लगवाती रहेगी। डॉ भावना शर्मा ने संस्थाओं व रक्त दाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा भावना शर्मा, डॉ हेमंत, डॉ पंकज, डॉ मिश्रा, रज़िया सुल्तान एडवोकेट हाई कोर्ट, लिशिका, इंजीनियर सरोश अब्दुल्लाह, शक्ति, शांभवी और रक्तदाताओं में अक्षत सिंह, शौरवशीश, हंसिका जायसवाल, ऋत्विक, अपूर्वा दीक्षित, सुरेन्द्र, महवश हसन, मनन त्रिपाठी, मोअज्जिम हसन, स्टाफ नर्सेस आदि लोग मौजूद रहे। संस्था सचिव रज़िया सुल्तान ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कार्यकर्ताओं को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण, 7 मार्च से बूथ स्तर तक चलेगा अभियान




अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** 7 मार्च से शुरू होने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान 2026 के तहत मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ. के.पी. सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत संगठन गीत तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

कार्यशाला में जिले के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों के साथ-साथ प्रत्येक मंडल से तीन सदस्यीय प्रशिक्षक टोली ने भाग लिया। प्रत्येक मंडल से एक महामंत्री एवं एक महिला पदाधिकारी की भागीदारी अनिवार्य की गई। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये प्रशिक्षु अपने-अपने मंडलों में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे।प्रशिक्षण सत्र सुबह से शुरू होकर दिनभर चला। केंद्र से देहरादून पहुंची प्रशिक्षण टोली के सदस्य ने पीपीटी के माध्यम से अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य और कार्यपद्धति की विस्तार से जानकारी दी। इसे विश्व के सबसे बड़े प्रशिक्षण अभियानों में से एक बताया गया।पूर्व सांसद डॉ. के.पी. सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, जहां कार्यकर्ता केवल चुनाव नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से कार्य करते हैं। समय-समय पर प्रशिक्षण अभियानों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल विचारों से जोड़ा जाता है। पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ने इसे कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित एवं सेवा भाव से ओत-प्रोत बनाने की पहल बताया। जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने कहा कि यह अभियान शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर देशभर में चलाया जा रहा है।जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग बूथ स्तर तक आयोजित किए जाएंगे। मंडल स्तर पर दो दिवसीय और बूथ स्तर पर दो सत्रों में प्रशिक्षण होगा, जो 7 मार्च से 14 अप्रैल तक चलेगा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय और 'एकात्म मानववाद' की भावना इस अभियान का मूल आधार है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुनील तिवारी ने किया। इस अवसर पर पार्टी के अनेक पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, संयोजक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वच्छता कर्मियों की सेवा कर मनाया सरस्वती ताई आप्टे का जन्मदिन

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्र सेविका समिति की द्वितीय प्रमुख संचालिका सरस्वती ताई आप्टे के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय विकास समिति द्वारा प्रदेश भर में सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को राष्ट्र सेविका समिति प्रयागराज दक्षिण भाग के माधव नगर स्थित तुलसी शाखा प्रीतम नगर द्वारा सेवा कार्य किया गया। शाखा की सेविकाओं ने सामाजिक



सरोकार निभाते हुए क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। सुबह के समय अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने वाले इन सफाई मित्रों को सेविकाओं ने चाय और बिस्किट का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर प्रिया तिवारी ने कहा कि सरस्वती ताई आप्टे का जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित था। उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। सेवा कार्य में प्रिया तिवारी विभाग कार्यवाहिका, रेनू श्रीवास्तव नगर कार्यवाहिका, मनीषा, नेहा, अल्पना आदि उपस्थित रहीं। यह जानकारी रेनू श्रीवास्तव नगर कार्यवाहिका माधव नगर की ओर से दी गई।

# पुलिस की कार्यवाही साइबर फ्रॉड करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना- जीयनपुर, पुलिस की कार्यवाही साइबर फ्रॉड करने वाला साइबर अपराधी गिरफ्तार; 01 एटीएम कार्ड, 01 मोबाइल फोन (घटना मे प्रयुक्त ), 01 कूटरचित आधार कार्ड व साईबर फ्राड के 2 लाख 20 हजार रुपये नगद बरामद किया गया है। घटना का विवरण 14 फरवरी को आवेदक मोहम्मद मुनौवर पुत्र शमीम अहमद सा0 बाजार खास नगर पंचायत जीयनपुर थाना जीयनपुर आजमगढ़ द्वारा थाना जीयनपुर पर प्रा0 पत्र दिया गया कि दिनांक 10.2.2026 को आवेदक के इण्डियन बैंक शाखा जीयनपुर के खाता से रू0 98000 किसी ने निकाल लिये तथा दिनांक 11.02.2026 को पुनः प्रार्थी के खाता से 99999 रू0 निकाल लिया गया जिसकी सूचना बैंक को दी गयी। आवेदक द्वारा थाना जीयनपुर पर सूचना दी गयी जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 76/2026 धारा 66 डी आईटी एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। विवेचना के दौरान आवेदक के फोन पर आने वाले लिंक व उसके मोबाइल नंबर का अवलोकन किया गया तो ज्ञात हुआ कि उक्त नंबर से विभिन्न- विभिन्न स्थानों से पैसे निकाले जाते है। जिसका अंतिम अहरण पेट्रोल पंप से किया गया था। जहां पर पूछताछ करने पर गोपाल गुप्ता पुत्र ब्रम्हशंकर गुप्ता निवासी



पछौवा थाना अल्लागंज जनपद शाहजहांपुर हाल पता दुमरी थाना जैत्रा जनपद एटा का नाम प्रकाश में आया। आज प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त गोपाल गुप्ता पुत्र ब्रम्हशंकर गुप्ता निवासी पछौवा थाना अल्लागंज जनपद शाहजहांपुर हाल पता दुमरी थाना जैत्रा जनपद एटा को उच्च प्राथमिक विद्यालय जीयनपुर के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 एटीएम कार्ड, 01 मोबाइल फोन (घटना मे प्रयुक्त ), 01 कूटरचित आधार कार्ड व साईबर फ्राड के 2 लाख 20 हजार रुपये नगद बरामद हुआ। अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पूछताछ का विवरण- गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि हम लोगों का एक सोशल मीडिया ग्रुप है। जिसमें खाता संख्या व पिन नंबर आदि आते है, जिसके माध्यम से हम लोग उस खाता धारक के मोबाइल नंबर पर लिंक भेज कर साइबर फ्रॉड करते है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रो पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा **ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम** द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106–सिग/टेंडर/65/2025–26 |
| कार्य का नाम | S&T वर्क i.c.w उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के LKO-RBL-PBH और DMW-ON सेक्शन में 12 LC गेट पर RUB का प्रोविजन। |
| अनुमानित लागत | रू 10793424.61 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रू 204000.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 06.03.2026 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू० सं०: 106–सिग/टेन्डर/65/2025–26 दिनांक: 13.02.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 535/26

# नेताजी सुभाष चंद्रा बॉस फाउंडेशन ने पेश की मानवता की मिसाल

- 51वें अज्ञात शव का किया अंतिम संस्कार

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** मैनपुरी में मानवता की एक अनोखी मिसाल लगातार कायम की जा रही है। नेताजी सुभाष चंद्र बॉस फाउंडेशन द्वारा एक बार फिर एक अज्ञात शव का पूरे विधि-विधान और सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। यह इस संस्था द्वारा किया गया लगातार 51वां अंतिम संस्कार है।

जब अपनों ने साथ छोड़ दिया और पहचान तक सामने नहीं आई, तब फाउंडेशन के सदस्यों ने आगे बढ़कर मृतक को सम्मानजनक विदाई दी। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल अंतिम संस्कार करना नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देना है कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं होता।

अक्सर सड़क हादसों, लावारिस हालत या अन्य कारणों से मिले अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार करने में प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद जब कोई परिजन सामने नहीं आता, तब नेताजी सुभाष चंद्र बॉस फाउंडेशन के सदस्य पूरी जिम्मेदारी निभाते हैं। वे धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार अंतिम संस्कार कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना भी करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसे समय में जब रिश्ते भी कमजोर पड़ जाते हैं, फाउंडेशन का यह कार्य समाज को संवेदनशीलता और करुणा का संदेश देता है।



### मैनपुरी शहर कोतवाली क्षेत्र में 72 घंटे पूर्व मिला था अज्ञात शव

मैनपुरी शहर कोतवाली क्षेत्र के करहल रोड स्थित सिंहपुर नहर में पुलिस को सूचना मिली थी कि कोई अज्ञात शव पानी में तैर रहा है, जिसके बाद शहर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और शव के शिनाख्त के प्रयास किए गए लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया।

मैनपुरी में लगातार अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार कर रही नेताजी सुभाष चंद्र बॉस फाउंडेशन की यह पहल न केवल मानवीय भावनाओं से जुड़ी है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का भी सशक्त उदाहरण बन चुकी है। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलू राठौर, प्रवीन पाण्डेय, अतुल सक्सेना, अरुण कुमार, जीत प्रजापति, रोहित सक्सेना, अनुभव के अलावा शहर कोतवाली पुलिस के हरेंद्र चौधरी और तौशीद आलम मौजूद रहें।

## बच्चों में स्कूल बैग से लेकर स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया

**आजमगढ़।** प्रयास सामाजिक संगठन की ओर से अहिरौला ब्लॉक के प्राथमिक पाठशाला बिलारी के बच्चों में स्कूल बैग से लेकर स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। वितरण से बच्चों के चेहरे खिल उठे वहीं संगठन ने ऐसे कार्यक्रम को आवश्यक बताया। प्रयास अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि प्राथमिक पाठशाला के 57 बच्चों में शिक्षण सामग्री, स्कूली बैग, कॉपी पेंसिल आदि का वितरण हुआ है।

### घोषणा पत्र

मै घोषणा करता हूं कि आज से मेरी बड़ी बेटी नाजनी बानो जिसने अपनी मर्जी से मोहम्मद अनस पुत्र शकील अख्तर निवासी मोहल्ला तकिया इमामबाड़ा थाना कोतवाली नगर मऊ जनपद मऊ के साथ 29 -1-2026 को विवाह कर लिया है इसलिए मैं आज से नाजनी बानो से मेरा कोई रिश्ता नहीं रह गया है। उसके किसी कौल फेल कृत्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी न हीं मेरे चल/अचल संपत्ति से कोई वास्ता व सरोकार होगा।

मोकीमुद्दीन पुत्र हकीमुद्दीन
साकिन, मोहल्ला मिशन कंपाउंड (हरबंशपुर) पोस्ट-सदर थाना-सिधारी आजमगढ़।

कार्यालय : नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद : सिद्धार्थनगर

पत्रांक : 817/न0पं0बि0/2025-26 दिनांक : 17/02/2026

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

नगर पंचायत बिस्कोहर, जनपद- सिद्धार्थनगर में वित्तीय वर्ष, 2024-25 हेतु ''स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत 05 एवं 03 टी0पी0डी0 वेट वेस्ट प्रोसेसिंग (पिट कम्पोस्टिंग) हेतु प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत बिस्कोहर सीमान्तर्गत में वेट वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट 05 टन अधिष्ठापन का निर्माण कार्य कराये जाने हेतु आनलाइन ई-निविदा प्रतिशत दर पर आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो हेतु निविदा डाल सकता है। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी www.etender.up.nic.in पर तथा नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रकाशन/अपलोड की तिथि | 17/02/2026 |
| 1 | वेबसाइट से ऑनलाइन निविदा डाउनलोड की तिथि | 19/02/2026 अपराह्न 2.00 बजे से |
| 2 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि व समय | 27/02/2026 को सायं 3.00 बजे तक |
| 3 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 28/02/2026 को अपराह्न 2.00 बजे |
| 4 | ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय | 28/02/2026 को अपराह्न 4.00 बजे |
| 5 | निविदा मूल्य बिक्री की अन्तिम तिथि | 26/02/2026 को सायं 03:00 बजे तक |
| 6 | ई-निविदा खोलने का स्थान | कार्यालय नगर पंचायत बिस्कोहर |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बिस्कोहर,
जनपद-सिद्धार्थनगर

अध्यक्ष
नगर पंचायत बिस्कोहर,
जनपद-सिद्धार्थनगर

# उप राज्यपाल ने प्रथम डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया




नई दिल्ली। टिकाऊ शहरी विकास के अगले चरण को आकार देने और हरित दिल्ली की दिशा में प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए दिल्ली के माननीय उप राज्यपाल श्री वीके सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानीकेबांसेरा में प्रथम डीडीए ग्रीन एक्सपो का आज उद्घाटन किया।

वृद्धि से परेः शहरी भविष्य की नई परिकल्पना थीम के तहत इस दो दिवसीय एक्सपो में वरिष्ठ अधिकारी, शहरी नियोजनकर्ता, जलवायु विशेषज्ञ और उद्योग के भागीदार एक साथ आ रहे हैं। इसके अलावा, दिल्ली के सार्वजनिक स्थलों के भविष्य में एक परिवर्तनकारी क्षण के तहत अग्रणी राष्ट्रीय संस्थानों के साथ विभिन्न सहमति पत्रों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में हरियाली को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए माननीय उप राज्यपाल ने डीडीए ग्रीन्स लोगो और डीडीए ग्रीन्स ईयरबुक 2026 का भी अनावरण किया।

ग्रीन एक्सपो का उद्घाटन करते हुए माननीय उप राज्यपाल ने कहा, यह एक्सपो दिल्ली के लिए एक अधिक हरे-भरे, स्वस्थ और अधिक आशापूर्ण भविष्य को लेकर हमारी प्रतिबद्धता मजबूत करता है।

उन्होंने आगे कहा कि यह एक्सपो केवल सम्मेलनों और प्रदर्शनियों के बारे में नहीं है, बल्कि यह लोगों के बारे में है। यह उन हजारों दिल्ली वासियों के लिए सम्मान का प्रतीक है जो अपने घरों के बाहर छोटे छोटे हरे-भरे क्षेत्रों का पोषण करते हैं, अपने बच्चों को स्थानीय पक्षियों के बारे में शिक्षा देते हैं, पौधे लगाते हैं और उनकी देखभाल करते हैं। वे हमारे पर्यावरण की यात्रा के प्रतिदिन के हीरो हैं।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति तीन साल पहले कल्पना नहीं कर सकता था कि इस खराब हो चुके प्रदूषित स्थान पर एक ग्रीन एक्सपो का आयोजन होगा और यह दिल्ली के लिए एक टिकाऊ भविष्य की योजना बनाने का एक प्लेटफॉर्म बन जाएगा।

यह खराब हो चुकी भूमि को फिर से हरा-भरा करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है और बांसेरा लचीलेपन एवं प्रयास का एक गवाह है।

उप राज्यपाल ने कहा कि यह एक्सपो चिंतन कर दिल्ली की पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के व्यवहारिक समाधान की पेशकश करता है।

## हिमालया बेबीकेयर ने पैकेजिंग में किया बदलाव
### अगले पांच वर्षों में 500 टन प्लास्टिक कम करने का लक्ष्य

मुंबई। भारत के सबसे विश्वसनीय बेबी केयर ब्रांड्स में से एक हिमालया बेबीकेयर, जिसे शिशु पसंद करते हैं और माता-पिता के लिए भरोसेमंद है, ने अपनी संपूर्ण जेंटल बेबी केयर रेंज में एक नया पैकेजिंग डिज़ाइन पेश किया है, जो इसकी सतत विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नई पैकेजिंग में बेहतर उपयोगिता, सोच-समझकर की गई डिजाइन और पर्यावरण के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता पर ध्यान दिया गया है, जो प्लास्टिक कचरे को कम करने और सार्थक प्रभाव पैदा करने के लिए हिमालया बेबीकेयर द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

अपने सस्टेनेबिलिटी रोडमैप के अनुसार ब्रांड की पुनःडिज़ाइन की गई पैकेजिंग से अगले पांच साल में 500 टन प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने का लक्ष्य है जिससे सालाना लगभग 100 टन की खपत में कमी का अनुमान है। यह पहल उन माता-पिता के बीच बढ़ते बदलाव को भी दर्शाती है जो रोजमर्रा के विकल्पों के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए अधिक सजग हो रहे हैं और ऐसे टिकाऊ उत्पादों की तलाश कर रहे हैं जो उनके बच्चों के लिए अधिक जिम्मेदार भविष्य के अनुरूप हों। नई पैकेजिंग के लॉन्च को एक दमदार डिजिटल फिल्म का सहयोग प्राप्त है जो माता-पिता की एक साझा चिंता को उजागर करती है वह भविष्य जो हमारे बच्चे विरासत में पाएंगे। अभिभावकों की एक बैठक में फिल्माई गई यह फिल्म प्लास्टिक कचरे के बढ़ते बोझ और इसके दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में एक विचारोत्तेजक बातचीत से शुरू होती है। आगे जो बताया गया है वह एक ईमानदार, सहज बातचीत है जो आज के अभिभावकों के इस विश्वास को दर्शाता है कि बच्चों की सुरक्षा केवल दैनिक देखभाल तक सीमित नहीं है और इसमें उनके आसपास की दुनिया के लिए हमारे द्वारा किए जाने वाले विकल्प भी शामिल हैं। इस कहानी के माध्यम से, हिमालया बेबीकेयर इस बात पर जोर देता है कि सोच-समझकर की गई पैकेजिंग में प्लास्टिक की कमी जैसे सजग कदम सामूहिक रूप से अगली पीढ़ी के लिए स्वच्छ, संवेदनशील और टिकाऊ भविष्य के निर्माण में सहायक हो सकते हैं।

## एडब्लूएस और योटा डेटा सर्विसेज़ ने नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर के मेघराज 2.0 के लिए हाईब्रिड क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर लागू करने के लिए सहयोग किया



नई दिल्ली। अमेज़न वेब सर्विसेज़ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (एडब्लूएस इंडिया) नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) के मेघराज 2.0 अभियान के लिए एडब्लूएस आउटपोस्ट स्थापित करने के लिए योटा डेटा सर्विसेज़ के साथ मिलकर काम करेगा। इस पहल द्वारा सरकारी विभाग डेटा रेसिडेंसी एवं सिक्योरिटी के लिए एडब्लूएस सेवाओं और जनरेटिव एआई क्षमताओं का उपयोग कर सकेंगे।

एडब्लूएस आउटपोस्ट एनआईसी डेटा सेंटर्स तक सीमित सेंसिटिव वर्कलोड वाले ग्राहकों को एडब्लूएस की एडवांस्ड क्लाउड क्षमताओं का उपयोग करने में समर्थ बनाएगा, जिनमें एडब्लूएस नाईट्रो सिस्टम की एडवांस्ड सिक्योरिटी क्षमताएं और एडब्लूएस की मैनेज्ड सेवाएं, जैसे अमेज़न इलास्टिक कुबरनेट्स सर्विस (अमेज़न ईकेएस), अमेज़न रिलेशनल डेटाबेस सर्विस (अमेज़न आरडीएस) और अमेज़न सिंपल स्टोरेज सर्विस (अमेज़न एस3) शामिल हैं।

इस हाईब्रिड आर्किटेक्चर द्वारा सरकारी विभाग एनआईसी डेटा सेंटरों में सेंसिटिव वर्कलोड चला सकेंगे तथा एडब्लूएस सेवाओं की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकेंगे। एडब्लूएस आउटपोस्ट के साथ एनआईसी डेटा सेंटर्स में चल रही एप्लीकेशन नागरिक सेवाओं के लिए पीक डिमांड के दौरान भारत में एडब्लूएस रीजन का उपयोग कर सकेंगी। पीक डिमांड के वक्त एप्लीकेशन डेटा ग्रहण करने के लिए भारत में एडब्लूएस रीजन में फैल सकती हैं और कुछ ही घंटों में यह डेटा फिर से एनआईसी डेटा सेंटर्स में वापस सिंक्रोनाईज़ हो जाता है, जिससे ऑन-प्रेमाईज़ क्षमता की सीमा के बाहर भी विस्तार का लचीलापन मिलता है। एडब्लूएस आउटपोस्ट का उपयोग करके एनआईसी एडब्लूएस कंट्रोल टॉवर द्वारा सिक्योरिटी गार्डरेल लागू कर सकता है, ताकि हर नए वर्कलोड के लिए सिक्योरिटी बेसलाईन बन सके और मैन्युअल कॉन्फिगुरेशन के साथ मानव त्रुटियों की संभावना कम हो जाए और सिक्योरिटी रिस्क की रोकथाम हो।

संदीप दत्ता, प्रेसिडेंट, एडब्लूएस इंडिया और साउथ एशिया ने बताया कि, ''योटा के साथ यह तालमेल भारत सरकार के डिजिटल परिवर्तन के लक्ष्य में योगदान देने की एडब्लूएस की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

## एएम समूह ने उत्तर प्रदेश में शुरू की गीगावाट स्तर के एआई कंप्यूट हब की निर्माण प्रक्रिया

नोएडा। ग्रीनको समूह के संस्थापकों द्वारा समर्थित प्रमुख ऊर्जा संक्रमण प्लेटफॉर्म, एएम समूह ने अपनी विशाल एआई परियोजना की निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी है। गौरतलब है कि एएम समूह ने 20 जनवरी 2026 को स्विट्जरलैंड के दावोस में उत्तर प्रदेश सरकार की संस्था इन्वेस्ट यूपी के साथ एक (1) गीगावाट के उच्च प्रदर्शन वाले कंप्यूट हब बनाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया था। एएम समूह से जुड़ी एएम एआई लैब्स को आज यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वायईआईडीए) ने उत्तर प्रदेश में कुल एक (1) गीगावाट एआई और उच्च प्रदर्शन वाले कंप्यूटिंग डेटा सेंटर के पहले दो चरण जिनमें क्रमशः 150 मेगा वाट और 200 मेगा वाट शामिल हैं के निर्माण के लिए ज़मीन देने के संबंध में आशय पत्र जारी किया।

**इस परियोजना की मुख्य बातें**

स्तर और गतिः 2028 तक 350 मेगावाट कंप्यूट क्षमता ऑनलाइन आ जाएगी और 2030 तक पूरी एक गीगावाट ऑनलाइन हो जाएगी, जिसका मतलब है 25 अरब डॉलर का निवेश होगा और 9,500,000 उच्च प्रदर्शन वाले चिप्स तैनात होंगे

पूरी तरह से वर्टिकली इंटीग्रेटेडः पूरी तरह से तैयार होने पर यह दुनिया का पहला और सबसे बड़ा पूरी तरह से वर्टिकली इंटीग्रेटेड एआई प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें निजी कार्बन मुक्त बिजली, डेटा सेंटर बुनियादी ढांचा, उच्च प्रदर्शन वाले चिप्स, पूरा सॉफ्टवेयर स्टैक, एप्लिकेशन और एआई फाउंड्री सेवा से लेकर टोकन सेवा तक के लचीले उपभोग (कंजम्पशन) मॉडल शामिल होंगे।

बेजोड़ ऊर्जा व्यवस्थाः वैश्विक स्तर के मुकाबले काफी कम दर पर दृढ़ और मांग के अनुरूप कार्बन मुक्त ऊर्जा उपलब्ध है, जो नवीकरणीय ऊर्जा और आंतरिक इंटेलिजेंट क्लाउड एनर्जी आर्किटेक्चर के ज़रिए प्रबंधित स्ट्रेटेजिक पंप्ड स्टोरेज एसेट की मदद से संभव होगा।

## लखनऊ के आकाश स्टूडेंट्स ने JEE Main 2026 में किया शानदार प्रदर्शन
### 23 छात्रों ने हासिल किए बेहतरीन परसेंटाइल, टॉप 10 का प्रदर्शन रहा बेहद शानदार

लखनऊ। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के लखनऊ के छात्रों ने एक बार फिर JEE मेन 2026 (सेशन 1) में शानदार प्रदर्शन किया है, जो इस क्षेत्र में उनके अकादमिक प्रोग्राम की लगातार सफलता को साफ़ तौर पर दर्शाता है।

आज जारी किए गए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के नतीजों के अनुसार, आकाश लखनऊ सेंटर के 23 छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। टॉप 10 छात्रों में शौर्य जायसवाल ने 99.87 पर्सेंटाइल हासिल किए। उनके बाद हर्षित मिश्रा ने 99.79 पर्सेंटाइल और दक्ष चौहान ने 99.64 पर्सेंटाइल स्कोर किए। आर्यन वर्मा ने 99.56 पर्सेंटाइल, जबकि नितांत त्रिपाठी ने 99.49 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। रुद्र विश्वकर्मा ने 99.29 पर्सेंटाइल और शौर्य शमशेर राणा ने 99.21 पर्सेंटाइल हासिल किए। सारांश सिंह ने 99.18 पर्सेंटाइल, साक्ष्य वंश ने 99.12 पर्सेंटाइल और अथर्वा ने 99.10 पर्सेंटाइल स्कोर किए। इस तरह JEE मेन 2026 के पहले प्रयास में लखनऊ ब्रांच का प्रदर्शन काफी प्रभावशाली रहा।

छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ अकादमिक एंड बिज़नेस हेड, श्री डीके मिश्रा ने कहा, लखनऊ के हमारे छात्रों के शानदार नतीजे उनकी पढ़ाई के प्रति प्रतिबद्धता और आकाश के मज़बूत एजुकेशनल इकोसिस्टम को दर्शाते हैं। हमें उनके कठिन परिश्रम पर बेहद गर्व है और हम सभी छात्रों को उनकी इस सफलता के लिए बधाई देते हैं। हम उनके उज्ज्वल भविष्य और आगे की कोशिशों के लिए ढेरों शुभकामनाएं देते हैं।

## पारले एग्रो ने स्मूध केसर बादाम लॉन्च किया




नई दिल्ली। भारत के प्रमुख बेवरेज संस्थानों में से एक पारले एग्रो ने अपने प्रमुख डेयरी बेवरेज ब्रांड स्मूध के तहत नया उत्पाद स्मूध केसर बादाम लॉन्च किया है। यह नया लॉन्च स्मूध के फ्लेवर्ड मिल्क बेवरेज पोर्टफोलियो में क्लासिक केसर-बादाम फ्लेवर को जोड़ता है, जो समृद्ध और इंडल्जेंट डेयरी बेवरेज अनुभव की तलाश करने वाले उपभोक्ताओं के लिए एक नया विकल्प प्रस्तुत करता है। भारत भर में लोकप्रिय केसर-बादाम फ्लेवर अपनी पहचान, समृद्धता और सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए जाना जाता है। स्मूध केसर बादाम में बादाम की पोषणयुक्त अच्छाई और केसर की सौम्य गर्माहट को स्मूद, क्रीमी मिल्क के साथ मिलाया गया है, जिससे स्मूध की सिग्नेचर स्टाइल में एक प्रीमियम इंडल्जेंट अनुभव मिलता है। यह फ्लेवर्ड मिल्क बेवरेज हर मौके के लिए उपयुक्त है चाहे त्योहारों का जश्न हो, पारिवारिक अवसर, शाम की इंडल्जेंस या दिन के किसी भी समय ताजगी का अनुभव। 10 (80 मि.ली.) और 20 (150 मि.ली.) की कीमत में उपलब्ध, स्मूध केसर बादाम को रोज़मर्रा के उपभोग के लिए सुविधाजनक और आसानी से उपलब्ध फॉर्मेट में पेश किया गया है। स्मूध केसर बादाम लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए नादिया चौहान, जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और सीएमओ, पारले एग्रो ने कहा, लॉन्च के बाद से ही स्मूध ने डेयरी बेवरेज कैटेगरी को नए तरीके से परिभाषित किया है, जिससे इंडल्जेंट डेयरी-आधारित बेवरेज अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंच सके हैं।

## बीएलएस ई सर्विसेज द्वारा अत्याति टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में 100ल इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण

लखनऊ। बीएलएस ई सर्विसेज लिमिटेड (बीएलएसई), सरकारों और वित्तीय संस्थानों को डिजिटल सेवाएं प्रदान करने वाली एक अग्रणी कंपनी, ने आज घोषणा की कि उसने अत्याति टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में 100% हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए एक बाध्यकारी टर्म शीट पर हस्ताक्षर किए हैं। यह अधिग्रहण अट्याती की इक्विटी मूल्य 154 करोड़ रुपये (कुछ शर्तों के अधीन) के आधार पर किया जाएगा। यह लेनदेन पूर्णतः नकद (ऑल-कैश) होगा और इसके 31 मार्च 2026 तक पूर्ण होने की उम्मीद है। यह सौदा उधारदाताओं, संबंधित बैंकों/वित्तीय संस्थानों, वैधानिक/नियामक प्राधिकरणों तथा शेयरधारकों (यदि लागू हो) से अनुमोदन एवं शेयर परचेज एग्रीमेंट/डिफिनिटिव एग्रीमेंट में तय की जाने वाली अन्य शर्तों की पूर्ति के अधीन होगा। अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए, शिखर अग्रवाल, चेयरमैन, बीएलएस ई सर्विसेज लिमिटेड ने कहा, हम अत्याति टेक्नोलॉजीज Atyati Technologies के अधिग्रहण के लिए बाध्यकारी टर्म शीट पर हस्ताक्षर करके अत्यंत प्रसन्न हैं। यह हमारी इनऑर्गेनिक ग्रोथ रणनीति के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य हमारी सेवा क्षमताओं को बढ़ाना और हमारी वित्तीय समावेशन रणनीति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। अट्याती टेक्नोलॉजीज का अधिग्रहण ग्रामीण और अर्ध-शहरी बैंकिंग को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में बीएलएसई की यात्रा में एक परिवर्तनकारी कदम है।अत्याति टेक्नोलॉजीज के 25,900 से अधिक सीएसपी के व्यापक नेटवर्क को हमारे नेटवर्क के साथ जोड़कर हम 70,000 से अधिक टचपॉइंट्स वाला एक सशक्त संयुक्त प्लेटफॉर्म तैयार कर रहे हैं, जिससे साझा अवसंरचना के माध्यम से लागत दक्षता और डिजिटल लेंडिंग में नए उच्च-मार्जिन अवसर सृजित होंगे। यह तालमेल न केवल हमारे राजस्व स्रोतों में विविधता लाएगा और प्रमुख राज्यों में हमारी भौगोलिक उपस्थिति को मजबूत करेगा, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक और परिचालन उत्कृष्टता के माध्यम से वित्तीय समावेशन की खाई को पाटने के हमारे मिशन को भी सुदृढ़ करेगा।

## आरआर काबेल ने घोषित किए काबेल स्टार सीज़न 4 के विजेता, 4 करोड़ की छात्रवृत्ति कार्यक्रम के चार वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया




लखनऊ। भारत की अग्रणी कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स और वायर एवं केबल निर्माता कंपनी आरआर काबेल ने लखनऊ में अपने काबेल स्टार छात्रवृत्ति कार्यक्रम 2025 के विजेताओं की घोषणा की। यह छात्रवृत्ति कार्यक्रम खासतौर पर उन इलेक्ट्रिशियनों के बच्चों के लिए बनाया गया है जिन्होंने इस वर्ष अपनी 10वीं की परीक्षा सफलतापूर्वक पूरी की है। आरआर काबेल के शिक्षित और सशक्त भारत के विज़न के अनुरूप, कंपनी इन होनहार छात्रों की उच्च माध्यमिक शिक्षा को प्रोत्साहित और सहयोग करने के लिए हर साल 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि देती है। अब तक पूरे देश में लगभग 4000 छात्रों को प्रत्येक को 10,000 की छात्रवृत्ति मिल चुकी है। यह छात्र न केवल आर्थिक सहयोग प्राप्त कर रहे हैं, बल्कि अपने सपनों को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम भी उठा रहे हैं। इस बार चौथे सीज़न में अभूतपूर्व संख्या में आवेदन आए। देशभर के लगभग 1,000 विजेताओं में से लखनऊ के 6 विजेताओं को सम्मानित किया गया। यह छात्रवृत्ति 2022 में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य 'काबेल दोस्त' कहे जाने वाले इलेक्ट्रिशियनों के बच्चों को उच्च शिक्षा के सपनों को पूरा करने में मदद करना है। अपनी शुरुआत से ही, इस पहल का वास्तव में परिवर्तनकारी प्रभाव रहा है–देश भर के योग्य छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना। पिछले कुछ वर्षों में, इस कार्यक्रम का दायरा और महत्व दोनों बढ़ा है, जिससे सालाना हजारों छात्र लाभान्वित होते हैं। इस चौथे संस्करण ने एक बार फिर आरआर काबेल की इलेक्ट्रिशियन समुदाय को आगे बढ़ाने और उनके बच्चों के भविष्य में निवेश करने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इस छात्रवृत्ति ने नई शैक्षणिक राहें खोली हैं और सुनिश्चित किया है कि आर्थिक तंगी किसी छात्र की महत्वाकांक्षा को रोक न पाए। पहले के कई विजेता अब शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने करियर की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम की प्रेरक शक्ति और अपनी सोच साझा करते हुए आरआर ग्लोबल की डायरेक्टर, श्रीमती कीर्ति काबरा ने कहा, आरआर काबेल में हमारे काबेल दोस्त हमेशा हमारे सफर की नींव रहे हैं, सिर्फ बिज़नेस पार्टनर नहीं।

## कामधेनु लिमिटेड सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपनी स्ट्रक्चरल स्टील और पाइप सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करेगा

लखनऊ। भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने सेंट्रल उत्तर प्रदेश में स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की अपनी बाजार हिस्सेदारी को और मज़बूत करने के लिए व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी एक वर्ष में सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की उत्पादन क्षमता को लगभग 35ल और बढ़ाने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है। इसके अलावा, कंपनी सेंट्रल उत्तर प्रदेश में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है। अगले एक वर्ष में और अधिक डीलर और वितरक जोड़ने की योजना है। वर्तमान में कंपनी के पास पहले से ही एक मज़बूत डीलर और वितरकों का नेटवर्क मौजूद है।

## कोटक लाइफ ने 'कोटक सिग्नेचर लेगेसी' प्लान लॉन्च किया

नोएडा। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने आज 'कोटक सिग्नेचर लेगेसी' प्लान लॉन्च करने की घोषणा की, यह एक ऐसा लाइफ टर्म प्लान है जो आपको 99 साल की उम्र तक बढ़ता हुआ लाइफ कवर देता है; यह लोगों को अपने परिवार की लंबे समय की फाइनेंशियल सिक्योरिटी को मजबूत करने और एक स्थायी विरासत बनाने में मदद करता है। कोटक लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा, कोटक लाइफ में हमारा वादा है कि हम ऐसे प्रोडक्ट्स बनाएं और डिलीवर करें जो सच में हमारे कस्टमर्स की बदलती जरूरतों को पूरा करे। 'कोटक सिग्नेचर लेगेसी' लोगों को एक ऐसे प्लान के साथ अपनी बढ़ती सुरक्षा जरूरतों को मजबूत करने में मदद करता है जो उनकी जिंदगी के सफर के साथ लगातार आगे बढ़ता है। हमारा मानना है कि यह प्रोडक्ट परिवारों को भरोसे और मन की शांति के साथ लंबे समय तक चलने वाली फाइनेंशियल सिक्योरिटी पाने में अहम भूमिका निभाएगा।

## आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने Q3 FY26 में 39% की मजबूत राजस्व वृद्धि दर्ज की, लाभप्रदता की गति बरकरार




लखनऊ। आइस मेक रेफ्रिजरेशन लिमिटेड, जो औद्योगिक एवं वाणिज्यिक रेफ्रिजरेशन समाधान प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी है, ने 31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही के वित्तीय परिणाम घोषित किए। परिणामों में वर्ष-दर-वर्ष मजबूत राजस्व वृद्धि और निरंतर लाभप्रदता परिलक्षित हुई है।

समेकित आधार पर, Q3 FY26 में परिचालन से राजस्व 153.36 करोड़ रहा, जो Q3 FY25 के 110.56 करोड़ की तुलना में 39% की सुदृढ़ वृद्धि दर्शाता है। क्रमिक आधार पर भी राजस्व में सुधार हुआ है Q3 FY26 में 147.49 करोड़ और क्त्र FY26 में 111.50 करोड़–जो मुख्य व्यवसायिक खंडों में निरंतर गति को दर्शाता है।

Q3 FY26 में कर पूर्व लाभ 1.90 करोड़ रहा, जबकि पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह ?3.59 करोड़ था। कर पश्चात लाभ 1.45 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के 2.81 करोड़ की तुलना में है। प्रति शेयर आय 0.93 रही। वित्त लागत एवं विस्तार-आधारित मूल्यह्रास में वृद्धि के बावजूद लाभप्रदता स्थिर बनी रही। 31 दिसंबर 2025 को समाप्त नौ महीनों (9M FY26) के लिए, समेकित परिचालन राजस्व 412.35 करोड़ रहा, जबकि PBT 2.83 करोड़ और PAT 2.01 करोड़ दर्ज किया गया।

तिमाही प्रदर्शन औद्योगिक रेफ्रिजरेशन, कोल्ड चेन, HoReCa और वाणिज्यिक कूलिंग सेगमेंट में निरंतर मांग को दर्शाता है। यद्यपि इनपुट लागत एवं वित्त व्यय मार्जिन पर दबाव बनाए हुए हैं, कंपनी ने चालू वर्ष के दौरान दो नए वर्टिकल्स में परिचालन प्रारंभ किया है। प्रारंभिक चरण में बाजार उपस्थिति स्थापित करने और ग्राहक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसके अनुरूप मार्जिन संरचना रखी गई है। इस रणनीति के कारण समग्र मार्जिन पर कुछ दबाव रहा, जो प्रबंधन की नियोजित सीमा के भीतर है। जैसे-जैसे वॉल्यूम बढ़ेंगे और परिचालन दक्षता में सुधार होगा, कंपनी को इन वर्टिकल्स में उद्योग स्तर के अनुरूप मार्जिन प्राप्त होने की उम्मीद है।

## केरल टूरिज्म ने लॉन्च किया ऑल-इंडिया 'ट्रैवेल नाउ, पोस्ट लेटर' कैम्पेन




लखनऊ। केरल टूरिज्म ने ट्रैवेल नाउ, पोस्ट लेटर नाम का एक वैश्विक अभियान शुरू किया है। यह अभियान माइंडफुल ट्रैवेल को बढ़वा देता है और दुनिया भर के यात्रियों से अपील करता है कि वे पहले खुद अपनी आँखों और मन से उस पल को जीएँ, फिर उसे ऑनलाइन शेयर करें। इसका मुख्य आइडिया बहुत सरल और सभी के लिए एक जैसा है- पहले अनुभव करो, बाद में पोस्ट करो। यह याद दिलाता है कि सबसे खूबसूरत यात्रा की कहानियाँ पहले महसूस की जाती हैं, बताई नहीं जातीं। यात्रा में उपस्थिति सबसे पहले होनी चाहिए, परफॉर्मेंस बाद में। 'ट्रैवेल नाउ, पोस्ट लेटर' के जरिए केरल टूरिज्म खुद को एक थॉट लीडर के रूप में पेश कर रहा है, जो दुनिया भर में यात्रा करने के तरीके पर एक बड़ी बातचीत शुरू कर रहा है। यह यात्रा को सिर्फ दिखावे की बजाय जागरुकता बढ़ने, विचारों को प्रस्तुत करने और असली जुड़ाव का माध्यम बनाता है। ट्रैवेल नाउ, पोस्ट लेटर केरल टूरिज्म का एक सोशल मीडिया कैम्पेन है, जो माइंडफुल ट्रैवेल और मौजूदगी पर आधारित अनुभवों को प्रोत्साहित करता है। यह अभियान केरल टूरिज्म के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर चल रहा है।

## शहरों का पुनः वनीकरण, वृद्धि पर पुनर्विचारः डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 ने भारत के जलवायु अनुकूल शहरी भविष्य का खाका तैयार किया

दो दिवसीय डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 कल बांसेरा में संपन्न हुआ जिसमें नीति निर्माताओं, शहरी नियोजनकर्ताओं, जलवायु विशेषज्ञों, उद्योग के नेताओं और जमीनी स्तर के पर्यावरणविदों के बीच आम सहमति बनी कि भारत के शहरों को परंपरागत वृद्धि के मॉडलों से परे जाना होगा और शहरी विकास के केंद्र में पारिस्थितिकी, लचीलापन और टिकाऊपन को रखना होगा। वृद्धि से परेः शहरी भविष्य की नई परिकल्पना थीम पर आधारित इस एक्सपो में इस बात की संभावना तलाशी गई कि कैसे प्रकृति आधारित आधारभूत ढांचा, जलवायु के अनुकूल डिजाइन, सार्वजनिक स्वास्थ्य एकीकरण, सर्कुलर अर्थव्यवस्था के मॉडल और अनूठे वित्त पोषण भारतीय शहरों के भविष्य को सामूहिक रूप से आकार दे सकते हैं। दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एन. सरवाना कुमार द्वारा स्वागत भाषण के साथ ही डीडीए ग्रीन लोगो और ईयरबुक के अनावरण के साथ इस एक्सपो का उद्घाटन किया गया। इसके बाद, दिल्ली के उप राज्यपाल और दिल्ली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विनय कुमार सक्सेना द्वारा प्रभावशाली संबोधन दिया गया।

## टाटा मोटर्स ने अगली पीढ़ी के 17 ट्रकों को लॉन्च किया, सुरक्षा, मुनाफे और प्रगति के लिए नए मानक स्थापित किए

कानपुर। भारतीय ट्रकिंग के परिदृश्य को बदलने वाले एक ऐतिहासिक कदम में, टाटा मोटर्स, भारत का सबसे बड़ा वाणिज्यिक वाहन निर्माता और मोबिलिटी समाधान प्रदाता, ने आज 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लॉन्च किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है। यह व्यापक लॉन्च नई अजुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा Trucks.ev रेंज, और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है। ये ट्रक दुनिया के कड़े सुरक्षा नियमों के हिसाब से बने हैं और इनका मकसद ट्रांसपोर्टर्स की बचत बढ़ाना, रखरखाव का खर्चा कम करना और काम को आसान बनाना है। नए ट्रकों को लॉन्च करते हुए, श्री गिरीश वाघ, एमडी एवं सीईओ, टाटा मोटर्स लिमिटेड ने कहा, भारत में ट्रकिंग का क्षेत्र सरकारी नीतियों, बेहतर सड़कों और सुरक्षित व साफ-सुथरे ट्रांसपोर्ट की मांग के कारण तेजी से बदल रहा है। टाटा मोटर्स ने हमेशा से इस बदलाव में आगे रहकर नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं जोकि इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देते हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए हमने अपनी अगली पीढ़ी के ट्रक पेश किए हैं, जिनमें नई अजुरा सीरीज, दो उन्नत शक्तिशाली उच्च दक्षता पावरट्रेन, भारत के व्यापक जीरो एमिशन वाले इलेक्ट्रिक ट्रकों की रेंज और हमारे नए I-MOEV आर्किटेक्चर पर आधारित टिपर रेंज और यूरोपीय मानकों वाले कैबिन एवं उद्योग में अग्रणी सुरक्षा फीचर्स, ज्यादा पेलोड और ईंधन दक्षता में उल्लेखनीय अपग्रेड शामिल हैं। इन ट्रकों को फ्लीट एज डिजिटल सेवाओं से भी जोड़ा गया है ताकि इन्हें चलाना और ट्रैक करना आसान हो। हमारा हमेशा बेहतर करने (बेटर ऑलवेज़) का विचार हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। हम नई चीजें बनाने में लगातार मेहनत करते हैं, स्थानीय उत्पादन पर ज्यादा ध्यान देते हैं, और ग्राहकों की सफलता पर मजबूती से फोकस रखते हैं।

## श्री चैतन्या अकेडमी ने JEE मेन सेशन 1, 2026 में लखनऊ से सिटी टॉपर देकर रचा इतिहास



लखनऊ। श्री चैतन्या अकेडमी इन्फिनिटी लर्न की पहल, जो बड़े पैमाने पर उत्तम परिणाम-आधारित शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है, ने गर्व से अपने लखनऊ टेस्ट प्रेप सेंटर से JEE मेन सेशन 1 के परिणामों की घोषणा की। इस सेंटर ने दिव्यांश गुप्ता ने लखनऊ टॉपर घोषित किया, जिन्होंने प्रभावशाली 99.58 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। दिव्यांश, लखनऊ में श्री चैतन्या अकेडमी में रेगुलर क्लासरूम के छात्र है। सफल छात्रों को बधाई देते हुए, सुषमा बोप्पना, सीईओ एंड डायरेक्टर ऑफ श्री चैतन्या एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस और इन्फिनिटी लर्न की को-फाउंडर , ने कहा, श्री चैतन्या अकादमी की स्थापना एक स्पष्ट और दृढ़ संकल्प के साथ की गई थी कि भारत के हर कोने से आने वाले छात्रों को, उनकी पृष्ठभूमि चाहे जो भी हो, प्रतियोगी परीक्षाओं की उच्च गुणवत्ता वाली तैयारी का अवसर मिले। JEE मेन 2026 सेशन 1 में दिव्यांश जैसे छात्रों को शानदार प्रदर्शन करते देखना बेहद प्रेरणादायक है। यह सिर्फ एक छात्र की व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि उस मजबूत शैक्षणिक माहौल का परिणाम है जो छात्रों के अनुशासन, शिक्षकों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और बच्चों की क्षमता पर विश्वास से मिलकर बना है। ये उपलब्धियाँ हमारे उस संकल्प को और मजबूत करती हैं कि हम प्रतिभाओं को पहचानें, उन्हें आगे बढ़ने का हौसला दें और उनकी पूरी शैक्षणिक यात्रा में उनके साथ खड़े रहें। मैं हमारे सभी शिक्षकों का दिल से आभार व्यक्त करती हूँ और सभी सफल छात्रों को सेशन 2 की तैयारी के लिए ढेरों शुभकामनाएँ देती हूँ, ताकि वे अपने सपनों के इंजीनियरिंग संस्थानों तक पहुँच सकें। उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, श्री उज्ज्वल सिंह, फाउंडिंग सीईओ ऑफ इन्फिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या ने कहा, दिव्यांश की सफलता और अन्य कई छात्रों की उपलब्धियाँ हमें बेहद गर्व और खुशी से भर देती हैं। मैं सभी छात्रों और उनके परिवारों को दिल से बधाई देता हूँ और हमारे शिक्षकों की मेहनत व समर्पण की सराहना करता हूँ। यह परिणाम हमारे उस विश्वास को और मजबूत करता है कि भारत के हर कोने में असाधारण प्रतिभा मौजूद है। हमारा लक्ष्य हमेशा से यही रहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सबकी समान पहुँच हो।

# अमेरिकी पहलवान को भारत के रामेश्वर ने दिखाया आसमान

**दंगल**

- अभिप्रियम ग्रुप के तत्वाधान में अभिषेक मिश्रा की पहल पर नैनुपहरु में संपन्न हुआ दंगल
- देश-विदेश के 52 जोड़े पहलवानों ने क्षेत्र में रचा इतिहास



अवधनामा संवाददाता

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** भारतीय परंपरा और शक्ति के प्रतीक दंगल को नई पहचान देने की दिशा में सेवरही क्षेत्र के ग्राम नैनुपहरु में भव्य कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन अभिप्रियम ग्रुप के तत्वावधान में युवा समाजसेवी अभिषेक मिश्रा की अगुवाई में संपन्न हुआ, जिसमें देश-विदेश के नामी पहलवानों ने अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन किया।

दोपहर से शुरू होकर शाम तक चले इस रोमांचक दंगल में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी। मुकाबलों में एक से बढ़कर एक दांव-पेंच देखने को मिले। सबसे चर्चित मुकाबले में अमेरिका से आए पहलवान फेडरेला को हाथरस के भारत केशरी रामेश्वर यादव ने पटखनी देकर 2 लाख 51 हजार रुपये का घोषित इनाम अपने नाम किया। राष्ट्रीय स्तर के पहलवान कौशांबी के रामकिशुन तिवारी ने मथुरा के मोगे पहलवान को हराकर 1 लाख 51 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। वहीं कजाकिस्तान के नुरीस्ता पहलवान ने कानपुर के रवि को चित कर 1 लाख 51 हजार रुपये की धनराशि हासिल की।हाथरस के मोहन ने पंजाब के चकोर को हराकर 1 लाख 41 हजार रुपये का इनाम जीता। प्रयागराज के चिंता पहलवान और हाथरस के बबलू के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा, वहीं गाजीपुर के रितेश और हरियाणा के दीपक आहला का दंगल भी रोमांचक बराबरी पर छूटा।महिला मुकाबलों में दिल्ली की बवीता और हरियाणा (सोनीपत) की सबीता के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन बवीता ने मथुरा के पुरुष पहलवान लालबहादुर को चित कर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नंद किशोर मिश्रा ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ कराया। संचालन अयोध्या के बाबा बजरंगी एवं जालौन से आए संदीप राणा ने किया। समापन अवसर पर आयोजक अभिषेक मिश्रा एवं अंकुश मिश्रा ने सभी आगंतुकों, अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़कू तिवारी, केशव पांडेय, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा, के.डी. सिंह कुशवाहा, प्रधान मिंटेश राय सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। अभिषेक मिश्रा की इस पहल को क्षेत्र में खेल और भारतीय परंपरा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## घोषित हुए स्थानीय व अतिरिक्त अवकाश

**अमेठी।** जिला जज/विशेष कार्याधिकारी राम मिलन सिंह ने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा उ0प्र0 के जनपद न्यायालयों को निर्गत कैलेण्डर वर्ष 2026 के प्रस्तर-3 व प्रस्तर-7 में दिये गये निर्देशानुसार स्थानीय अवकाश व अतिरिक्त अवकाश घोषित किया गया है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि कैलेण्डर वर्ष 2026 में घोषित गुरूवार 05 मार्च 2026 को होली शुक्रवार 28 अगस्त 2026 को रक्षाबंधन सोमवार 19 अक्टूबर 2026 को महानवमी शुक्रवार 06 नवम्बर 2025 को धनतेरस शनिवार 07 नवम्बर 2026 को नरक चर्तुदशी का स्थानीय अवकाश तथा राष्ट्रीय अवकाश जो द्वितीय शनिवार/रविवार को होने से 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि का अतिरिक्त अवकाश गुरूवार 19 फरवरी 2026 को रमजान प्रारम्भ तथा 08 नवम्बर 2026 को दीपावली का अतिरिक्त अवकाश मंगलवार 10 नवम्बर 2026 को भाईदूज का अतिरिक्त अवकाश घोषित किया है एवं वर्ष 2026 के कैलेण्डर के प्रस्तर-10 के अनुपालन में 28 मार्च व 25 अप्रैल 2026 को भी कार्यदिवस घोषित किया गया है।

# विधायक डॉ असीम कुमार ने सदन में उठाई क्षेत्र की जनसमस्याएं

- बजट सत्र में गूंजा तमकुहीराज की आवाज़



विधानसभा में बजट सत्र को संबोधित करते तमकुहीराज विधायक डॉ असीम

अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान तमकुहीराज विधानसभा के विधायक डा असीम कुमार द्वारा क्षेत्र की जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में प्रमुखता से उठाया गया। उन्होंने बजट पर चर्चा के दौरान अपना पक्ष दृढ़ता से रखते हुए कहा कि प्रस्तुत बजट प्रदेश के समग्र विकास, गरीबों के कल्याण, किसानों की उन्नति, युवाओं के रोजगार तथा महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम है।

विधायक डा असीम कुमार ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता, सुशासन और विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। यह बजट ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास÷ के संकल्प को साकार करने वाला बजट सिद्ध होगा।सदन में क्षेत्र से जुड़े सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार एवं आधारभूत संरचना के कई महत्वपूर्ण जनहित मुद्दों को मजबूती से उठाया गया। प्रमुख मांगों में तमकुहीराज में बालिकाओं की उच्च शिक्षा हेतु बालिका महाविद्यालय की स्थापना, नारायणी नदी के कटान से विस्थापित अजयनगर बभनौली एवं पुष्कर नगर के परिवारों के लिए स्थायी पुनर्वास, अमवा दीगर, जवही दयाल एवं अहिरौलिदान में पीपा पुल निर्माण, केला आधारित प्रसंस्करण उद्योग, कोल्ड स्टोरेज व पैकेजिंग इकाइयों की स्थापना, प्रमुख सड़कों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण तथा नगर क्षेत्रों में स्थायी जलनिकासी व्यवस्था की मांग शामिल रही। इसके अतिरिक्त मछुआ समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा देने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। इस सम्बन्ध में संवाददाता से दूरभाष पर हुई बातचीत में विधायक ने कहा कि तमकुहीराज के सर्वांगीण विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता अटूट है तथा क्षेत्र की हर आवाज़ को सदन तक पहुँचाना और उसका समाधान कराना ही उनका संकल्प है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में आंचल प्रथम स्थान, मेधावी हुए सम्मानित

- श्रीमती राधिका देवी इंटर कालेज में सामान्य ज्ञान परीक्षा का तृतीय संस्करण संपन्न



अंचल यादव को साईकिल पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि

अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** श्रीमती राधिका देवी इंटरमीडिएट कॉलेज मथौली में सामान्य ज्ञान परीक्षा के तृतीय संस्करण 2026 का रिजल्ट घोषित किया गया, जिसमें 51 छात्रों में उत्कृष्ट पुरस्कार वितरित किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में तीन ग्रुप में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन विद्यार्थियों को रेंजर साइकिल पुरस्कृत किया गया। 100 अंको में से 94 अंक प्राप्त कर कक्षा 11 की छात्रा आंचल यादव, कक्षा 8 की छात्रा अफसाना खातून तथा कक्षा 4 के पियूष मद्धेशिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। इन तीनो टॉपर्स को साइकिल देकर पुरस्कृत किया गया और सांत्वना पुरस्कार अमन यादव , आंशिक प्रजापति, तंजील सईद, संदीप विश्वकर्मा, आलोक वर्मा आदि विद्यार्थियों को दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन न.पं. मथौली बाजार नवरंग सिंह व विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान लक्ष्मीपुर अकमल हुसैन ने बच्चों को प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का अध्यक्षता रामदरश सिंह और संचालन रंजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य रामदरश सिंह, चिल्ड्रेन अकेडमी के प्रधानाचार्य सईद अहमद उप प्रधानाचार्य पी के श्रीवास्तव, आफताब आलम अंसारी, मनोज श्रीवास्तव, आत्मप्रकाश पाण्डेय, कमलभान सिंह, रामनरेश यादव, सूरज सिंह, राहुल राय, फैसल अहमद, दुर्गेश यादव, मिथिलेश गुप्ता, अभिषेक शर्मा, अशोक सिंह, हरिकेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामकोला चीनी मिल ने 13 फरवरी तक 16.53 करोड़ रुपए भुगतान किया

अवधनामा संवाददाता

**रामकोला, कुशीनगर।** त्रिवेणी चीनी मिल, रामकोला द्वारा किसानों को समयबद्ध गन्ना मूल्य भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इसी क्रम में मिल प्रबंधन द्वारा 07 फरवरी से 13 फरवरी तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान किसानों के बैंक खातों में अंतरित कर दिया गया है। जनपद में सर्वप्रथम पेराई कार्य प्रारंभ करने के साथ-साथ समय पर भुगतान कर मिल ने अपनी कार्यकुशलता एवं उत्कृष्ट परंपरा को एक बार फिर सिद्ध किया है।

प्रधान प्रबंधक श्री यशराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत उक्त अवधि में खरीदे गए गन्ने के सापेक्ष कुल 16 करोड़ 53 लाख रुपये की धनराशि सीधे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि किसान हित सर्वोपरि है और मिल प्रबंधन का सतत प्रयास रहता है कि किसानों को समय पर भुगतान प्राप्त हो, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रधान प्रबंधक ने किसानों से अपील की कि वे मिल को केवल ताजा, स्वच्छ एवं गुणवत्तायुक्त गन्ने की आपूर्ति करें, ताकि पेराई कार्य निर्बाध रूप से संचालित किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसान भाई अपनी संपूर्ण गन्ना आपूर्ति चीनी मिल को ही करें, जिससे उनका बेसिक कोटा बढ़े और भविष्य में उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

इसके अतिरिक्त उन्होंने किसानों को वसंतकालीन गन्ना बुआई के लिए उन्नत किस्में जैसे छ्ह-0118, CoP-9301, CoLK-14201, CoLK-16202 एवं 18231 अपनाने तथा भूमि की उर्वरता एवं फसल सुरक्षा के लिए ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य प्रयोग करने की सलाह दी। प्रेस वार्ता के अवसर पर कारखाना प्रबंधक मानवेंद्र राय एवं गन्ना प्रबंधक इन्द्र कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# तय समय-सीमा में पूरे हों शैक्षणिक कार्य : एआरपी

- संकुल बैठक में आपार आईडी, डिजिटल अटेंडेंस, यू-डायस व निपुण असेसमेंट की प्रगति पर सघन समीक्षा
- कायाकल्प संतृप्ति व प्री-प्राइमरी अवधारणा को प्रभावी ढंग से लागू करने के दिए निर्देश




अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** दुदही विकास खंड के धर्मपुर न्याय पंचायत अंतर्गत शिक्षक संकुल की मासिक बैठक मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय दुमही में आयोजित हुई। बैठक में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार, प्रशासनिक दायित्वों के समयबद्ध निष्पादन व विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए एआरपी एसएसटी राहुल सिंह ने आपार आईडी से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की व उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने बालिका शौचालय से संबंधित अद्यतन आंकड़ों के संकलन, छात्रों की डिजिटल उपस्थिति सुनिश्चित करने, नवभारत साक्षरता मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, यू-डायस डाटा की शुद्धता, डीबीटी से जुड़े फोटो अपलोड, डिजिटल रजिस्टर के नियमित उपयोग व कायाकल्प योजना को संतृप्त करने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही निपुण असेसमेंट की तैयारी, सीखने के स्तर का आकलन व प्री-प्राइमरी कक्षाओं की अवधारणा को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर भी मार्गदर्शन दिया गया। एआरपी ने स्पष्ट किया कि सभी कार्य तय समय-सीमा में पूरे हों, जिससे शैक्षणिक व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न रहे। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आयोजित लघु विधिक शिविर में नोडल बालकृष्ण ने उपस्थित शिक्षकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने निर्धन वर्ग, दिव्यांगजन, बच्चों, महिलाओं, श्रमिकों, अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए उपलब्ध योजनाओं के प्रचार-प्रसार, पात्र लाभार्थियों के चिन्हांकन व योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। बैठक में संकुल शिक्षक एजाज अहमद, राजेश सिंह, मुकेश यादव व रजनीश गुप्ता ने विचार रखे व शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े अनुभव साझा किए।

# महर्षि वशिष्ठ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं वशिष्ठ रामायण कथा के उपलक्ष्य में निकली भव्य कलश यात्रा



बृजेश कुमार शुक्ल

**बस्ती।** मंगलवार को महर्षि वशिष्ठ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तथा वशिष्ठ रामायण कथा के निमित्त आयोजित भव्य कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। कलश यात्रा जागेश्वर नाथ धाम तिलकपुर मंदिर से प्रारंभ होकर बढ़नी मिश्र कथा स्थल तक गाजे-बाजे और जय श्रीराम और गुरु वशिष्ठ के जयकारों के साथ पहुंची। यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई श्रद्धा और उल्लास के साथ आगे बढ़ रही थीं। सजे-धजे रथ पर भगवान गणेश, महर्षि वशिष्ठ, श्रृंगी ऋषि एवं देवरहा बाबा की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया। डीजे की धुन पर नृत्य करते बड़ी संख्या में युवा भी सम्मिलित हुए। कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना दिया।

कार्यक्रम संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि महर्षि वशिष्ठ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं वशिष्ठ रामायण कथा की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है समिति बनाकर सैकड़ो धर्म योद्धाओं को जिम्मेदारी बांट दी गई है। कथा पंडाल के निकट ही चार जगहों पर गाड़ी पार्किंग की व्यवस्था की गई है। किसी भी समस्या के लिए कथा स्थल पर कार्यालय और कंट्रोल रूम में 9936114625 पर संपर्क किया जा सकता है।

श्री राना ने बताया कि 18 से 26 फरवरी तक चलने वाली वशिष्ठ रामायण कथा का वाचन तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी के श्रीमुख से होगा। इस दौरान लाखों श्रद्धालु कथा का रसपान करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से वशिष्ठ धाम की ख्याति और गौरव देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में फैलेगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में कथा स्थल पर पहुंचकर वशिष्ठ रामायण कथा का श्रवण करें और इस पुण्य अवसर का लाभ उठाएं। कलश यात्रा में मुख्य रूप से नगर पंचायत नगर की अध्यक्ष नीलम सिंह राना , सतीश मिश्र , रत्नेश मिश्र , विकास मिश्र , सत्यम मिश्र , डॉक्टर विजय मिश्र , आशुतोष मिश्रा , मनु पंडित सहित सैकड़ो श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्र के छात्र भी तकनीकी रूप से बने सशक्त, रोजगार के मिलेंगे अवसर

- 40 विद्यार्थियों को निःशुल्क कंप्यूटर वितरित, डिजिटल सशक्तिकरण पर दिया जोर



अवधनामा संवाददाता

**तमकुही/सेवरही, कुशीनगर।** राजीव गांधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन तमकुहीराज (भटवलिया) सेंटर द्वारा भारत सरकार की डिजिटल साक्षरता से जुड़ी पहल के अंतर्गत ÷हर घर ई-साक्षर योजना÷ के तहत आयोजित निःशुल्क कंप्यूटर वितरण कार्यक्रम मंगलवार को ब्लॉक सभागार, तमकुहीराज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 40 चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क कंप्यूटर प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. अनुराधा राय रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भी तकनीकी रूप से सशक्त बनें और रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करें। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. विजय राय तथा बीडीओ अनिल कुमार राय ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डिजिटल साक्षरता अभियान से गांव-गांव में तकनीकी जागरूकता बढ़ेगी और युवा आत्मनिर्भर बनेंगे। वही अतिथियों द्वारा विगत दिनों नई दिल्ली में इस सेंटर के संचालक आकाश श्रीवास्तव को आर.जी.सी.एस.एम. कोटा राजस्थान के चेयरमैन डॉ केपी सिंह और राजेश गोयल (आईएएस) के हाथों बेस्ट इंस्टिट्यूट अवार्ड तथा बेस्ट डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर अवॉर्ड मिलने पर बधाई दी गई। अंत में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र संचालक आकाश श्रीवास्तव ने संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के अधिकतम युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा से जोड़ना है, ताकि वे आधुनिक तकनीक के साथ कदम से कदम मिलाकर चल सकें। अतिथियों द्वारा 40 विद्यार्थियों को कंप्यूटर प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संचालन शिवजी राय ने किया। इस दौरान भाजपा नेता विनोद सिंह राजपूत, अभिषेक आनन्द, बीबी राय, एडीओ पंचायत मनोरंजन लाल श्रीवास्तव, सुमित गुप्ता, डा प्रवीण राय, अरशद अली, संजीव गुप्ता, आलोक मिश्रा, एकलाख अहमद, रामेश्वर राय, अभिभावकों, नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## आभूषण की दुकान से नगदी समेत लाखों के गहने चोरी

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तिनहवा चौराहे पर स्थित एक आभूषण की दुकान से नगदी गहने की हुई चोरी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक दुर्गेश वर्मा पुत्र रामसमुझ वर्मा निवासी भलुही थाना अहिरौली बाजार तिनहवा चौराहे पर सोने चांदी की दुकान चलाते हैं। बीते सोमवार शाम 5 बजे दुकान बंद करके हाटा के लिए निकले थे लेकिन भैंसही चौराहे पर लेट हों जाने के कारण वह घर वापस आ गया। सोमवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे से छत पर चढ़कर सीढ़ी पर लगें दरवाज़े को खोलकर दुकान के अंदर घुस गए, और उसमें रखे साढ़े छः किलो चांदी, 25 ग्राम सोना, 4500 रूपए नगदी की चोरी कर मौके से फरार हो गए। दुर्गेश ने बताया कि भुलकर मै तिजोरी की चाभी दुकान पर छोड़ गया था। सुबह जब दुर्गेश को इसकी जानकारी हुई तो वह दुकान पहुंचा जहां समान गायब देखकर अवाक रह गया। तब उसने घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस व स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर उपनिरीक्षक अतुल कुमार बिन्द, कांस्टेबल मनोज यादव, देवेन्द्र कुमार मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए। दुकानदार ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर भी कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रविन्द राय ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## आशुतोष ने जेईई मेन्स में हासिल किए 98.35 पर्सेंटाइल



**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के पूरे कंधई सरुवांवा गांव निवासी मेधावी छात्र आशुतोष द्विवेदी ने प्रतिष्ठित जेईई मेन्स प्रवेश परीक्षा में 98.35 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। आशुतोष की इस सफलता पर परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। शुभचिंतकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। आशुतोष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन के बल पर यह उपलब्धि हासिल हुई है। आशुतोष अब जेईई एडवांस की तैयारी में जुट गए हैं।उनके पिता संतोष द्विवेदी महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज लौहर पश्चिम में शारीरिक शिक्षक हैं जबकि उनकी मां नीलम द्विवेद्वी गृहणी हैं। बेटे की सफलता पर क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## बदलते मौसम में बढ़ी मरीजों की तादात



**अमेठी।** जनपद में बदलते मौसम के बीच इन दिनों मरीजों की संख्या बढ़ गयी है अस्पताल बुखार के मरीजों से भरे पड़े हैं सरकारी अस्पताल हो या प्राइवेट चारो ओर जुकाम बुखार के मरीजों का दर्द दिखाई दे रहा है तीमारदारों का कहना गांव गांव सर्दी जुखाम के मरीजों की भरमार है लोग उपचार के लिए इधर उधर भटक रहे हैं।जिला अस्पताल और सीएचसी अमेठी में प्रतिदिन सैकड़ो बुखार और सर्दी जुखाम के मरीज की ओपीडी हो रही है।झोलाछाप डाक्टरों के यहां भी मरीजों की लम्बी कतार देखी जा रही है। जानकार लोगों का कहना है कि गर्मी का मौसम आ रहा है लेकिन अभी सर्दी सुबह शाम है ऐसे में हल्की सी लापरवाही भी सर्दी जुकाम बुखार को आमंत्रण दे देती है। लोगों को सलाह दी गई है कि वह सुबह शाम पड़ रही सर्दी के बीच गर्म कपड़ों से स्वयं को ढककर निकले और एहतियात बरतें।

# प्रवेश पत्र से वंचित छात्रों ने डीआईओएस कार्यालय पर दिया धरना



- गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज में 700 छात्रों का मामला

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** गोस्वामी तुलसीदास इंटरमीडिएट कालेज पडरौना के 700 छात्रों की बोर्ड परीक्षा से वंचित होने का मामला अब तूल पकड़ लिया है। परीक्षा से वंचित छात्र, छात्रों ने मंगलवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरने पर बैठ गए और डीआईओएस से उक्त प्रकरण में जानकारी हासिल करने की बात पर देर शाम तक अड़े रहे।

जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा परिषद की 18 फरवरी से आयोजित बोर्ड परीक्षा के लिए जनपद के पडरौना नगर स्थित गोस्वामी तुलसीदास इंटरमीडिएट कालेज के सात सौ प्राइवेट छात्र, छात्राओं का विद्यालय एवं यूपी बोर्ड के सह एवं मात के खेल में परीक्षा के एक दिन पहले 17 फरवरी तक परिक्षार्थियों को प्रवेश पत्र न मिलने से उग्र होकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर पहुंचकर धरने पर बैठ गए। छात्रों का कहना था कि हम छात्रों का क्या दोष है कि परीक्षा से वंचित किया जा रहा है। सभी छात्र समय से परीक्षा फार्म भरे और समय से शुल्क जमा कर दिए है। सभी परिक्षार्थियों का रोल नम्बर भी मिल गया और प्रतियोगितात्मक परीक्षा भी करा दिया गया है। लेकिन हम छात्रों को अचानक परीक्षा से क्यो वंचित किया जा रहा है। धरने पर बैठे सैकडों छात्र विद्यालय और जिला विद्यालय निरीक्षक के खिलाफ देर शाम तक नारेबाजी करते रहे।

# उन्मुखीकरण कार्यशाला में शामिल हुए प्रधान और प्रधानाध्यापक




अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** ब्लाक संसाधन केंद्र भादर में ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों की ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी और उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं पर विस्तार से संवाद हुआ और सामूहिक प्रयास से सर्व शिक्षा का लक्ष्य हासिल करने के संदेश दिए गए। कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम की छात्राओं ने सुमधुर वाणी वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संजीव भारती ने अतिथियों और प्रधानाध्यापकों का स्वागत किया। स्वागत भाषण में उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की सभी योजनाओं निपुण भारत मिशन का उल्लेख करते हुए सामूहिक प्रयास से प्राथमिक शिक्षा के लोक व्यापीकरण के संदेश दिए। कार्यक्रम में मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान संघ भादर के अध्यक्ष इन्द्र बहादुर सिंह ग्राम प्रधान भादर राम चन्द्र सिंह उपस्थित रहे। एआरपी चिंतामणि उपाध्याय ने बताया कि निपुण भारत मिशन में भादर विकास खंड पिछले चार महीने से लगातार जनपद में शीर्ष पर है। परिषदीय विद्यालयों में संसाधनों की कोई कमी नहीं है। एआरपी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में भादर विकास खंड पिछले आठ सालों से लगातार जिले में प्रथम स्थान पर है। आपरेशन कायाकल्प के पैरामीटर्स की जानकारी दी और कहा कि विकास खंड के सभी स्कूल इन पैरामीटर्स से पूर्ण हैं। नेशनल स्कालर शिप में विकास खंड के कई विद्यालयों में बच्चे तैयारी में आगे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने भादर विकास खंड के स्कूलों की उपलब्धियों और समस्याओं का उल्लेख करते हुए सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने एस आई आर के अन्तर्गत मतदाताओं को जारी नोटिसों के निस्तारण में ग्राम प्रधानों और शिक्षकों से सहयोग की अपील की। स्कूलों में मरम्मत कार्य के लिए कार्ययोजनाएं तैयार करने पर जोर दिया।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अन्तर्गत विकास खंड के दो बच्चे आई आई टी गांधीनगर के लिए चयनित हुए हैं।आंगनबाड़ी केंद्रों को बाल वाटिका के रूप परिवर्तित करते हुए ई सी सी एजूकेटर नियुक्त किए गए हैं।

अधिकांश विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस संचालित किए जा चुके हैं। उन्होंने शिक्षकों से नौनिहालों को अच्छी शिक्षा देकर मूल्यों से भरे नागरिक तैयार करने की अपील की।संगोष्ठी में मंगरा के ग्राम प्रधान इमरान खान ने कहा कि स्कूलों को कितना भी सुंदर बना दिया जाए यदि शिक्षकों की कमी नहीं पूरी होती तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य नहीं हो सकता। उन्होंने उत्तर प्रदेश में मांग और रिक्तियों के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की।ग्राम प्रधान राम चन्द्र सिंह ने शासन की नीति पर सवाल उठाए और कहा कि प्राइवेट स्कूल दो किमी के अंदर नहीं खुलने चाहिए।जिन परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की संख्या 50 से कम हो गई है उन को बंद करने के बजाय बच्चों की संख्या कम होने के कारणों पर विचार होना चाहिए।परिषदीय विद्यालयों में योग्य शिक्षक हैं। सभी तरह के संसाधन उपलब्ध हैं। परिषदीय विद्यालयों की दो किमी परिधि में प्राइवेट स्कूल नहीं खुलने चाहिए। सरकार इसके लिए कानून बनाए जब तक प्राइवेट स्कूलों पर अंकुश नहीं लगता प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या निश्चित रूप से प्रभावित रहेगी।साल भर में विद्यालयों में अच्छा काम करने के लिए दो दर्जन से अधिक प्रधानों और प्रधानाध्यापकों को खंड विकास अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# संतों का संग ही ज्ञान प्राप्ति का सबसे बड़ा साधन है: प्रणवपुरी महाराज



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** हैंवरा कोठी पर हो रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन प्रवचन करते हुए उज्जैन स्थित महामृत्युंजय मठ महाकाल लोक के पीठाधीश्वर स्वामी श्रीप्रणवपुरी महाराज ने कहा कि ज्ञान प्राप्ति का सबसे बड़ा साधन संतों का संग है, जीव जब तक उनके चरणों की रज नहीं लेता, उसे तत्व ज्ञान नहीं हो सकता। ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए प्रणवपुरी महाराज ने कहा कि जहां सुनीति होती है, वहां ध्रुव जैसा भक्त पुत्र जन्म लेता है, और जहां सुरुचि यानी स्वेच्छाचारिता होती है, वहां दुष्ट संतान पैदा होती है। उन्होंने आगे कहा कि उत्साहवर्धन को हतोत्साहित करना ही लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाता है, जैसे बालक ध्रुव से जब नारद जी ने कहा कि तुम अभी बहुत छोटे हो, तपस्या नहीं कर पाओगे, तो ध्रुव ने उसे चुनौती के रूप में लेते हुए कठोर तपस्या की और भगवान के दर्शन पाए और वह ध्रुव जिन्हें उनके पिता उत्तानपाद ने गोद से उतार दिया था, वही सारे सैन्य साज समाज के साथ उनके स्वागत के लिए गए। जड़ भरत के प्रसंग की तात्विक चर्चा करते हुए कहा उन्होंने कहा कि राजा रहुगण जब महाज्ञानी जड़ भरत जी से ज्ञान प्राप्ति का साधन पूछते हैं तो वह कहते हैं कि ज्ञान प्राप्ति कोई किताब आदि पढ़ लेने मात्र से नहीं हो सकता, जब तक कि संत महापुरुषों के चरणों की रज नहीं मिलती। वास्तव में संतों का संग ही ज्ञान प्राप्ति का परम साधन है। उसके बाद उन्होंने अजामिल और भक्त प्रहलाद की कथाएं सुनाकर श्रोताओं को खूब आनंद विभोर कर दिया। कथा के अंत में परीक्षित दंपति कुमुदेश चंद्र यादव, श्रीमती रमा यादव ने व्यास गद्दी की आरती की। जितेंद्र प्रताप यादव, अनुज यादव, नीरज यादव, सौरभ यादव, मुकुल यादव, नितुल, दिव्यांश, अर्पित, अमित, प्रतीक एवं सभी परिवारजनों ने प्रसाद वितरण किया। कथा 21 फरवरी तक होगी। कथा का समय दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक है।

# सात दिवसीय स्काउटर-गाइडर प्रशिक्षण शिविर का समापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में स्थानीय जनपद में आयोजित सात दिवसीय बेसिक एवं एडवांस स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन प्रशिक्षण शिविर का गौरवपूर्ण समापन हुआ। यह शिविर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला मुख्यायुक्त अतुल कुमार सिंह, उपाध्यक्ष एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार एवं सहायक संगठन आयुक्त(स्काउट गाइड)कानपुर मण्डल मयंक शर्मा तथा जिला सचिव रविंद्र सिंह यादव के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। कुशल नेतृत्व के लिए तैयार हुए शिक्षक इस सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 89 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य भविष्य के लिए कुशल और अनुशासित नेतृत्व तैयार करना रहा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों का विवरण निम्नलिखित है-बेसिक कोर्स-30 स्काउट मास्टर और 33 गाइड कैप्टन। एडवांस कोर्स-19 स्काउट मास्टर और 09 गाइड कैप्टन। कड़े अनुशासन में मिला प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं को स्काउटिंग के सिद्धांतों, कड़े अनुशासन और सेवा भाव का पाठ पढ़ाया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में हुआ एडवांस प्रशिक्षण लीडर ऑफ द कोर्स दिग्विजय पचौरी(एल.टी.)एवं कुसुम वर्मा (ए.एल.टी.) बेसिक प्रशिक्षण लीडर ऑफ द कोर्स अच्युत कुमार त्रिपाठी (ए.एल.टी.)व स्वीटी मथुरिया (ए.एल.टी.) के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ। समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षक अब अपने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को बेहतर नागरिक बनाने और उनमें अनुशासन व सेवा की भावना भरने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर बलिया से प्रशिक्षक नफील अख्तर आजाद, विपिन कुमार, मंजूलता, सुनील कुमार, अर्चना चौधरी, राजकुमार, कुलदीप कुमार, नारायण दत्त दीक्षित, अताउर्रहमान, संजू शंखवार, का सराहनीय सहयोग रहा।

# मनरेगा के डिजिटल मस्टर रोल में बड़ा खेल

**मौदहा विकासखंड के उरदना और खैरी पंचायतों में भारी विसंगतियां उजागर**



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा, हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए लागू की गई डिजिटल उपस्थिति (NMMS) प्रणाली अब भ्रष्टाचार और लापरवाही का नया अड्डा बनती जा रही है। मौदहा विकासखंड की ग्राम पंचायत उरदना और खैरी से सामने आए मस्टर रोल के डिजिटल साक्ष्य प्रशासनिक दावों की पोल खोल रहे हैं।

**खैरी: जेंडर और फोटो में मेल नहीं, संदेह के घेरे में मेट**

ग्राम पंचायत खैरी में मस्टर रोल संख्या 10244 के तहत अपलोड की गई फोटो और दर्ज आंकड़ों में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। आधिकारिक पोर्टल पर दर्ज महिला-पुरुष (Gender) की संख्या और मौके पर कार्यस्थल की फोटो में दिख रहे श्रमिकों की असलियत आपस में मेल नहीं खा रही है।

**मेट की भूमिका:** यहाँ मेट द्वारा अपलोड की गई फोटो सीधे तौर पर संदेह के घेरे में है, जिससे कागजों पर फर्जी श्रमिक दिखाकर सरकारी धन के बंदरबांट की आशंका गहरा गई है।

**उरदना: संदिग्ध चेहरे और संख्या का रहस्य**

इसी प्रकार विकासखंड की ग्राम पंचायत उरदना में भी मस्टर रोल संख्या 10296 और 10291 में डिजिटल सेंधमारी के संकेत मिले हैं। यहाँ मस्टर रोल में दर्ज श्रमिकों की कुल संख्या के मुकाबले फोटो में उपस्थित लोगों की संख्या काफी कम है। साथ ही, फोटो में दिख रहे श्रमिकों के चेहरे और उनकी वास्तविकता संदिग्ध प्रतीत हो रही है।

**प्रशासनिक मिलीभगत या बड़ी लापरवाही**

मनरेगा नियमों के अनुसार, कार्यस्थल पर मेट की यह नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है कि वह केवल वास्तविक श्रमिकों की ही फोटो प्रमाणित कर पोर्टल पर अपलोड करे। लेकिन उरदना और खैरी की ये डिजिटल तस्वीरें चीख-चीखकर कह रही हैं कि ग्राम प्रधान, सचिव और मेट की कथित मिलीभगत से मस्टर रोल का खूनी खेल खेला जा रहा है।

**जांच के घेरे में जिम्मेदार**

इन डिजिटल साक्ष्यों के सार्वजनिक होने के बाद अब गेंद जिला प्रशासन और संबंधित विभाग के पाले में है। स्थानीय ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों ने मांग की है कि इन पंचायतों के पिछले मस्टर रोल और भुगतान की उच्च स्तरीय जांच हो। NMMS पोर्टल पर गलत डेटा फीड करने वाले दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए। सरकारी बजट का दुरुपयोग करने वाले मेट और पंचायत सचिवों की जवाबदेही तय हो।

## नाले में मिला अधेड़ का शव, पुलिस कर रही जांच

**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया में सड़क किनारे पुलिया के नीचे नाले में एक अधेड़ का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान कम्हरिया निवासी दिलदार (48) पुत्र वली मोहम्मद उर्फ उल्ली के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतक दो-तीन दिनों से घर से लापता था और शव भी पुराना प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार नाले में पानी भरा था, जिसे पंपिंग सेट से निकाले जाने के बाद शव दिखाई दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक भूमिहीन मजदूर था तथा अपने पीछे एक पुत्र व एक पुत्री छोड़ गया है। गांव में शोक का माहौल है।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**मौदहा/अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अरतरा निवासी रोहन ने गांव के ही शैलेन्द्र पुत्र कामता श्रीवास के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी है। पीड़ित के अनुसार आरोपी शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा और मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बार एसोसिएशन मौदहा चुनाव: शिवलाल पाल अध्यक्ष, विवेक दीक्षित महामंत्री निर्वाचित



**मौदहा/अवधनामा संवाददाता।** बार एसोसिएशन मौदहा के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर शिवलाल पाल तथा महामंत्री पद पर विवेक दीक्षित विजयी घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर शिवलाल पाल को 105 मत प्राप्त हुए। महामंत्री पद पर विवेक दीक्षित को 82 मत मिले। चुनाव प्रक्रिया एल्डर्स कमेटी की निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। विजयी पदाधिकारियों का अधिवक्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

## एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**मुस्कुरा/अवधनामा संवाददाता।** स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय गहरौली के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का सात दिवसीय विशेष शिविर गांव अलरा गौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुरू हुआ। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में प्रबंधक संजय दीक्षित, प्राचार्य डॉ. लोकेन्द्र पांडेय व ग्राम प्रधान बाबू सिंह ने एनएसएस के महत्व पर प्रकाश डाला।

## मां की डांट से नाराज किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ

**सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के इमलिया थोक में मां की डांट से नाराज हाईस्कूल की छात्रा ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार हुआ। इसी तरह बांकी रोड निवासी एक अन्य किशोरी ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## खेलों से होता है व्यक्तित्व का विकास

**सुमेरपुर/अवधनामा संवाददाता।** राजकीय महाविद्यालय मौदहा में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. बी.के. सिंह ने कहा कि खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## हाइवे पर ट्रेलर खराब होने से 5 किमी लंबा जाम

**सुमेरपुर।** कस्बे के अंदर हाईवे पर खंभा लादकर जा रहा ट्रेलर खराब हो जाने से करीब पांच किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद ट्रेलर हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

## ई-ग्रंथालय पोर्टल पर पुस्तकालय की सभी पुस्तकों को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाए- डीएम

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला पुस्तकालय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम कहा कि ई-ग्रंथालय पोर्टल पर पुस्तकालय की समस्त पुस्तकों को ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाए, जिससे विद्यार्थी आसानी से पुस्तकों की खोज कर अपनी पढ़ाई कर सकें। संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में पुस्तकालय की सदस्यता हेतु 1000 की रिफंडेबल अमानत राशि तथा 100 वार्षिक शुल्क निर्धारित है। इस पर जिलाधिकारी ने सदस्यता शुल्क में वृद्धि करते हुए वार्षिक शुल्क 100 से बढ़ाकर 500 किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पुस्तकालय की मासिक पत्रिकाओं का सर्वे कराया जाए, लंबे समय से उपयोग में न आने वाली पुस्तकों को डिस्कार्ड किया जाए तथा नवीन व उपयोगी पुस्तकों को संग्रह में जोड़ा जाए। साथ ही पुस्तकालय को गूगल मैप पर पंजीकृत कराया जाए एवं पुस्तक मेले का आयोजन कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

# न्याय रथ के जरिए गांव-गांव पहुंचेगी कानूनी जागरूकता, जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** आगामी 22 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले मेगा लीगल कैम्प के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराए गए न्याय रथ का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। जनपद न्यायाधीश श्री मनोज कुमार राय ने कलेक्ट्रेट परिसर से न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**आमजन को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य-** इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि यह प्रचार वाहन विधिक जागरूकता के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इस रथ के माध्यम से जनपद के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला एवं बाल संरक्षण, और वरिष्ठ नागरिक अधिकारों जैसी महत्वपूर्ण सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

**इन मार्गों से होकर गुजरा न्याय रथ-**न्याय रथ जनपद न्यायालय से रवाना होकर पेट्रोल पंप, बस स्टैंड, गोपाल स्वीट्स, रहुँनियाँ, कालपी चौराहा, सिटी फॉरेस्ट, कोतवाली, जिला अस्पताल और दीक्षित स्वीट्स सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों से गुजरा। इस दौरान लाउडस्पीकर और पंपलेट्स के माध्यम से लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। सचिव ने जोर देकर कहा कि अब जिले के कमजोर, वंचित वर्ग, श्रमिक और महिलाओं तक विधिक सेवाओं का संदेश और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रथम अपर जिला जज उदय वीर सिंह, विशेष न्यायाधीश (SC/ST एक्ट) रनवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार, विशेष न्यायाधीश कीर्ति माला सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार, सिविल जज (सी0डि0) निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी और सिविल जज (जू0डि0) अंकित पाल मौजूद रहे। इसके अलावा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, मध्यस्थ अधिवक्ता और जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री अश्वनी कुमार प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## अबू धाबी में निशानेबाज चंद्रमोहन ने जीते पदक



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज चंद्र मोहन तिवारी ने ओपन मास्टर्स गेम्स अबू धाबी 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता 7 से 14 फरवरी तक स्वयं संयुक्त अरब अमीरात के अल ऐन स्थित शूटिंग रेंज में आयोजित हुई। चंद्रमोहन तिवारी ने 10 मीटर एयर राइफल पुरुष वर्ग में निशानेबाजी करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा उन्होंने 50 मीटर श्री पोजिशन राइफल स्पर्धा में रजत पदक एवं 50 मीटर प्रोन वर्ग में भी रजत पदक जीते।

## डीएम ने पंचायत भवन शेरपुर बसगवां के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी एरर के मतदाताओं को नोटिस जारी करना एवं उनकी सुनवाई करने के कार्य को लेकर जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने पंचायत भवन शेरपुर बसगवां विकासखंड बसरेहर इटावा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ए.ई.आए.ओ. को निर्देश दिये कि समय से सुनवाई की जाए साथ ही उन्होंने जनता से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में कैंपों में उपस्थित रहकर अपना नाम दर्ज कराएं।

## इटावा के मुस्लिम व्यापारीयों ने अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान किया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** राजनीतिक लोग जहां समाज में नफरतें घोलने के लिए कोई मौका नहीं छोड़ते वहीं इटावा के मुस्लिम व्यापारीयों ने अपने एक ब्राह्मण व्यापारी साथी की जिन्दगी बचाने के लिए रक्तदान कर इन्सानियत की मिशाल पेश की है।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उद्योग मंच के जिलाध्यक्ष भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज दिल की बीमारी से पीड़ित हैं और दिल्ली के जीबी पंत अस्पताल में ओपन हार्ट सर्जरी के लिए भर्ती हैं उनके आपरेशन के लिए अस्पताल ने रक्त की आवश्यकता बताई है, इसकी जानकारी जब उनके व्यापारी साथियों को पता चली तो इटावा से जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल आलोक दीक्षित के साथ ज्यादातर मुस्लिम समाज के व्यापारीयों ने अस्पताल पहुंचकर कर उनके लिए अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्त दान किया, जिसमें प्रमुख रूप से जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, युवा जिला उपाध्यक्ष शेख नबाब आदि हैं। अपने साथी को रक्तदान करने के लिए और भी व्यापारी साथी तैयार है, आपरेशन के समय यदि और खून की आवश्यकता पड़ेगी तो और भी व्यापारी उनके लिए रक्तदान के लिए तत्पर हैं।

# प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास एवं आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा

**अवधनामा ब्यूरो**



**निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड के प्रगति में लायी जाये तेजी, शिथिलता बरतने पर सम्बन्धित के खिलाफ होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत आवासों का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए तथा पात्र लाभार्थियों के देयकों का भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास योजना के नाम पर कोई बिचौलिया अथवा अन्य व्यक्ति लाभार्थियों से धनराशि की मांग करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को समय से आवास उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देशित किया निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों के द्वारा आवास निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी की जाये और वेतन भुगतान पर रोक लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाये, अन्यथा की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने भी विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, सी0एम0ओ0 डॉ0 पंकज राय, जिला पंचायत राज अधिकारी नामित शरण, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) तथा संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# दिशिता महिला मंडल रेणुसागर की टीम ने 15 रन से जीतकर ट्राफी अपने नाम किया



**अवधनामा संवाददाता**

**अनपरा/सोनभद्र।** हिंडालको रेणुसागर के तत्वावधान में चल रहे वैल्यूज मन्थ कार्यक्रमों की श्रृंखला में यूनिट हेड आर. पी. सिंह के मार्गदर्शन में आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज, रेणुसागर के प्रांगण में देर शाम को हुये कैनवास बाल क्रिकेट मैच में दिशिता महिला मंडल रेणुसागर की टीम ने एक तरफा मुकाबले में रेणुसागर रॉयल्स की टीम को 15 रन से पराजित कर ट्राफी पर कब्जा किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि हिंडालको रेणुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह विशिष्ट अतिथि हेड संचालन मनीष जैन एवं हेड एच आर आशीष पांडेय ने टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। रेणुसागर रॉयल्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बैटिंग करने आई दिशिता महिला मंडल रेणुसागर की टीम ने दिशिता महिला मंडल रेणुसागर की वरिष्ठ सदस्या इंदु सिंह के मार्गदर्शन में कप्तान विभा सिंह के नेतृत्व में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए सुजाता पांडेय ने तीन चौके जड़ कर अपनी टीम के लिये 19 रन का योगदान दिया वही सुप्रिया ने चार चौके की मदद से 18 रन एवं निर्मल के 12 रन की बदौलत निर्धारित 10 ओबर में टीम ने 3 विकेट खोकर 84 रन बनाने का लक्ष्य दिया।वही रेनुसागर रॉयल्स की टीम ने शानदार गेंदबाजी करते हुये सलोनी पाल ,अलका एवं मीना साहू ने अपने टीम के लिये एक-एक विकेट चटकाये। जबाब में उतरी रेणुसागर रॉयल्स की टीम ने कप्तान पूजा कुमारी के नेतृत्व में रोमांचक खेल का प्रदर्शन करते हुये सलोनी पाल ने बेहतरीन बैटिंग करते हुये तीन छक्के एवं 4 चौके की सराहनीय सहयोग से अपने टीम के लिये 36 रन बनायी वही अनन्या पांडेय के दो चौके की योगदान से 13 रन के बदौलत टीम ने निर्धारित 10 ओबर में दो विकेट के पतन पर मात्र 69 रन ही बना पायी।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने आरसीआर मोड से 100वीं पोंड ऐश रेक किया रवाना

**सोनभद्र/विंध्यनगर/अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल ने सतत विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए रेल-कम-रोड (RCR) मोड के माध्यम से पोंड ऐश की 100वीं रेक सफलतापूर्वक प्रेषित की। यह ऐश एनएचएआई (NHAI) (वाराणसी प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन यूनिट ङ्क रांची-वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे परियोजना) के लिए भेजी गई है। इस पहल का शुभारंभ 17 फरवरी 2026 को परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम) एम. सुरेश, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) मृणालिनी सहित ईएमडी, एयूडी, एमजीआर और एचआर विभागों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। उपलब्धि के उपलक्ष्य में संक्षिप्त पूजा-अर्चना भी की गई। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि एनटीपीसी विंध्याचल की सतत ऐश उपयोग और पर्यावरण-अनुकूल लॉजिस्टिक्स में अग्रणी भूमिका को पुनः स्थापित करती है। आरसीआर मॉडल के तहत लंबी दूरी के परिवहन में रेल का अधिकतम उपयोग तथा सड़क पर निर्भरता में कमी से ईंधन की बचत, यातायात दबाव में कमी और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी सुनिश्चित होती है। एंड-टू-एंड आधार पर पोंड ऐश की आपूर्ति राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना कार्यों में की जा रही है, जो देश में सड़क विकास को गति देने के साथ-साथ सर्कुलर इकोनॉमी के सिद्धांतों को भी सशक्त करती है।



# एनटीपीसी रिहंद में दो दिवसीय ग्रामीण खेल सम्मेलन 2025-26 का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत 16 से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित 02 दिवसीय ग्रामीण खेल सम्मेलन का भव्य शुभारंभ 16 फरवरी 2026 को सोनशक्ति स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संजय असाटी, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) द्वारा किया गया।

इस ग्रामीण खेल सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण बच्चों के बीच खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना तथा उनमें आपसी सौहार्द, अनुशासन और टीम भावना का विकास करना है। ग्रामीण खेल सम्मेलन 2026 के अंतर्गत पारंपरिक एवं लोकप्रिय ग्रामीण खेलों की विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें बालक एवं बालिका वर्ग हेतु कबड्डी, खो-खो विभिन्न दौड़ स्पर्धाएँ, लॉन्ग जंप तथा रिले रेस शामिल हैं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि संजय असाटी ने एनटीपीसी रिहंद के सीएसआर के अंतर्गत ऐसे आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस पहल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराया जा रहा है, जहाँ वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रामीण खेल सम्मेलन ग्रामीण युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सिद्ध होगा, जिससे वे अपने हुनर को निखारकर भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल जनसमुदाय के समग्र विकास को बढ़ावा देने हेतु एनटीपीसी रिहंद की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस कार्यक्रम में कुल 23 विद्यालयों के 800 से ज्यादा प्रतिभाशाली खिलाड़ी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं, जिनका उद्देश्य खेल के प्रति अपने कौशल और समर्पण का प्रदर्शन करना है।

ग्रामीण खेल सम्मेलन के मंच के माध्यम से एनटीपीसी रिहंद अपने सीएसआर उद्देश्यों के अनुरूप समग्र विकास को प्रोत्साहित करने तथा खेल के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर संकल्पित है।

# आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण का रोडमैप है बजट

- युवाओं और कौशल विकास को नई दिशा देता बजट 2026-27
- शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को गति देने वाला बजट 2026-27
- नौकरी से आगे बढ़कर युवाओं को उद्यमी बनाने का संकल्पः मंत्री अग्रवाल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधान परिषद में उत्तर प्रदेश के बजट 2026-27 पर चर्चा के दौरान कहा कि यह बजट युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने, कौशल आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और उत्तर प्रदेश को तकनीकी व औद्योगिक रूप से अग्रणी बनाने का संकल्प पत्र है। उन्होंने कहा कि यह बजट शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, कृषि और सामाजिक समावेशन को साथ लेकर चलने वाला समग्र विकास का दस्तावेज है।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की नई परंपरा स्थापित हुई है, जिसमें शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, रोजगार से लेकर उद्योग तक हर क्षेत्र में व्यापक बदलाव दिखाई दे रहा है। उच्च शिक्षण संस्थानों के आधुनिकीकरण, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लर्निंग, रिसर्च व इनोवेशन को प्रोत्साहन देने से युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालयों में इंडस्ट्री लिंकिंग, स्टार्टअप संस्कृति और नवाचार आधारित शिक्षा से युवाओं को डिग्री के साथ दक्षता भी मिल रही है।

उन्होंने बताया कि कौशल विकास विभाग द्वारा आईटीआई, पॉलिटेक्निक और प्रशिक्षण केंद्रों को आधुनिक तकनीकों से लैस किया गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, इलेक्ट्रिक व्हीकल, ड्रोन, एविएशन और 3डी प्रिंटिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण देकर युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण से रोजगार तक सीधा संबंध स्थापित करने के लिए इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट लिंकिंग की प्रभावी व्यवस्था की गई है, जिससे युवा नौकरी चाहने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन सकें।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि डेटा सेंटर पार्क, औद्योगिक निवेश, स्टार्टअप इकोसिस्टम और एमएसएमई को प्रोत्साहन देने वाले प्रावधान आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में मील का पत्थर हैं। किसानों के लिए ऊर्जा व सिंचाई योजनाएं, महिलाओं के लिए रोजगार व भागीदारी के अवसर और बुनियादी ढांचे का विस्तार समावेशी विकास को मजबूत कर रहे हैं। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से लाखों युवाओं को बिना भ्रष्टाचार के रोजगार मिलना सुशासन का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश की आईटीआई और कौशल संस्थान नई तकनीकों से सुसज्जित होकर नवाचार के केंद्र बन रहे हैं। उन्होंने सदन के सदस्यों से अपने-अपने जनपदों में जाकर कौशल संस्थानों का अवलोकन करने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा आत्मनिर्भर होंगे तो उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा और यही आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा।

## नियमों से संचालित होती हैं शैक्षणिक संस्थाएंः योगेन्द्र

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विधानसभा में पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया कि राज्य की प्रत्येक शैक्षणिक संस्था निर्धारित संवैधानिक और वैधानिक नियमों के आधार पर संचालित होती है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय और विश्वविद्यालय दोनों की सेवा संरचना अलग-अलग नियमों से नियंत्रित होती है, इसलिए उनके कर्मचारियों और शिक्षकों की सुविधाओं की सीधी तुलना उचित नहीं है। मंत्री उपाध्याय ने बताया कि राजकीय महाविद्यालयों के शिक्षक राज्य सरकारी सेवकों की श्रेणी में आते हैं, जिनकी नियुक्ति एवं सेवा शर्तें संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत अधिसूचित नियमावलियों से विनियमित होती हैं। वहीं, राज्य विश्वविद्यालय तथा उनसे संबद्ध महाविद्यालयों के कर्मचारी उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 तथा उससे संबंधित परिनियमों के अंतर्गत आते हैं, जिससे दोनों की सेवा शर्तों में स्वाभाविक अंतर रहता है।

## अंग्रेज़ी का पेपर देकर खुश दिखे छात्र, आईसीएसई बोर्ड परीक्षाएँ शुरू



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आईसीएसई बोर्ड की परीक्षाएँ प्रारंभ हो गई हैं। पहले दिन अंग्रेज़ी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राएँ आत्मविश्वास से भरे और प्रसन्न नजर आए। सभी विद्यार्थियों ने अच्छी तैयारी के साथ पूरे कॉन्फिडेंस में परीक्षा में भाग लिया। सेंट फ्रांसिस स्कूल में परीक्षा के उपरांत कक्षा 12वीं के छात्रों में विशेष उत्साह और जोश देखने को मिला। छात्रों का कहना था कि प्रश्नपत्र संतुलित था और सिलेबस के अनुरूप रहा। परीक्षा के बाद छात्रों ने आगे की पढ़ाई और करियर को लेकर चर्चा करते हुए अपने भविष्य की योजनाओं को लेकर गंभीरता जताई। छात्रों ने बताया कि वे आगे के मार्ग को लेकर सजग हैं और अपने करियर को सही दिशा देने के लिए पूरी मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ेंगे।

## 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

- मनी लॉन्ड्रिंग व अन्य गंभीर मामलों में फंसाने की दी थी धमकी

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस ने 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर करीब 90 लाख रुपये की ठगी करने वाले तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने खुद को एटीएस अधिकारी बताकर पीड़ित परिवार को मनी लॉन्ड्रिंग व अन्य गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी दी और भय पैदा कर अलग-अलग खातों में बड़ी रकम ट्रांसफर करा ली। डीसीपी कमलेश दीक्षित के अनुसार, 26 जनवरी 2026 को पीड़ित की पत्नी के मोबाइल पर कॉल कर खुद को एटीएस मुख्यालय का इंस्पेक्टर बताया गया। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज और सुप्रीम कोर्ट के कथित आदेश दिखाकर 'डिजिटल अरेस्ट' का डर बनाया तथा जांच के नाम पर खातों का सत्यापन कराने की बात कहकर 29 जनवरी से 9 फरवरी के बीच करीब 90 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। बाद में अतिरिक्त 11 लाख रुपये की मांग भी की गई। अपराधियों ने अपराध को अंजाम देने के लिए पीड़ित के मोबाइल में सिग्नल एप डाउनलोड कराया था जांच के दौरान पुलिस ने तीन आरोपियों–मयंक श्रीवास्तव (गोरखपुर), इरशाद (गाजियाबाद) और मनीष उर्फ आकाश (दिल्ली)–को गिरफ्तार किया। उनके पास से तीन मोबाइल फोन, आईसीआईसीआई व एचडीएफसी बैंक की चेकबुक और एक डेबिट कार्ड बरामद किया गया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह आर्थिक रूप से कमजोर या कर्जग्रस्त लोगों को कमीशन का लालच देकर उनके बैंक खाते इस्तेमाल करता था। व्हाट्सएप कॉल के जरिए संपर्क कर ओटीपी और बैंकिंग डिटेल हासिल की जाती थी तथा रकम को अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर बांट लिया जाता था। साइबर क्राइम पुलिस ने आमजन से अपील की है कि 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी किसी भी कॉल से न घबराएं।

भारत में ऐसा कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। ठगी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## एक्सप्रेशन्स यूथ फेस्ट-2026 सुन्दर यादों के साथ विदाः प्राचार्य

अवधनामा ब्यूरो



- हर छात्र के अन्दर छिपी हुई कला को निखारने का नाम है एक्सप्रेशन्स यूथ फेस्टः मौलाना यासूब अब्बास

**लखनऊ।** शिया पी. जी. कालेज, लखनऊ में दो दिवसीय 'एक्सप्रेशन्स यूथ फेस्ट-2026' 'कला के माध्यम से अभिव्यक्ति' थीम की सुन्दर यादों के साथ विदा हो गया। कल्चरल कमेटी की समन्वयक प्रो. जरीन ज़ेहरा रिज़वी ने बताया कि विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दो दिवसीय 'एक्सप्रेशन्स यूथ फेस्ट-2026' का आयोजन 'कला के माध्यम से अभिव्यक्ति' थीम के साथ 16 और 17 फरवरी, 2026 को किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय, के.एम.सी. विश्वविद्यालय, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, भातखण्डे संगीत सम विश्वविद्यालय समेत शहर के 19 अन्य शिक्षण संस्थानों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने फोटोग्राफी, फिल्म रिव्यू, डिबेट, स्टोन पेन्टिंग, स्लोगन राइटिंग, रंगोली, कोलाज मेकिंग, सेल्फी कान्टेस्ट, गज़ल, कविता लेखन, पोस्टर मेकिंग, मेंहदी, बैत-बाजी, कार्ड मेंकिंग एवं बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट की जैसी प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने बताया कि विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आठ से अधिक प्रतियोगिताओं में अहम स्थान हासिल किया।

शिया महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने 11 प्रतियोगिताओं में प्रथम, 3 प्रतियोगिताओं में द्वितीय एवं 6 प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान हासिल किया वही लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज के प्रतिभागियों ने 2 प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं 3 प्रतियोगिताओं द्वितीय स्थान हासिल किया। आई.टी.पी.जी. कॉलेज ने 3 प्रतियोगिताओं में द्वितीय व 4 प्रतियोगिताओं में तृतीय एवं 1 प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रकार शिया महाविद्यालय सबसे ज्यादा मेडल प्राप्त कर ओवरऑल विजेता रहा वहीं लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज उप-विजेता रहा।

सेक्रेटरी, मजलिए-ए-उलेमा, मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि महाविद्यालय अपनी स्थापना के समय से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और समय-समय पर खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगितायें, प्रश्नोत्तरी, अतिथि व्याख्यान आदि के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का काम करता रहा है। आज यूथ फेस्ट में बच्चियों ने बड़े पैमाने पर प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर यह सिद्ध कर दिया है कि वे किसी से कम नही हैं, यदि उन्हें अवसर मिले तो वे किसी भी क्षेत्र में तरक्की कर सकती हैं। सै. आमिर अली रजा, ज्वाइंट सेक्रेटरी, बोर्ड आफ ट्रस्टीज ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संस्थान और बच्चो के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

## कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया वर्चुअल प्रतिभाग

**लखनऊ।** मंगलवार को केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार शिवराज सिंह चौहान जी ने जयपुर (राजस्थान) से किसानों के समर्पित एआई साथी भारत विस्तार 2026 का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया। यह नया प्लेटफार्म आधुनिक तकनीक के समन्वय से खेती-किसानी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इस संबंध में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भारत विस्तार प्लेटफार्म देश की खेती को समृद्ध, सशक्त और सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। इसके माध्यम से अब किसानों को अपनी समस्याओं का समाधान केवल एक क्लिक पर प्राप्त हो सकेगा। किसान अब अपने फोन से 155261 डायल कर अपने खेती से जुड़े सभी सवालों के जवाब प्राप्त कर सकते हैं। एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक के प्रयोग से किसानों को स्मार्ट, तेज और सटीक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## वृहद पशु आरोग्य मेला /शिविर का आयोजन 28 फरवरी को

**लखनऊ।** लखनऊ के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. सुरेश कुमार ने आज यहां बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता परक योजनान्तर्गत जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 28 फरवरी, 2026 को प्रातः 08:00 बजे से जनपद लखनऊ के मजरा- गनियार, ग्राम पंचायत-भौंदरी, विकासखण्ड-मोहनलालगंज में पं0 दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेला/शिविर (मण्डल स्तर पर) का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के पशुपालकों को विभाग द्वारा विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध करायी जायेगीं। डा0 सुरेश कुमार ने बताया कि शिविर में रोगी पशुओं का अति विशिष्ट उपचार एवं औषधि वितरण, रोग ग्रस्त पशुओं की अल्ट्रासाउण्ड मशीन द्वारा जांच, पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान एवं बॉझपन समस्या का निवारण, पशुओं की लघु शल्य चिकित्सा, निःशुल्क पशु टीकाकरण, पशुपालकों को पशुओं के पशुधन बीमा की सुविधा तथा पशुपालकों को पशुओं की उन्नत तकनीक की वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी जायेगी।

## दोराहा में चार लेन आरओबी से मालवा क्षेत्र को मिलेगी नई रफ्तारः रवनीत

अवधनामा संवाददाता



- अमृत भारत योजना के तहत पंजाब के 30 स्टेशन होंगे आधुनिक
- दिल्ली-अंबाला तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी, क्षमता में बड़ा इजाफा
- नई रेल लाइनों से पर्यटन, व्यापार और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

**लुधियाना।** लेवल क्रॉसिंग संख्या 164एबी, दोराहा पर चार लेन रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण मालवा क्षेत्र, पंजाब की राजधानी तथा आसपास के जिलों के बीच संपर्क को मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक बुनियादी ढांचा परियोजना साबित होगा। यह बात केंद्रीय राज्य मंत्री (रेलवे एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) रवनीत सिंह बिट्टू ने कही। कार्यक्रम में विनोद भाटिया, मंडल रेल प्रबंधक, अंबाला, राजीव रंजन राजू, चीफ इंजीनियर (रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहें।

मीडिया से बातचीत करते हुए, चार लेन आरओबी का शिलान्यास करने के बाद मंत्री ने बताया कि लगभग 70.55 करोड़ की लागत से बनने वाली यह परियोजना अगले एक वर्ष के भीतर पूर्ण कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि अब इस कार्य को युद्ध स्तर पर शुरू किया जाएगा और इसे जल्द से जल्द आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। पिछले लगभग 12 वर्षों से इस लेवल क्रॉसिंग पर लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, जिससे अब उन्हें राहत मिलेगी।

उन्होंने बताया कि दोराहा का यह लेवल क्रॉसिंग रूपनगर से लुधियाना को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क पर स्थित है, जो पंजाब की राजधानी और पूरे मालवा क्षेत्र के बीच एक अहम कड़ी का काम करती है। मंत्री ने कहा कि प्रतिदिन लगभग 190 ट्रेनें इस क्रॉसिंग से गुजरती हैं और 3,000 से अधिक वाहन यहां से होकर निकलते हैं। रेल यातायात के कारण बार-बार फाटक बंद होने से जाम, लंबा इंतजार और आम यात्रियों, व्यापारियों तथा परिवहनकर्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आरओबी के निर्माण से ये समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

रवनीत सिंह ने इस परियोजना को स्वीकृति देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है। नया चार लेन आरओबी न केवल दैनिक आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि माल एवं सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित कर आर्थिक गतिविधियों को भी गति देगा। पंजाब में चल रहे रेलवे बुनियादी ढांचा विकास कार्यों की जानकारी देते हुए मंत्री ने बताया कि राज्य में 166 स्थानों पर रेलवे ओवर ब्रिज (ROB), रेलवे अंडर ब्रिज (RUB) और लो हाइट सबवे (LHS) के कार्य 1,480.09 करोड़ की लागत से प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में रेलवे अवसंरचना विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं है और सरकार राज्य में रेल नेटवर्क के आधुनिकीकरण एवं विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने आगे बताया कि पंजाब में रेलवे का वार्षिक बजट आवंटन 2009-2014 की अवधि की तुलना में आज लगभग 25 गुना बढ़कर 5,673 करोड़ हो गया है। वर्तमान में राज्य में 26,382 करोड़ के अवसंरचना कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें नई रेल लाइनों का निर्माण, स्टेशनों का पुनर्विकास, सुरक्षा उन्नयन तथा क्षमता विस्तार से जुड़े कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य के 30 रेलवे स्टेशनों का 1,311 करोड़ की लागत से व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मंत्री ने दिल्ली और अंबाला के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन के निर्माण को मंजूरी देने के लिए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया। यह परियोजना अत्यधिक व्यस्त दिल्ली-जम्मू रेल कॉरिडोर को चौड़ा करने की व्यापक योजना का हिस्सा है, जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को उत्तरी राज्यों से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मार्ग है।

Delhi-Ambala खंड देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में से एक है, जहां यात्री और माल यातायात दोनों का भारी दबाव है। तीसरी और चौथी लाइन के निर्माण से लाइन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, परिचालन दक्षता सुधरेगी और भीड़भाड़ में कमी आएगी। 194 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की अनुमानित लागत 5,983 करोड़ है और इसे चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। यह परियोजना हरियाणा के सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और अंबाला जिलों तथा दिल्ली के सेंट्रल, नॉर्थ वेस्ट और नॉर्थ दिल्ली क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। क्षमता वृद्धि से अतिरिक्त यात्री एवं मालगाड़ियों का संचालन संभव होगा, जिससे समयपालन और सेवा की विश्वसनीयता में सुधार आएगा।

## रमजानुल मुबारक में तरावीह का समय व पारे

| मस्जिद का नाम व पता | नमाज का समय | कितने पारे |
|---|---|---|
| जामा मस्जिद ईदगाह | 7.45 बजे | पांच पारे |
| मस्जिद नदवुल उलमा, टैगोर मार्ग | 8:30 बजे | सवा पारे |
| मस्जिद दरगाह शाहमीना शाह | 7.45 बजे | पांच पारे |
| मस्जिद उमर बिल्लौचपुरा | 8.00 बजे | तीन पारे |
| मस्जिद इब्राहिमी बिल्लौचपुरा | 8.00 बजे | ढेड़ पारा |
| मस्जिद कच्चा हाता अमीनाबाद | 8.00 बजे | ढेड़ पारा |
| शाही मस्जिद भवानीगंज | 7.45 बजे | दो पारा |
| मस्जिद फिरदौस हैदरगंज | 7.45 बजे | दो पारा |
| मस्जिद नूर पुरानी सब्जी मंडी चौक | 7.45 बजे | तीन पारा |
| मस्जिद धनियामैरी मौलवीगंज | 8.00 बजे | तीन पारे |
| मस्ज़िद तकिया वाली बिल्लौचपुरा | 7.45 बजे | तीन पारा |
| मस्जिद फूल कटोरा घासमंडी | 8.00 बजे | तीन पारा |
| मस्जिद सुभानिया पाटानाला चौक | 7.45 बजे | दो पारा |
| चांद मस्जिद निशातगंज | 7.45 बजे | पांच पारे |
| मस्जिद निमराह शाहगंज | 8.15 बजे | दो पारे |
| मस्जिद मम्मी जरराह मंसूर नगर | 8.00 बजे | दो पारे |
| मस्जिद रसूली पुल वाली टूरियागंज | 8.15 बजे | तीन पारे |

## एचयूआरएल का राज्य कार्यालय शुरू

- किसानों को बेहतर खाद और तकनीक देने का संकल्प

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड ने अपने राज्य कार्यालय का शुभारंभ कर उत्तर प्रदेश में गतिविधियों के विस्तार की दिशा में अहम कदम उठाया है। उद्घाटन एचयूआरएल के प्रबंध निदेशक डॉ. सिबा प्रसाद मोहंती ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से हुई और परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

डॉ. मोहंती ने कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि एचयूआरएल ने उर्वरक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश करते हुए अब तक करीब 27 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं स्थापित की हैं। इसके तहत गोरखपुर, बरौनी और सिंदरी में अत्याधुनिक यूरिया संयंत्र लगाए गए हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता लगभग 40 लाख टन प्रतिवर्ष है। उन्होंने कहा कि यह पहल देश को यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और आयात पर निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि एचयूआरएल कृषि क्षेत्र में तकनीक के विस्तार को भी बढ़ावा दे रहा है। 'लखपति दीदी' और 'नमो ड्रोन' जैसी पहलों के तहत अब तक 60 महिला ड्रोन पायलट तैयार की जा चुकी हैं, जिनमें से कई महिलाएं सालाना लाखों रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। संगठन का लक्ष्य है कि प्रत्येक गांव में 'ड्रोन दीदी' के माध्यम से आधुनिक कृषि सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

राज्य कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर विक्रेता संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें करीब 190 व्यावसायिक सहयोगियों ने भाग लिया। इस दौरान रणनीतिक चर्चा, बाजार विस्तार और नेटवर्क सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श हुआ। डॉ. मोहंती ने कहा कि संगठन की मजबूती सहयोगात्मक विकास और हितधारकों के सक्रिय जुड़ाव से ही संभव है।

उन्होंने भरोसा जताया कि लखनऊ में राज्य कार्यालय की स्थापना से किसानों तक बेहतर गुणवत्ता की खाद, उन्नत तकनीक और समय पर आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिससे मिट्टी की सेहत सुधरेगी और फसल उत्पादन में वृद्धि होगी।

## निर्धारित स्टॉप पर बस रोकना अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन. सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी बसों का संचालन निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार किया जाए। उन्होंने चालक और परिचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे प्रत्येक निर्धारित स्टॉप पर बस को अनिवार्य रूप से रोकें और यात्रियों को सुरक्षित रूप से उनके गंतव्य तक पहुंचाएं। इससे यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलने के साथ निगम की आय में भी वृद्धि होगी। प्रबंध निदेशक प्रभु एन. सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों ने विभागीय प्रगति, बस संचालन व्यवस्था और यात्री सुविधाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रबंध निदेशक ने जांच व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि जांच स्क्वॉड दल दिन और रात दोनों समय नियमित जांच सुनिश्चित करें।

## अवध कॉलेजिएट के छात्रों ने जे.ई.ई. 2026 में किया कमाल

अवधनामा ब्यूरो





**लखनऊ।** अवध कॉलेजिएट के विद्यार्थियों ने इस वर्ष जे.ई.ई. मेन्स 2026 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच हमारे छात्रों ने अपने परिश्रम, समर्पण और दृढ़ संकल्प से उत्कृष्ट परिणाम उत्साहवर्धक प्राप्त हुए।

**प्रमुख प्रदर्शनकर्ता**- नमन जैन - 97.46 परसेंटाइल, उज्ज्वल कुशवाहा -94.77 परसेंटाइल, अभिषेक मणि त्रिपाठी -94.5 परसेंटाइल 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ जे.ई.ई. 2026 की तैयारी में भी अद्भुत संतुलन और मेहनत का परिचय दिया। सभी विद्यार्थी अपने अगले प्रयास में और बेहतर प्रदर्शन के लिए उत्साहित हैं। प्रबंधक महोदय ने कहा कि प्रबंधतंत्र का सदैव प्रयास रहा है जे.ई.ई. तथा एन.ई.ई.टी. जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विद्यालय स्तर पर जे.ई.ई. तथा एन.ई.ई.टी. की विशेष कक्षाएं आयोजित की जाए इसी सत्र से ये कक्षाएं प्रारंभ की गई जिसके बेहतर परिणाम 2026 में ही प्राप्त हुए है। विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विद्यालय अपने विद्यार्थियों को ये सुविधाएं निशुल्क प्रदान कर रहा है।

प्रबंधक सर्वजीत सिंह ने यह अवगत कराया है कि भविष्य में इन विशेष कक्षाओ का आयोजन और प्रभावशाली ढंग से किया जाएगा जिससे कि अधिकाधिक संख्या में विद्यार्थी जे.ई.ई. तथा एन.ई.ई.टी. जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सके। कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। जे.ई.ई. जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना गर्व की बात है। हमें विश्वास है कि हमारे छात्र भविष्य में भी इसी प्रकार संस्थान और देश का नाम रोशन करेंगे। निदेशिका महोदया जतिंदर वालिया ने कहा अवध कॉलेजिएट सदैव विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा और श्रेष्ठ मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे छात्रों की सफलता यह सिद्ध करती है कि समर्पण और सही दिशा मिलने पर कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। मैं सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ।

अवध कॉलेजिएट की सभी शाखाओं की प्रधानाचार्याओ ने सभी प्रतिभाशाली छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।